* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 191





## छुट्टी की सूचना

मजदूर दिवस के मौके पर बुधवार 01 मई 2024 को आजाद सिपाही कार्यालय में अवकाश रहेगा। इस कारण अगला अंक शुक्रवार 03 मई 2024 को प्रकाशित होगा। – प्रबंधक







## न्यूज रील्स

### मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिक रही : मोदी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र और तेलंगाना के दौरे पर थे। इन चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। मुंबई में प्रधानमंत्री ने कहा कि जो विरोधी भाजपा सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे, वे सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो चला कर तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अब उनकी हालत ऐसी है कि जब उनका झूठ काम नहीं कर रहा ,तो वे मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बेच रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए।

### महालक्ष्मी योजना में हर महीने 8500 मिलेंगे : राहुल

भिंड। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत देशभर की गरीब महिलाओं को लखपति बनायेंगे। हर महीने उनके खाते में 8500 रुपये डाले जायेंगे। छह महीने में 30 लाख सरकारी पद भरे जायेंगे। राहुल गांधी ने भिंड-दतिया लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के पक्ष में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा की। राहुल ने हाथ में संविधान को लेकर कहा कि ये मामूली किताब नहीं है। आजादी के बाद किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है इस किताब के कारण मिला है।

## एनडीए और इंडी के उम्मीदवारों ने किया नामांकन

# ढुल्लू महतो, विद्युत वरण महतो और केएन त्रिपाठी ने भरा पर्चा







- अनुपमा, मनीष और पटेल आज और अन्नपूर्णा और संजय सेठ कल नामंकन दाखिल करेंगे
- पार्टी के नेता नामांकन कार्यक्रम में हो रहे शामिल, एक-दूसरे पर चल रहा प्रहार, प्रत्याशी को जीताने की कर रहे अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/जमशेदपुर/चतरा/रांची।** राज्य में गर्मी चरम पर है। इस भीषम गर्मी में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा, लोकसभा चुनाव की गरमाहट भी बढ़ती जा रही है। एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी हर दिन नमांकन कर रहे हैं। नामांकन से पहले और बाद में जनसभा, रोड-शो आदि कार्यक्रम हो रहे हैं। इसमें दोनों गठबंधन के नेता अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मौजूद रह रहे हैं। मंगलवार को एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मुंडा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत अन्य नेता शामिल हुए। वहीं, इंडी गठबंधन के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, उनके सहयोगी मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता समेत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत अन्य नेता मौजूद थे। दोनों पक्ष के नेताओं ने एक-दूसरे पर प्रहार किया और अपने प्रत्याशी को जीताने की अपील की।

**जमशेदपुर में विद्युत वरण महतो ने किया नामांकनः** जमशेदपुर सीट से हैट्रिक लगाने के लिए सांसद विद्युत वरण महतो ने मंगलवार को नामांकन किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अर्जुन मुंडा भी साथ रहे। इसके बाद जमशेदपुर में आयोजित एक रैली में दोनों मंत्रियों ने विद्युत वरण महतो को जीत दिलाने की अपील की।

**भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने शाही अंदाज में किया नामांकनः** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नामांकन किया। गाजे-बाजे से साथ जुलूस लेकर ढुल्लू महतो नामांकन के लिए आये। उन्होंने चार सेट में नामांकन किया? इस मौके पर सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा एक सेट से प्रस्तावक और अधिवक्ता नरेंद्र त्रिवेदी मौजूद थे।

**चतरा से केएन त्रिपाठी ने किया पर्चा दाखिलः** चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने मंगलवार को पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोगता, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत अन्य नेता शामिल हुए।

## अनुपमा, मनीष और पटेल आज पर्चा दाखिल करेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इसे लेकर उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय परिसर में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। मनीष जायसवाल ने कहा कि नामांकन के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार हजारीबाग के हजारीबाग स्टेडियम ( कर्जन ग्राउंड) परिसर में नामांकन- सह-आशीर्वाद सभा का आयोजन होगा। वहीं, हजारीबाग से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल भी बुधवार को ही नामांकन करेंगे। वह नामांकन के बाद जिला स्कूल परिसर में सभा करेंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। उधर, धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह भी 1 मई को नामांकन दाखिल करेंगी। इस मौके पर इंडी गठबंधन के नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद जनसभा का आयोजन किया जायेगा।

### अन्नपूर्णा और संजय सेठ कल करेंगे नामांकन

कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को गिरिडीह में नामांकन करेंगी। उनके नामांकन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। नामंकन के बाद गिरिडीह के सर्कस मैदान में एक जनसभा का भी आयोजन किया जायेगा। वहीं, रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ भी 2 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। उनके नामांकन कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन के पहले मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा का आयोजन किया गया है। इसमें छह विधानसभा के लगभग 50 हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## जनसभा में नेताओं ने साधा निशाना



2014 से पहले यूपीए गठबंधन की सरकार थी। मनमोहन सिंह पीएम रहे। उस समय दो खबरें अक्सर पढ़ने को मिलती थीं। एक तो यह कि देश की अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता थी। घपले-घोटाले रोज सुनने को मिलते थे। 2014 में प्रचंड बहुमत से मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी। अब देश की अर्थव्यवस्था की गति तेज हुई है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री



झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में भी भाजपा ने 65 पार का नारा दिया था, लेकिन जनता ने 25 सीट पर ही रोक दिया। लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया है, लेकिन 150 सीट भी पार नहीं कर पायेगी। यह चुनाव लोकतंत्र, संविधान को बचाने असैा तानाशाह को रोकने का है। भाजपा सिर्फ झूठ बोल रही है। दस वर्षों तक जनता को ठगने का काम किया है।
-चंपाई सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड



पहले गरीबों का कोई बैंक खाता नहीं होता था। गरीब बैंक की चौखट पर भी पैर नहीं रख सकता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका खाता बैंक में खुलवा कर कट मनी पर अंकुश लगाया। झारखंड में कट मनी ज्यादा चलती थी। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि हम 100 रुपये भेजते हैं, गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता था। आज प्रधानमंत्री 100 रुपये डालते हैं, तो खाते में पूरे के पूरे पैसे आते हैं। 2014 के बाद यह परिवर्तन आया है।
-भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान



इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक वोट से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहने पर सरहद की सुरक्षा मजबूत हुई। आम लोग भय मुक्त होकर जीवन बसर कर रहे हैं। भाजपा की सरकार बनने पर राज्य का विकास होता है। जनता का विकास होता है। इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर लोग अपना विकास करते हैं। परिवार का विकास करते हैं।
-बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

## इंटर का रिजल्ट देने में जैक ने बनाया रिकॉर्ड

# 87.34 फीसदी पास

- साइंस में स्नेहा, आर्ट्स में जीनत, कॉमर्स में प्रतिभा टॉपर
- 93.25 प्रतिशत लड़कियां, 91.45 फीसदी लड़के पास
- तीनों संकाय की टॉपर लड़कियां रांची की
- साइंस में 72.70, वाणिज्य में 90.60, कला में 93.16 % पास
- पहली बार सर्वाधिक 1,49,229 फर्स्ट

राजीव

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक कौंसिल ने इंटरमीडिएट के तीनों संकाय का रिजल्ट एक साथ और निर्धारित समय से एक पखवाड़ा पहले देकर कीर्तिमान बनाया है। इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह ने जारी किया। इसमें ओवरऑल 87.34 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए हैं। वहीं साइंस में उर्सुलाइन स्कूल रांची की स्नेहा, आर्ट्स में गवर्नमेंट हाई स्कूल कांके रांची की जीनत परवीन और कॉमर्स में उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की प्रतिभा साहा ने झारखंड टॉप किया है। ओवर ऑल रिजल्ट की बात करें तो इस बार परीक्षा के लिए आवेदित 344842 परीक्षार्थी थे। इसमें 341304 शामिल हुए। फर्स्ट श्रेणी से 149229, सेकेंड से 141220 और थर्ड श्रेणी से 7662 परीक्षार्थी पास हुए हैं। परीक्षाफल का प्रतिशत 87.34 रहा।

इस परीक्षा में बेटियों ने मैट्रिक के बाद एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। तीनों संकाय में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही राजधानी के छात्रों ने पूरा दमखम दिखाया है। तीनों संकाय की टॉपर रांची की है। कॉमर्स में 90.60 प्रतिशत, कला में 93.16 फीसदी, साइंस में 72.70 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। शिक्षा सचिव के अलावा माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, जैक अध्यक्ष अनिल महतो, सचिव एसडी तिग्गा ने संयुक्त रूप से रिजल्ट और टॉपर की सूची जारी की। सचिव उमाशंकर सिंह ने बताया कि परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने की वजह से रिजल्ट थोड़ा जरूर गिरा है। वैसे तीनों संकाय की बात करें, तो सफलता में बेटियों ने बाजी मारी है। लड़कियां की सफलता का प्रतिशत 93.25 और लड़कों का 91.45 फीसदी रहा है।



### इंटर वोकेशनल में 89.22 प्रतिशत पास

रांची। जैक ने मंगलवार को इंटरमीडिएट वोकेशनल का भी रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें 89.22 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। इस परीक्षा में 508 बच्चों ने फार्म भरा था। इसमें से 492 ने परीक्षा दी। 243 फर्स्ट, 196 सेकेंड डिवीजन से पास हुए हैं।

### संकाय वार रिजल्ट

| आर्ट्स | | वाणिज्य | | साइंस | |
|---|---|---|---|---|---|
| आवेदित परीक्षार्थी | 2,24,502 | आवेदित परीक्षार्थी | 25,907 | आवेदित परीक्षार्थी | 94,433 |
| परीक्षा में शामिल | 2,21,855 | परीक्षा में शामिल | 25,644 | परीक्षा में शामिल | 93,805 |
| प्रथम श्रेणी | 84,304 | प्रथम श्रेणी | 14,260 | प्रथम श्रेणी | 50,665 |
| द्वितीय श्रेणी | 1,15,153 | द्वितीय श्रेणी | 8639 | द्वितीय श्रेणी | 17,429 |
| तृतीय श्रेणी | 7218 | तृतीय श्रेणी | 337 | तृतीय श्रेणी | 107 |
| पास | 10 | पास | 00 | पास | 02 |
| उत्तीर्ण की संख्या | 2,06,685 | उत्तीर्ण की संख्या | 23,235 | उत्तीर्ण की संख्या | 68,203 |
| प्रतिशत | 93.16 | प्रतिशत | 90.60 | प्रतिशत | 72.70 |

### टॉप जिले

कॉमर्स- लातेहार, कोडरमा, सिमडेगा, पाकुड़ और खूंटी
साइंस- कोडरमा, लातेहार, चतरा, जामताड़ा और हजारीबाग
आर्ट्स- सिमडेगा, खूंटी, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग

### बॉटम जिले

कॉमर्स- साहिबगंज, देवघर, चतरा, गुमला, सिंहभूम
साइंस- खूंटी, सिमडेगा, पाकुड़, गुमला, साहेबगंज
आर्ट्स- पलामू, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका

### ओवरऑल इंटर मीटर

| | |
|---|---|
| आवेदित परीक्षार्थी | 3,44,842 |
| परीक्षा में शामिल | 3,41,304 |
| प्रथम श्रेणी | 1,49,229 |
| द्वितीय श्रेणी | 1,41,220 |
| तृतीय श्रेणी | 7662 |
| पास | 12 |
| उत्तीर्ण की संख्या | 2,98,123 |
| प्रतिशत | 87.34 |

### इंटर के संकायवार थ्री टॉपर

| | | |
|---|---|---|
| **साइंस** | | |
| स्नेहा | 491 | उर्सुलाइन स्कूल रांची |
| रीतिका कुमारी | 482 | इंटर साइंस कॉलेज, हजारीबाग |
| पंकज कुमार साहू | 480 | बैजनाथ जालान कॉलेज, सिसई |
| **आर्ट्स** | | |
| जीनत परवीन | 472 | गवर्नेमेंट प्लस-2 कांके, रांची |
| बहमनी धान | 466 | एसएस हाइस्कूल, खूंटी |
| दीपाली कुमारी | 458 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| **कॉमर्स** | | |
| प्रतिभा साहा | 474 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| रिया कुमारी | 472 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| सृष्टि कुमारी | 470 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |






# टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान

- रोहित शर्मा कप्तान और हार्दिक पांड्या उपकप्तान होंगे
- रिंकू बाहर, पंत के साथ सैमसन होंगे दूसरे विकेटकीपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया खेलती दिखेगी। वहीं, हार्दिक पांड्या उपकप्तानी करते दिखेंगे। टीम में दो विकेटकीपर शामिल किये गये हैं। इनमें ऋषभ पंत और संजू सैमसन शामिल हैं। वहीं, केएल राहुल को टीम से बाहर कर दिया है। राहुल पिछले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। टी20 विश्व कप की शुरुआत 1 जून से वेस्टइंडीज-अमेरिका की सह-मेजबानी में हो रही है, जबकि फाइनल 29 जून को खेला जायेगा।

**भारत ने 2007 में जीता था पिछला टी20 विश्व कप :** भारतीय टीम ने पिछला टी20 विश्व कप 2007 में जीता था। यह इस प्रारूप का पहला संस्करण था। 17 साल से भारत इस ट्रॉफी को जीतने के लिए जूझता रहा है। पिछली बार यानी 2022 में भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट से हार गया था। अब रोहित शर्मा की अगुआई में यह 15 खिलाड़ी 17 साल के टी20 विश्व कप ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने उतरेंगे।

**शिवम दुबे को रिंकू पर तरजीह :** भारतीय टीम से तीन बड़े चेहरों को बाहर किया गया है, जो हाल फिलहाल में टीम इंडिया का हिस्सा थे। इनमें केएल राहुल के अलावा रिंकू सिंह और शुभमन गिल शामिल हैं। हालांकि, बीसीसीआइ ने रिंकू और शुभमन को ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा है। रिंकू पर शिवम दुबे को तरजीह दी गयी है।

### टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले का गवाह बनेगा लोहरदगा

## ■ बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा इस बार 'बल्लेबाज' साथ मैदान में डटे

## ■ भाजपा के समीर उरांव से अधिक कांग्रेस के सुखदेव भगत की बढ़ी टेंशन

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड ही नहीं, देश के छोटे संसदीय क्षेत्रों में शुमार लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की परंपरा कायम रहेगी। बिशुनपुर से झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने नाम वापस लेने से इनकार कर दिया है और इस तरह वह बागी उम्मीदवार के रूप में 'बल्लेबाज' चुनाव चिह्न के साथ मैदान में डटे हुए हैं। उनके मैदान में होने के बाद अब इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। झामुमो की ओर से चमरा लिंडा को मनाने की भरपूर कोशिश की गयी, लेकिन वह किसी भी सूरत में पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। झामुमो ने उन्हें चेताया भी और समझाया भी, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। चमरा लिंडा के मैदान में उतरने से लोहरदगा में चुनाव दिलचस्प हो गया है। कांग्रेस और भाजपा की ओर से अपने-अपने दावे किये जा रहे है। कांग्रेस का मानना है कि चमरा लिंडा के चुनाव में उतरने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि उनके विधानसभा क्षेत्र बिशुनपुर में भाजपा को पिछले चुनाव में ज्यादा वोट मिला था। इसलिए उनके चुनाव में उतरने से उनको भाजपा के हिस्से का वोट मिलेगा, गठबंधन का वोट एकजुट है। दूसरी तरफ भाजपा का दावा है कि चमरा के मैदान में उतरने से गठबंधन को नुकसान होगा और इससे उसके प्रत्याशी समीर उरांव की राह और आसान हो जायेगी। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद हुए हर चुनाव में लोहरदगा संसदीय सीट से चमरा लिंडा चुनाव मैदान में उतरते रहे हैं और हर बार वह कांग्रेस और भाजपा के लिए सिरदर्द बढ़ाते रहे। 2009 के चुनाव में तो वह महज 8223 वोटों के अंतर से हार गये थे। उन्होंने कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव को तीसरे स्थान पर धकेल दिया था। 2019 के चुनाव में भी चमरा लिंडा ने कांग्रेस की जीत को रोक दिया था। इस बार वह क्या करते हैं और उनके मैदान में डटे रहने से लोहरदगा का चुनाव कितना रोमांचक हो गया है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

आदिवासियों के लिए सुरक्षित लोहरदगा लोकसभा सीट पर इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की परंपरा कायम रहेगी। बिशुनपुर से झामुमो विधायक चमरा लिंडा के निर्दलीय के रूप में मैदान में डटे रहने के बाद यहां भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के सुखदेव भगत के साथ उनका मुकाबला तय हो गया है। चमरा लिंडा को 'बल्लेबाज' चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है, तो अब यह चर्चा आम है कि लगातार पांचवीं बार संसदीय चुनाव में उतरे चमरा लिंडा इस बार जरूर करारा शॉट लगायेंगे।

### 2004, 2009 और 2014 में त्रिकोणीय मुकाबला हुआ

लोहरदगा लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में भी त्रिकोणीय मुकाबला हुआ था और इस बार भी ऐसा ही होगा। चमरा लिंडा ने पार्टी नेतृत्व की बात को अनसुना कर दिया है। पार्टी ने उन्हें समझाने की पूरी कोशिश की, स्टार प्रचारक भी बनाया, लेकिन चमरा नहीं माने। इसके बाद उन्हें चेतावनी भी दी गयी, लेकिन वह डटे रहे। इस तरह उन्होंने लोहरदगा के मुकाबले को रोमांचक बना दिया है। अब झामुमो के सामने यह चुनौती भी है कि विधानसभा में उनकी सदस्यता को लेकर वह क्या कदम उठायेगी। उनकी सदस्यता खत्म करने के लिए वह विधानसभा अध्यक्ष से सिफारिश करेगी या इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल देगी।

### कांग्रेस का खेल बिगाड़ेंगे चमरा लिंडा

चमरा लिंडा इस क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनका अपना वोट बैंक है। यदि वह लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को होगा। अब कांग्रेस को झामुमो नेतृत्व के रुख का इंतजार है। यदि वह चमरा लिंडा को रोक नहीं सका, तो फिर लोहरदगा में मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा। लोहरदगा लोकसभा सीट पर चमरा लिंडा के दावा करने के पीछे एक वजह भी है। इस क्षेत्र में वह एक मजबूत नेता के रूप में जाने जाते हैं। वह साइलेंट वर्कर हैं। वह अन्य नेताओं की तरह ढिंढोरा नहीं पीटते। आदिवासी युवाओं में उनका गजब का क्रेज है। तीन लोकसभा चुनाव का परिणाम तो कुछ ऐसा ही कहता है। चमरा लिंडा के मैदान में होने का नुकसान कांग्रेस को ही उठाना होगा, क्योंकि वह झामुमो के विधायक हैं। हालांकि कांग्रेस का कहना है कि चमरा लिंडा भाजपा का ही नुकसान करेंगे, क्योंकि दोनों का जनाधार एक है। इसके अलावा पिछले संसदीय चुनाव में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से ही भाजपा को बढ़त हासिल हुई थी, जो चमरा लिंडा का चुनाव क्षेत्र है।




### क्या कहते हैं चुनावी आंकड़े

चुनावी आंकड़ों पर गौर करें, तो साल 2004 के चुनाव से लेकर साल 2014 तक के चुनाव में चमरा लिंडा ने लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी थी। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद साल 2004 में हुए पहले संसदीय चुनाव में चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे। वह चुनाव कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव ने जीता था। उस चुनाव में उन्हें 223920 वोट मिले थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के दुखा भगत को 133665 वोट से संतोष करना पड़ा था। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने 58947 वोट लाकर सबको हैरान कर दिया था। वर्ष 2009 के चुनाव में फिर एक बार चमरा लिंडा चुनाव मैदान में थे। उस बार भी वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। उस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत चुनाव जीत गये थे। सुदर्शन भगत को इस चुनाव में 144628 वोट मिले थे। निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा को 136345 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहने वाले कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव को 129622 वोट मिले थे। साल 2014 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत चुनाव जीते थे। उस चुनाव में उन्हें 226666 वोट मिले थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले कांग्रेस के रामेश्वर उरांव को 220177 वोट मिले थे। वहीं, तीसरे स्थान पर रहने वाले ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी रहे चमरा लिंडा को 118355 वोट मिले थे। इसलिए कहा जा रहा है कि कई चुनाव में बड़े राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के पसीने छुड़ा चुके चमरा लिंडा के इस बार चुनाव मैदान में उतरने की स्थिति में भाजपा-कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं होगी।

### भाजपा भी हुई सतर्क

चमरा लिंडा के मैदान में डटे रहने से भाजपा भी सतर्क हो गयी है और अपना राजनीतिक समीकरण साधने में जुट गयी है। वास्तव में चमरा लिंडा ने लोहरदगा के चुनावी गणित को प्रभावित कर दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में हार-जीत का अंतर बहुत कम रहा था। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव जहां अपनी संगठनात्मक क्षमता और सादगी भरी छवि को भुनाने में लगे हुए हैं, वहीं भाजपा के रणनीतिकार अपने वोटरों को सुरक्षित कर रहे हैं।

### क्या कहती है कांग्रेस

चमरा लिंडा के निर्दलीय के रूप में मैदान में डटे रहने पर कांग्रेस ने कहा है कि यह सहयोगी दल का मामला है और अनुशासनहीनता हुई है। झामुमो इस पर जरूर कार्रवाई करेगा। सुखदेव भगत के नामांकन में कांग्रेस के प्रभारी मीर ने चेताया भी था। उस समय मंच पर सीएम चंपाई सोरेन भी थे और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की भी। उन्होंने बंधु तिर्की की तरफ इशारा करते हुए यहां तक कह दिया था कि आपकी बेटी भी मांडर से विधायक हैं। उनके कहने का आशय यह था कि सभी लोग सुखदेव भगत के लिए इमानदारी से काम करें। कांग्रेस कालाकमान तक जरूर यह सूचना थी कि बंधु तिर्की, रामेश्वर उरांव और सुखदेव भगत के बीच सौहार्द्रपूर्ण रिश्ता नहीं है। वैसे यह चुनाव चेहरे पर नहीं, मुद्दे पर है। चमरा लिंडा के चुनाव लड़ने से कांग्रेस के उम्मीदवार पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। वह झामुमो से विधायक हैं और दोनों दलों का स्वाभाविक गठबंधन है। ऐसे में झामुमो अपने विधायक पर जरूर कार्रवाई करेगी।

### झामुमो ने क्या कहा

उधर झामुमो का कहना है कि पार्टी नेतृत्व सभी स्थिति-परिस्थिति से अवगत हो रहा है और जल्द ही इस विषय पर बैठक कर उचित निर्णय लिया जायेगा। पार्टी का कहना है कि झामुमो इंडी गठबंधन का हिस्सा है और वह लोहरदगा में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश करेगा। चमरा लिंडा पर कार्रवाई करने को लेकर झामुमो के सामने ऊहापोह की स्थिति आयेगी।

चमरा लिंडा अकेले नहीं हैं, जो झामुमो से बगावत कर महागठबंधन उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। राजमहल से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम और कोडरमा से झामुमो नेता जयप्रकाश वर्मा तथा खूंटी से झामुमो के पूर्व विधायक और नेता बसंत लोंगा चुनावी मैदान में हैं। झामुमो को इन चारों नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी। कार्रवाई तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम ने झामुमो को परेशानी में डाल दिया है।

---

# इडी के अधिकारी ने आवाज बंद रखने की दी थी नसीहत, जेल जाने के बाद भी बोलता रहूंगा: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में एक साल से अधिक समय से इडी की कार्रवाई चल रही है। राज्य के तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले का आरोप है। उसके बाद 31 जनवरी से जेल में बंद हैं, तो वहीं जेएमएम के नेता अंतु तिर्की को भी पूर्व सीएम से जुड़े जमीन मामले में इडी ने गिरफ़्तार किया और रिमांड पर लेकर हुई पूछताछ में कई चौंकनेवाले नाम सामने आये हैं। इसमें सबसे पहला नाम पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य का आ रहा है। इस पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ही इशारा किया था कि अब मैं टारगेट में हूं। मुझे कुछ दिन पहले ही इडी के एक अधिकारी ने अपनी आवाज बंद रखने का निर्देश दिया था। मैं एक राजनीतिक व्यक्ति हूं और कई विषयों को लेकर कॉल आते हैं। इसको लेकर मैं बात करता हूं। इसमें ट्रांस्फर के साथ कई अन्य कार्यों को लेकर कॉल होते हैं। जिस चैट को लेकर बात की जा रही है, क्या उस व्यक्ति का ट्रांसफर 2022 में उस पद पर हुआ।



### वायरल चैट की क्या है सत्यता

जो चैट वायरल किया जा रहा, वह कोर्ट से बाहर कैसे आया। क्या वह प्रमाणित कॉपी है। या सिर्फ मुझे बदनाम करने के लिए पब्लिक डोमेन में वायरल किया जा रहा है। बहुत होगा तो क्या होगा अपने नेता का साथ निभाने के लिए होटवार जेल में जाना होगा। अच्छा रहेगा, बिना होटवार गये आवाज शांत नहीं होगी। जेल जाने के बाद भी हमारी आवाज बंद नहीं होगी। जेल में रह कर प्रेस विज्ञप्ति लिखूंगा और जेल अधीक्षक की मुहर लगवा कर भेजता रहूंगा। पीएम के दौरे से पहले ही हमें इडी बुलायेगी। मैं पूरी तैयारी से जाऊंगा, अपना लगेज तक लेकर जाऊंगा। मैं अपना जमीर नहीं बेच सकता हूं। अपने लोगों को कभी भी व्यक्तिगत लाभ के लिए बदनाम नहीं कर सकता हूं। हमें जितना परेशान करना है, कर सकते हैं। हम परेशान होने वाले नहीं हैं।

### खूंटी सांसद के संरक्षण में चल रहा जमीन का काला कारोबार: जेएमएम विधायक

**विधायक विकास मुंडा ने कहा कि बीजेपी का दोहरा चरित्र सबके सामने आ गया है। खूंटी में चल रहे जमीन के कारोबार में पीछे से अर्जुन मुंडा का हाथ है। और खूंटी के सांसद गांव-गांव नहीं जा सकते हैं। क्योंकि लोगों के प्रश्न तैयार हैं, जिसका जवाब अर्जुन मुंडा नहीं दे सकते हैं। इतनी बड़ी जमीन को हड़पने की तैयारी की जा रही है, जबकि खुंटकटी जमीन की बिक्री नहीं की जा सकती है।**

**खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा पर जेएमएम का बड़ा आरोप, 1400 एकड़ खुंटकटी जमीन हड़पने की तैयारी :** लोकसभा चुनाव में बयानबाजी का दौर जारी है। जेएमएम ने खूंटी सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर आदिवासियों की 1400 एकड़ जमीन हथियाने का आरोप लगाया है। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में जब चुनाव की घोषणा हुई, तब बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने राजा पीटर से समर्थन मांगा। राजा पीटर हत्या के आरोप में सजायाफ्ता हैं। उसी मामले में कुंदन पहन भी सजायाफ्ता हैं। उनसे क्यों नहीं समर्थन मांगा जा रहा है। ऐसे लोग बीजेपी का चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जनजातीय के संबंध में अपना काम अर्जुन मुंडा ने कर लिया, लेकिन आम लोगों का क्या हुआ। ऐसे लोगों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है। खूंटी साधारण इलाका नहीं है। बिरसा मुंडा की धरती है। 1400 एकड़ खुंटकटी नेचर की जमीन बीजेपी के नेताओं ने हथिया ली है।

---

# धोनी के घर आनेवाला है नया मेहमान, साक्षी धोनी का पोस्ट वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महेंद्र सिंह धोनी हमेशा चर्चा के केंद्र में रहते हैं। थाला के नाम से प्रसिद्ध धोनी मैदान पर जितने फेमस हैं, मैदान के बाहर भी उतने ही लोकप्रिय हैं। धोनी की पत्नी साक्षी भी साये की तरह उनके साथ रहती हैं। सोमवार रात को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गये आइपीएल 2024 के मैच के दौरान साक्षी का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गया। उनके इस इंस्टा स्टोरी से कयास लगाये जा रहे हैं कि धोनी के घर अब एक नन्हा मेहमान आने वाला है। धोनी की पत्नी साक्षी ने ये पोस्ट



किसे लेकर किया है, इस बात का पता तो अभी नही चल सका है। साक्षी के साथ मैच देखने के लिए नेता प्रफुल्ल पटेल की बेटी पूर्णा पटेल भी पहुंची थीं।साक्षी धोनी ने इंस्टा पर लिखा कि वह बुआ बननेवाली हैं। वह आगे कहती हैं कि मैच को जल्द ही खत्म करो। साक्षी धोनी का ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उन्होंने लिखा कि प्लीज आज मैच को थोड़ा जल्दी खत्म कर दो चेन्नई। बेबी आनेवाला है और ये होनेवाली बुआ की विनती है। उन्होंने मैच के खत्म होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को हैदराबाद के खिलाफ मिली शानदार जीत की बधाई भी दी।

---

## सुप्रियो और अंतु तिर्की के बीच चैट पर प्रतुल का सवाल

# सीएम बतायें-जमीन दलालों का उनकी पार्टी और सरकार के बीच कौन-सा रिश्ता है?

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में झारखंड मुक्ति मोर्चा पर हमला बोला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का हाथ जमीन दलालों के साथ है। पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेज ने स्पष्ट कर दिया है कि झामुमो नेता अंतु तिर्की, सद्दाम हुसैन, अफसर अली समेत तमाम लोगों ने यह स्वीकार किया है कि हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात को उन्हीं लोगों ने तैयार किया था। इन अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर पोस्टिंग और जमीन के फर्जीवाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जमीन लूट घोटाला अरबों रुपये का हो सकता है। झारखंड की ऐसी स्थिति हो गयी है कि देख कर लगता है कि हर शाख पर भ्रष्टाचार बैठा है, अंजामे झारखंड क्या होगा? प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक एवं तारिक इमरान भी उपस्थित थे।



### सुप्रियो और अंतु के बीच चैटिंग

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और अंतु तिर्की के बीच के व्हाट्सएप चैट से बहुत चौंकानेवाले तथ्य सामने आये हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतु तिर्की जो जमीन के गोरखधंधे में लिप्त थे, वह सुप्रियो भट्टाचार्य से डीसीएलआर, खूंटी के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की पैरवी कर रहे थे। दलालों को यह भी पता था कि फाइल सीएम हाउस तक पहुंच गयी है। सीएम हाउस के भीतर की बातें कैसे लीक हो गयीं और सुप्रियो भट्टाचार्य ने अंतु तिर्की के द्वारा इस बात को बताने पर एफआइआर क्यों नहीं किया, यह गंभीर सवाल है। क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट और गोपनीयता का उल्लंघन नहीं है? प्रतुल शाहदेव ने कहा कि दस्तावेज से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतु तिर्की अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग कराता था। झारखंड मुक्ति मोर्चा को महिला मोर्चा, युवा मोर्चा की तर्ज पर एक ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा भी खोल लेना चाहिए। जमीन के गोरखधंधे से जुड़े दलाल तक फाइल की जानकारी पहुंचना दिखाता है कि या तो सीएमओ भी मिला हुआ था या फिर इन दलालों की सीएमओ तक पकड़ थी। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सुप्रियो भट्टाचार्य ने गलतबयानी करके हेमंत सोरेन का कई बार बचाव किया। नवीनतम बचाव यह था कि जब हेमंत सोरेन के दिल्लीवाले घर से 36 लाख रुपये बरामद किये गये थे, उस समय सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि यह पैसा इडी ने प्लांट किया है। बाद में हेमंत सोरेन ने उच्च न्यायालय में अपनी याचिका में स्पष्ट किया कि पैसा उन्हें पार्टी फंड से माता-पिता के इलाज के लिए मिला था। अब आज सुप्रियो भट्टाचार्य को गलत बयानियों का दौर छोड़ कर सच्चाई बतानी चाहिए। प्रतुल शाहदेव ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से जानना चाहा कि उनकी सरकार, पार्टी और जमीन दलाल और ट्रांसफर पोस्टिंग के रैकेट में लगे लोगों के बीच का रिश्ता क्या कहलाता है?

# तीसरा चरण : 1352 उम्मीदवार में 392 करोड़पति, 18 फीसदी पर आपराधिक केस

**सलोनी**

**जानकारी**




एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में खड़े उम्मीदवारों को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार, इस चरण में कुल 1352 उम्मीदवारों में से सिर्फ नौ फीसदी महिलाएं (123) हैं, जबकि 18 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जायेंगे। एडीआर और द नेशनल इलेक्शन वाच के विश्लेषण के अनुसार, तीसरे चरण में मैदान में उतरे उम्मीदवारों में सात ने पूर्व में खुद को दोषी करार दिए जाने की भी जानकारी दी है। आपराधिक रिकॉर्ड वाले 244 उम्मीदवारों में से पांच पर हत्या से जुड़े आरोप हैं जबकि 24 पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं। इसके अलावा 38 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध में शामिल रहने और 17 पर नफरत फैलाने वाले भाषण देने के मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कुल 1352 प्रत्याशियों के चुनावी शपथपत्रों पर आधारित विश्लेषण के जरिये उनके आपराधिक कृत्यों में शामिल रहने और धन जुटाने की प्रवृत्ति का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख राजनीतिक दलों में आपराधिक मामलों की व्यापकता में भी काफी भिन्नता है। भाजपा, कांग्रेस और सपा जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की संख्या में काफी भिन्नता है।

### 392 उम्मीदवार करोड़पति

**रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 29 प्रतिशत यानी 392 उम्मीदवार करोड़पति हैं और प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 5.66 करोड़ रुपये है। घोषित संपत्ति के मामले में शीर्ष तीन उम्मीदवारों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है, जिसमें सबसे अधिक घोषित संपत्ति 1,361 करोड़ से अधिक की है।**

# बंगाल को हिंदू विहीन करने की हो रही साजिश : योगी

**बंगाल के चुनावी रण में उतरे यूपी के सीएम ने ममता सरकार पर बोला करारा हमला**

**कहा- यूपी में दंगाइयों को उल्टा लटका देता, सात पीढ़ियां याद करतीं**

**निशाना**



**संदेशखाली पर बोले- यूपी में अपराधियों की सात पीढ़ियां ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर पातीं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व भाजपा के फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को बंगाल के रण में उतरकर ममता बनर्जी सरकार व तृणमूल पर जोरदार हमला बोला। मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में योगी ने कहा कि बंगाल को हिंदू विहीन करने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल ने भारत को राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत दिया। दुनिया के मंच पर स्वामी विवेकानंद ने संदेश दिया था कि गर्व से कहो, हम हिंदू हैं। उस बंगाल को आज हिंदू विहीन करने की साजिश का शिकार बनाया जा रहा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस और तृणमूल बंगाल में दो प्रकार की साजिश कर रही है। पहला यह कि आपके डेमोग्राफी को कम करने और घुसपैठिए को बंगाल में घुसाकर सुनियोजित साजिश के तहत आपकी संख्या को कम करने का प्रयास हो रहा है। दूसरा यह कि कांग्रेस और तृणमूल का इंडी गठबंधन दिल्ली में मिलकर साजिश करना चाहता है।

योगी ने कहा कि दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो सुविधाएं आपके लिए भेजते हैं, तृणमूल के लोग माफिया और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण देकर उसमें डकैती डालने का काम करते हैं। बंगाल में तृणमूल सरकार गरीबों की योजनाओं को लागू नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि बंगाल भारत की सभ्यता और संस्कृति को नयी दिशा देता था, जिसने भारत को नवजागरण का मार्ग दिखाया था, वह बंगाल आज लहुलूहान व दिशाहीन है। जिस बंगाल ने देश को राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान दिया था, वहां आज रोने और कराहने की चीत्कार और पुकार सुनाई दे रही है। बंगाल में संदेशखाली जैसी घटनाएं हो रही हैं। जिस बंगाल ने वंदे मातरम का गीत दिया था, उसे दंगों की आग में झोंकने का प्रयास हो रहा है। बंगाल साजिश का शिकार हो चुका है। कांग्रेस और तृणमूल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी हो या नवरात्रि, यूपी में दंगा नहीं होता। बंगाल सरकार बताए आखिरकार रामनवमी के अवसर पर यहां दंगे क्यों हुए? बंगाल सरकार ने दंगाइयों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की?

**'यूपी अपनी सभी 80 लोकसभा सीटें पीएम को उपहार में देगा :** योगी ने कहा कि अबतक दो चरणों में 191 सीट पर हुए चुनाव से संकेत मिलता है कि नरेन्द्र मोदी सरकार को एक और कार्यकाल मिलेगा और भाजपा नीत राजग को 400 सीट मिलेंगी। उन्होंने दावा किया कि यूपी पीएम मोदी को राज्य की सभी 80 सीट बतौर उपहार में भेंट देगा।

इसी तरह संदेशखाली में महिलाओं से यौन शोषण व अत्याचार की घटना को लेकर योगी ने ममता को घेरा। उन्होंने कहा कि अगर रामनवमी पर दंगे और संदेशखाली जैसी घटनाएं उत्तर प्रदेश में होतीं तो मैं उन्हें उल्टा लटकाकर ठीक कर देता। दंगाई व अपराधियों को ऐसा सबक सिखाता कि उनकी अगली सात पीढियां ऐसा कुछ करने के बारे में सोचने की हिम्मत नहीं कर पातीं। यूपी में सभी बड़े माफिया या तो राज्य छोड़ चुके हैं या उन्हें जहन्नुम में भेज दिया गया है। यूपी में सात साल में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने आश्वासन दिया कि संदेशखाली में हुए अपराध और रामनवमी उत्सव के दौरान हुई झड़पों के जिम्मेदार लोगों को भाजपा कानून के दायरे में लाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर यहां के माफियाओं की भी सारी सपंत्ति जब्त कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं बिना किसी भेदभाव के विकास की गारंटी देने आया हूं। योगी ने बहरमपुर के अलावा बीरभूम के बोलपुर और पश्चिम बर्द्धमान जिले के आसनसोल में भी जनसभा को संबोधित किया।

# चुनावी सभाओं में मां सुषमा स्वराज का जिक्र करना नहीं भूलतीं बांसुरी

**राजवीर**

**चर्चित चेहरा**



दिल्ली की सियासत में भाजपा के भविष्य के तौर पर उभरने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेत्री रही स्वर्गीय सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज नयी दिल्ली लोकसभा सीट से भगवा पार्टी की उम्मीदवार हैं। वह लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। नयी दिल्ली लोकसभा सीट को लेकर जहां भी बांसुरी स्वराज प्रचार के लिए जाती हैं, अपनी दिवंगत मां पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का जिक्र करना कभी नहीं भूलती। बांसुरी साफ तौर पर कहती हैं कि मैं सुषमा स्वराज के संस्कारों का प्रतीक हूं। मैं आपको कभी निराश नहीं करूंगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बहुत सारे लोगों को बांसुरी में सुषमा स्वराज की एक छवि नजर जरूर आती है। हालांकि, बांसुरी यह भी कहती हैं कि वह शुरू से राजनीति में नहीं आना चाहती थी। मां के साथ इस पर कभी भी बातचीत नहीं हुई। लेकिन परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी कि मैं राजनीति में आ गयी। बांसुरी ने भाजपा की दो बार की नयी दिल्ली सांसद मीनाक्षी लेखी की जगह ली। 2019 के चुनावों में, लेखी ने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान किए गए 9.19 लाख वोटों में से लगभग 55% वोट हासिल की थी और उन्हें जबरदस्त जीत मिली थी। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के ब्रिजेश गोयल को हराया था। नयी दिल्ली लोकसभा सीट में मालवीय नगर, ग्रेटर कैलाश, पटेल नगर, मोती नगर, करोल बाग और आर के पुरम जैसे क्षेत्र शामिल हैं। दरअसल, नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के कुछ हिस्से पहले दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट में शामिल थे, जहां से सुषमा स्वराज ने 1996 में जीत हासिल की थी। यह बांसुरी स्वराज के लिए सुखद संयोग भी है। दिल्ली में 25 मई को वोट हैं। बांसुरी का अभियान दिन जल्दी शुरू होता है। वह शाम तक कई रोड शो करती हैं। सब्जी मंडियों और चौपालों से लेकर धोबी घाटों और बस्तियों तक, वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में छोटी बैठकों को संबोधित करती हैं। राजनीति में अपने प्रवेश और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ता से अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, बांसुरी ने बताया कि हालांकि मैं एक भाजपा कार्यकर्ता रही हूं, लेकिन मैंने अचानक राजनीति में शामिल होने का फैसला किया। मैं एक वकील के रूप में एक दशक से अधिक समय से पार्टी की सेवा कर रही थी; फिर मुझे पार्टी की दिल्ली इकाई से फोन आया कि वे कानूनी सेल का विस्तार कर रहे हैं और पूछा कि क्या मैं इसमें नेतृत्व की भूमिका निभाना चाहूंगी। बाद में मुझे दिल्ली बीजेपी में सचिव बनने की जिम्मेदारी दी गयी। उन्होंने कहा कि 2 मार्च को, जब मैं अपने पिता के साथ टेलीविजन देख रही थी, मुझे अचानक पता चला कि पार्टी ने मुझे (नयी दिल्ली) उम्मीदवार के रूप में एक नयी जिम्मेदारी सौंपी है। वह अपने सार्वजनिक भाषणों में मोदी सरकार की योजनाओं का जिक्र करती हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार की कुछ बहुत महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिन्हें माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लागू नहीं होने देते हैं। उदाहरण के लिए, आयुष्मान भारत योजना, जो 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज देती है, दिल्ली में लागू नहीं की जा सकती, क्योंकि वह इसकी अनुमति नहीं देते हैं। एक चीज जो मैं सुनिश्चित करना चाहूंगी वह यह है कि मोदी प्रशासन की ये सभी योजनाएं लागू की जाएं। एक सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने फिर से अपनी दिवंगत मां का जिक्र किया। अपना परिचय 'दिल्ली की कुड़ी' के रूप में देते हुए उन्होंने कहा, मैंने पिछले जन्म बहुत अच्छे कर्म किये होंगे, तभी मुझे स्वराज कौशल और सुषमा स्वराज के रूप में माता, पिता मिले। बांसुरी ने कहा कि उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा भले ही विदेश में हासिल की है, लेकिन उनका दिल हिंदुस्तानी है। वह बार-बार लोगों से कहती हैं कि आज मैं सिर्फ आपके वोट का आशीर्वाद मांगने नहीं आयी हूं। मैं आपके वोट के साथ-साथ आपके प्रभाव की ताकत, आपके प्रसार की ताकत भी मांगना चाहती हूं... यह किसी राजनीतिक स्वार्थ या सत्ता की चाहत के कारण नहीं है। यह हमारे लिए नहीं, बल्कि इस युग के व्यक्ति के लिए है, जिसका नाम नरेंद्र मोदी है।

# बीजेपी, जेडीयू सांसदों के खिलाफ आरजेडी गठबंधन के नये प्रत्याशी करेंगे कमाल!

**बिहार का सवाल**



**प्रशांत**

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में बीजेपी और जेडीयू के सांसदों को चार लोकसभा सीटों पर आरजेडी गठबंधन के नए लड़ाके चुनौती दे रहे हैं। तीसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है, जिनमें से चार पर मौजूदा सांसद मैदान में हैं। ये सभी एनडीए के उम्मीदवार हैं। इनके सामने इंडिया गठबंधन ने नए चेहरों को मैदान में उतारा है, जो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मधेपुरा, झंझारपुर, अररिया, सुपौल और खगड़िया सीट पर 7 मई को मतदान होना है। इसमें से सिर्फ खगड़िया से एनडीए ने नए कैंडिडेट लोजपा रामविलास के राजेश वर्मा को मौका दिया है। इनके खिलाफ सीपीएम ने संजय कुमार को उतारा है। संजय का भी यह पहला लोकसभा चुनाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया से लोजपा के महबूब अली कैसर ने यहां से जीत दर्ज की थी। मगर चाचा-भतीजे की लड़ाई में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी में चली गयी। लोजपा में टूट के बाद महबूब अली कैसर चाचा पशुपति पारस के साथ रहे, इस वजह से उन्हें दोबारा टिकट नहीं मिल पाया। यादव बाहुल्य मधेपुरा लोकसभा सीट से जेडीयू ने जहां मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जताया, वहीं आरजेडी ने प्रोफेसर चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। दिनेश चंद्र चार बार सांसद रह चुके हैं और मधेपुरा से मौजूदा एमपी हैं, उनका मुख्य मुकाबला पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे चंद्रदीप से है। झंझारपुर सीट की बात करें तो यहां पर जेडीयू ने मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को दोबारा टिकट दिया है। महागठबंधन में यह सीट वीआईपी के खाते में गई, मुकेश सहनी की पार्टी ने यहां से सुमन महासेठ को टिकट दिया है। सुमन पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, पिछली बार आरजेडी से लोकसभा चुनाव लड़ चुके गुलाब यादव भी बसपा के टिकट पर यहां से ताल ठोक रहे हैं। ऐसे में उन्होंने महागठबंधन की परेशानी बढ़ा दी है। सीमांचल की अररिया लोकसभा सीट पर बीजेपी ने मौजूदा सांसद प्रदीप सिंह को फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके खिलाफ आरजेडी ने शाहनवाज आलम को टिकट दिया है। शाहनवाज वैसे तो मंत्री रह चुके हैं, लेकिन लोकसभा के चुनावी मैदान में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। इसी तरह सुपौल लोकसभा सीट पर जेडीयू ने मौजूदा सांसद दिलेश्वर कामत को फिर से मैदान में उतारा है। आरजेडी ने उनके खिलाफ चंद्रहास चौपाल को उतारा है, जो पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। देखा जाए तो एनडीए के प्रमुख दल जेडीयू और बीजेपी ने अधिकतर सीटों पर अपने पुराने नेताओं पर भरोसा जताया। मगर महागठबंधन ने इस बार नए चेहरों पर दांव लगाया है। इसका कारण यह भी है कि महागठबंधन में शामिल घटक दलों के बीच इस चुनाव में सीटों की अदला-बदली हुई। इससे कई सीटों पर उम्मीदवार बदल गए। इस चुनाव में नए उम्मीदवारों का उत्साह भारी पड़ेगा, या फिर पुराने दिग्गजों के आगे वे कमजोर पड़ जाएंगे, इसका खुलासा तो 4 जून को लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद ही हो पायेगा।

# लालू की पॉलिटिकल प्रयोग वाली जमीन पर यादव बनाम गैर की लड़ाई

**विद्यासागर**

**बिहार का रणक्षेत्र : मधेपुरा**



कभी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तो कभी समाजवादी नेता शरद यादव और कभी बाहुबली पप्पू यादव के बीच चुनावी जंग का गवाह बनता मधेपुरा इस बार अपने चिर परिचित नेता के चुनावी जंग से वंचित रह गया। इस बार मधेपुरा लोकसभा का जंग सीधी टक्कर के रूप में आगे बढ़ रहा है। और यह मुकाबला जदयू के सीटिंग सांसद दिनेश चंद्र यादव और राजद के कुमार चंद्र दीप के बीच है। अगर पप्पू यादव की मानें, तो वर्ष 2024 के चुनावी जंग में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की इच्छा थी कि पप्पू यादव अपनी पार्टी को राजद में विलय कर मधेपुरा से चुनाव लड़ें। लेकिन पप्पू यादव की जिद में पूर्णिया लोकसभा शामिल था इसलिए उनकी ना के बाद लालू यादव ने प्रो चंद्र दीप को मधेपुरा से उम्मीदवार बनाया। वैसे बहुजन समाज पार्टी के मो. अरशद हुसैन भी इस चुनाव में मधेपुरा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट के लिए सात मई को मतदान होना है।

## कौन हैं दिनेश चंद्र यादव

राज्य सरकार में मंत्री रहे दिनेश चंद्र यादव ने मधेपुरा लोकसभा से वर्ष 2019 में पहली बार खम ठोका। यादव के एनडीए के उम्मीदवार रहने के कारण जदयू और भाजपा का भी साथ मिला। नतीजतन 2019 के लोकसभा चुनाव में जेडीयू के दिनेश चंद्र यादव ने मधेपुरा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की। उन्हें कुल 6,24,334 वोट मिले। इस चुनाव में दिनेश चंद्र यादव के निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के शरद यादव रहे। उन्हें कुल 3,22,807 वोट मिले थे। और दिनेश चंद्र ने 3,01,527 वोटों के अंतर से ये चुनाव जीत लिया था। तब 2019 के चुनाव में कुल 18,84,883 वोट पड़े थे, इसमें महिला मतदाता की संख्या 9,07,830 थी, जबकि पुरुष मतदाता 9,77,022 रहे।

कौन हैं डॉ. कुमार चंद्रदीप

राजद के उम्मीदवार कुमार चंद्रदीप का संबंध समृद्ध राजनीतिक घराने से है। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति और राज्यसभा सदस्य डॉ रमेंद्र कुमार यादव रवि के पुत्र और संविधान सभा के सदस्य कमलेश्वरी प्रसाद यादव के पौत्र हैं। ये प्राध्यापक है और राजद के विद्वान नेताओं में से एक हैं।

गैर यादव में तब्दील है जंग

चुनावी सरगर्मी के साथ मधेपुरा लोकसभा का चुनाव यादव बनाम गैर यादव के चुनावी जंग में तब्दील होते जा रहा है। यह राजद की मूल ताकत एमवाई है। यादव की संख्या लगभग 3.5 लाख तो मुस्लिम की 1.5 लाख मतदाता हैं। दूसरी ओर एनडीए की तरफ सवर्ण के करीब, तीन लाख मत और अति पिछड़ा और यादव माइनस पिछड़ा का साइलेंट वोट एनडीए की ताकत है।

## क्या कहते हैं जानकार

मधेपुरा के लोगों का मानना है कि राजद के लिए प्लस प्वाइंट यह है कि इस बार पप्पू यादव यहां उम्मीदवार नहीं है। इसलिए राजद का वोट इस बार नहीं कटेगा। दूसरा प्लस प्वाइंट यह है कि इस बार वीआइपी राजद के साथ है तो इनका वोट भी प्लस होगा। लेकिन अति पिछड़ा और पिछड़ा तथा सवर्ण का वोट एनडीए के खाते में जाता है। गत लोकसभा चुनाव में दिनेश चंद्र यादव की जीत तीन लाख से भी ज्यादा मतों से हुई थी। इस आधार पर पप्पू यादव और वीआइपी के आने से राजद को को जो वोट का इजाफा होगा वह गत वर्ष 2019 के चुनाव में जीत के अंतर से कम होगा। दूसरी ओर कुमार चंद्र दीप स्थानीय हैं पर जमीन से जुड़े नेता नहीं है। पटना में प्रोफेसर हैं। और पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। इसका लाभ भी राजद को मिल सकता है।

## विधानसभा की स्थिति

वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की 6 सीटें आती हैं । इनमें आलमनगर, बिहारीगंज, मधेपुरा, सोनबरसा, सहरसा और महिषी है। इनमे सोनबरसा, आलमनगर, महिषी और बिहारीगंज विधानसभा क्षेत्र पर जदयू के विधायक हैं। सहरसा विधानसभा में भाजपा के विधायक है। राजद के पास केवल मधेपुरा विधान सभा है। इस आधार पर भी जदयू का पलड़ा भारी है। वैसे अभी चुनाव में कई दिन है। कुछ नए समीकरण बन सकते हैं तो पुराने टूट भी सकते है। अभी तो यह कहा जा सकता है कि महागठबंधन और एनडीए के बीच कांटे का संघर्ष है।

# तो इसलिए प्रियंका गांधी नहीं उतरेंगी चुनाव मैदान में

**राजीव**

**अंदरूनी कहानी**



अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट पर कांग्रेस किसे उतारेगी, इस बारे में भले ही अभी किसी को कुछ नहीं समझ आ रहा हो, लेकिन इतना लगभग तय हो गया है कि वर्षो से सियासी पारी शुरू करने की उम्मीद लगाये बैठे वाड्रा परिवार (जिसमें प्रियंका वाड्रा गांधी भी शामिल हैं) की 2024 में भी सियासी इंट्री नहीं होने जा रही है। इसके पीछे की वजह कई हो सकती हैं, परंतु मुख्य तौर पर कहा यही जा रहा है कि गांधी परिवार कांग्रेस के भीतर दो पॉवर सेंटर नहीं बनने देना चाहता है। प्रियंका वाड्रा और राबर्ट वाड्रा में से किसी एक को भी लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया तो गांधी परिवार के हाथ से पार्टी चलाने का रिमोट वाड्रा परिवार के हाथ लग सकता है। इसी लिए अभी तक रायबरेली और अमेठी को लेकर संशय बरकरार है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि कांग्रेस प्रत्याशी नहीं घोषित करके मतदाताओं के बीच क्लाइमेक्स बढ़ा रही है।

बात यहीं तक सीमित नहीं है। चर्चा इस बात की भी है कि राहुल गांधी अमेठी की जगह रायबरेली से भी चुनाव लड़ सकते हैं। इसकी वजह है राहुल गांधी का पिछले पांच वर्षो से अमेठी से दूरी बनाये रखना। यदि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो उनके ऊपर पिछले पांच वर्षों में अमेठी की अनदेखी करने का आरोप लगेगा, जिसका सामना करना उनके लिए आसान नहीं होगा। बीजेपी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी जो पिछले दस वर्षो से अमेठी में जमी हुई हैं, यहां तक की उन्होंने अमेठी में अपना घर भी बना लिया है। यहां राहुल चुनावी मैदान में उतरते हैं तो स्मृति से मुकाबला करना उनके लिए आसान नहीं होगा, जबकि रायबरेली से चुनाव लड़ने की दशा में उनके सामने यह समस्या नहीं आयेगी। खैर,जो भी फैसला लिया जाना है, वह गांधी परिवार ही लेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी कह चुके हैं कि अमेठी और रायबरेली के बारे में फैसला गांधी परिवार ही लेगा। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और विधायक दल की नेता अराधना मिश्रा ने नेतृत्व से आग्रह किया कि अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव लड़ना चाहिए। गौरतलब है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस बार रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया और वह राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने दो दशक तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि प्रियंका गांधी इस सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। अमेठी में पांचवें चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। यहां नामांकन की अंतिम तिथि 03 मई है। सूत्र दावा कर रहे हैं कि राहुल गांधी रायबरेली या अमेठी कहीं से भी चुनाव लड़ने को तैयार हैं, जबकि प्रियंका वाड्रा गांधी को गांधी परिवार चुनाव मैदान में उतरने के पक्ष में नहीं हैं। गत दिनों यूपी इलेक्शन कमिटी की बैठक में रायबरेली और अमेठी की सीट के लिए प्रस्ताव पास किया गया था कि जनता चाहती है कि अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका चुनाव मैदान में उतरें। इस जनभावना के आधार पर उम्मीदवारी घोषित करने का अधिकार कमिटी ने सीईसी, गांधी परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप दिया था। बता दें कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने अपने हिस्से में आई यूपी की 17 में से 15 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन अमेठी और रायबरेली पर शांति बनाए रखी। अब जबकि अमेठी और रायबरेली सीट के लिए नामांकन शुरू हो चुके हैं तो अब उम्मीदवारी पर फैसला ज्यादा दिनों के लिए टाला नहीं जा सकता। सूत्रों की मानें तो अमेठी और रायबरेली को लेकर बीते कुछ वक्त में अलग-अलग फॉम्युर्ला तैयार करके फैसला करवाने की कवायद की गई। पहले तो गैर गांधी परिवार से उम्मीदवारों को लेकर भी बात हुई, जिस पर पार्टी को यह फीडबैक मिला कि यह कांग्रेस के लिए अच्छा कदम नहीं होगा। लिहाजा गांधी परिवार से ही या उनके परिवार के बेहद करीबी को लेकर फॉम्युर्ला तैयार हुआ। कुछ नामों को स्टैंडबाई में रखा गया है। इन्हीं तमाम विकल्पों में यह भी विचार किया गया था कि प्रियंका को अमेठी जबकि राहुल को रायबरेली से चुनाव लड़वाया जाए। लेकिन सूत्र कहते हैं कि राहुल इस पर सहमत नहीं हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 66,900 रु./10 ग्राम
चांदी 81,000 रु./प्रति किलो



# रिजल्ट में उर्सुलाइन फिर चमका

## टॉप टेन में बेटियों की धाक, कॉमर्स में सभी टॉपर्स लड़कियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंटरमीडिएट के तीनों संकाय के रिजल्ट में एक बार फिर उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की चमक बरकरार रही। वहीं दूसरी ओर टॉप टेन की बात करें, तो कॉमर्स में सभी टॉपर लड़कियां ही हैं। इसमें नौ सिर्फ उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा हैं। वहीं आर्ट्स में टॉप टेन में 16 ने स्थान पाया है। इसमें से 13 लड़कियां हैं। तीन छात्राएं उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की हैं। वहीं साइंस में 20 ने स्थान सुनिश्चित किया है। इसमें 15 लड़कियां हैं। 11 छात्राएं उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की हैं। राजकीय प्लस-2 हाइ स्कूल कांके रांची की तीन छात्राएं भी आर्ट्स में पहले, तीसरे ऑर चौथे नंबर पर रही हैं। शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने टॉपर लिस्ट जारी करते हुए उर्सुलाइन स्कूल की तारीफ की। साथ ही कहा कि इस बार बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। रिजल्ट पर गौर किया जाये, तो दूर दराज के कॉलेजों का भी सिक्का चला है। कई सालों तक टॉपर देनेवाला मारवाड़ी कॉलेज और संत जेवियर्स कॉलेज रांची इस सूची में नहीं दिख रहा है।

### इंटर तीनों संकाय के टॉप टेन

#### कॉमर्स

| नाम | मार्क्स | स्कूल |
|---|---|---|
| प्रतिभा साहा | 474 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| रिया कुमारी | 472 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| सृष्टि कुमारी | 470 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| श्रेया कश्यप | 468 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| आंचल कुमारी | 466 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| साना परवीन | 466 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| शिवानी कुमारी | 465 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| उजाला कुमारी | 464 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| सृष्टि कुमारी | 463 | आरएलएसवाइ कॉलेज रांची |
| परीशी कुमारी | 463 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| आकांक्षा श्रीवास्तव | 462 | संत जेवियर्स कॉलेज |
| भावना स्नेहा | 461 | देवघर कॉलेज, देवघर |
| स्नेहा | 491 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |

#### साइंस

| नाम | मार्क्स | स्कूल |
|---|---|---|
| रितिका कुमारी | 482 | इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग |
| पंकज साहू | 480 | बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई |
| अमित मेहता | 477 | बीएस कॉलेज पाटन |
| आस्था प्रियदर्शनी | 477 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| श्रीति कुमारी | 474 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| तसकीन कौशर | 474 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| साना परवीन | 473 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| हर्षिता झा | 472 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| अतिका तंजीम | 471 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| कत्यानी केसरी | 471 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| पलक कुमारी | 471 | आरके हाइ स्कूल सरैयाहाट दुमका |
| माही कुमारी | 470 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| रेशम रानी | 470 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| राहुल गुप्ता | 470 | संत जेवियर कॉलेज दुमका |
| सूरज कुमार | 470 | हाइ स्कूल केंदुआ देवीपुर |
| कोमल कुमारी | 469 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| दीपक महतो | 469 | एसएस हाइ स्कूल चिलदाग, रांची |
| अंबिका कुमारी | 469 | हाइ स्कूल चिलदाग रांची |
| सोमिल राय | 469 | बीए हाइ स्कूल गिरिडीह |

#### कला संकाय

| नाम | मार्क्स | स्कूल |
|---|---|---|
| जीनत परवीन | 472 | हाइ स्कूल कांके, रांची |
| बहमनी धान | 466 | हाइ स्कूल खूंटी |
| दीपाली कुमारी | 458 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| राहत परवीन | 456 | हाइ स्कूल कांके, रांची |
| खुशनुमा परवीन | 455 | हाइ स्कूल कांके, रांची |
| खुशी वर्मा | 455 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| श्रुति कुमारी | 454 | आदिवासी प्लस सीतारामडेरा |
| प्रवीण बैठा | 453 | संत मेरी कॉलेज सिमडेगा |
| अंजली कुमारी | 452 | हाइ स्कूल राधानगर |
| शुभोदीप दास | 452 | जिला स्कूल दुमका |
| बबिता सिरका | 451 | हाइ स्कूल मंझरी |
| नीकिता कुमारी | 451 | हाइ स्कूल कर्रा |
| आकसमिका कुमारी | 451 | उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची |
| रवि कुमार | 450 | इंटर प्लस-2 गोड्डा |
| कशिश कुमारी | 450 | हाइ स्कूल पछंबा, गिरिडीह |
| डोना चंद्रा | 450 | आरके स्कूल सरायकेला |

### सब्जी विक्रेता की बेटी बनी आर्ट्स में स्टेट टॉपर

# आइएएस बनने का है सपना: जीनत

**कांके के सतकनादु गांव से ही सरकारी स्कूल में पढ़ाई की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजकीय प्लस टू कांके की छात्रा जीनत परवीन मंगलवार को जैक बोर्ड द्वारा जारी इंटरमीडिएट आट्र्स की परीक्षा की राज्य टॉपर बन गयी है। उसको 472 अंक मिले हैं। 94.4 प्रतिशत अंक लाकर उसने पूरे राज्य में स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। वह कांके प्रखंड के सतकनादु गांव निवासी सब्जी विक्रेता साबिर अंसारी की पुत्री है। उसकी माता का नाम शमशुन निशा है। जीनत ने कहा कि उसके भाई मोहम्मद अर्सलान अंसारी ने भी उसके साथ ही परीक्षा दी थी। वह भी 391 अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ है। बताया कि माता-पिता बहुत ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं हैं, लेकिन उन्होंने हम दोनों भाई बहन को हमेशा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया है। घर के काम में भी नहीं लगाते थे। वह आगे भूगोल से स्नातक कर यूपीएससी की तैयारी कर आइएएस बनना चाहती है। जीनत ने बताया कि पिता गांव-गांव जाकर किसानों से सब्जी लाकर बाजारों में बेचते हैं। मैट्रिक परीक्षा में उसको 92.40 प्रतिशत अंक मिला था। स्कूल के टीचर्स जिनमें प्रिंसिपल कुर्बान अंसारी, ध्रुव पांडेय, सफदर इमाम, अनिता, सुनयना सहित अन्य सभी का बहुत सहयोग मिला। वह उनलोगों से अपनी समस्या का समाधान क्लास के अलावा फोन पर भी ले लेती थी। टॉपर होने के बाद उसके घर पर बधाई देनेवालों का तांता लगा है। माता-पिता और परिवारजनों की खुशियां देखते बन रही है।

# साइंस की स्टेट टॉपर स्नेहा का चेहरा खिला, परिजन गदगद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** साइंस की स्टेट टॉपर स्नेहा ने झारखंड बोर्ड 12वीं की परीक्षा में 491 अंक लाकर लाया है। उसके पिता सुनील रजक और मां लक्ष्मी देवी हैं। बेटी को राज्य में पहला स्थान मिलते ही उनके चेहरे की खुशियां देखते बन रही थी। स्नेहा की कठिन परिश्रम ने आज उसे इस मुकाम में पहुंचा दिया है। उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा स्नेहा शुरू से ही पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करती रही है। उसका कहना है कि टॉपर बनने के लिए कुछ अलग से तैयारी की जरूरत नहीं होती है। बस ध्यान से लक्ष्य को तय कर आगे बढ़ते जाये। जो भी पढ़ाई करें, वह पूरी तनमयता के साथ करें। स्टेट टॉपर बनने पर उसके घर पर मुहल्ले और रिश्तेदारों के बधाइयों का दौर शुरू हो गया। सभी गदगद दिखे। साथ ही स्नेहा और उसके मां-पिता के साथ खुशियां बांटते नजर आये।

### टीवी-मोबाइल से दूर रहती है साइंस की सेकेंड स्टेट टॉपर

# मैकेनिकल इंजीनियर बनने का है सपना: रितिका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हजारीबाग के इंटर साइंस कॉलेज की छात्रा रितिका कुमारी ने जैक बोर्ड द्वारा जारी इंटर साइंस के रिजल्ट में पूरे झारखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रितिका कुमारी को 482 अंक मिले हैं। भौतिकी में 97 अंक, रसायन शास्त्र में 93 अंक, गणित में 98 अंक, कंप्यूटर साइंस में 96 अंक, इएनए में 98 अंक प्राप्त हुए हैं। रितिका के झारखंड में दूसरा स्थान हासिल करने की खबर से उसकी मां की आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे।

इंटर साइंस की सेकंड स्टेट टॉपर रितिका कुमारी ने बताया कि जी एडवांस परीक्षा दूंगी। इसमें सफल होकर मैकेनिकल इंजीनियर बनना चाहती हूं। बचपन से ही आविष्कार और नये-नये काम करने का शौक है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पिता की स्थायी नौकरी नहीं है। वे प्रिंटिंग प्रेस में काम करते हैं। इसलिए मैकेनिकल इंजीनियर बनकर पूरे परिवार को हर क्षेत्र में मजबूत बनाना चाहती हूं। बताया कि उसे बचपन से ही टीवी, मोबाइल देखने का शौक नहीं है, क्योंकि फालतू चीज देखकर समय बर्बाद नहीं करना चाहती। मैट्रिक में भी प्रखंड में टॉपर बनी थी। बैटमिंटन खेलने का शौक है, लेकिन परिस्थिति और साधन मेरे पास नहीं है। इसलिए बैटमिंटन नहीं खेल पाती हूं। हजारीबाग जिले के सुल्ताना गांव काफी पिछड़ा हुआ है। रितिका ने बताया कि गरीबी के कारण गांव के बच्चे मैट्रिक तक पढ़ाई करने के बाद रोजगार में लग जाते हैं। मेरे घर के हालात भी उसी तरह हैं। अब मैं टॉपर बन गयी हूं। गांव के लड़के और लड़कियां भी अब पढ़ाई की ओर जरूर ध्यान देंगे। रितिका कुमारी के पिता संजय साव हैं। माता पिंकी देवी हैं।

# शिक्षक बनना चाहती है आर्ट्स की सेकेंड टॉपर बहामनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** इंटर आर्ट्स में खूंटी की बिटिया बहामनी धान सेकेंड स्टेट टॉपर बनी है। आर्ट्स की परीक्षा में 466 अंक हासिल हुए हैं। रिजल्ट की जानकारी मिलने पर वह स्कूल पहुंची, जहां स्कूल की प्राचार्या अनिमा तिर्की ने मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी। बहामनी धान ने कहा कि उसका सपना शिक्षिका बनने का है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उसके पिता कुशल धान एक किसान हैं। बहामनी खूंटी में अपने भाई के साथ किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करती है। बहामनी कहती है कि सफलता का कोई शॉटकट नहीं होता है। इसके लिए कठिन परिश्रम की जरूरत होती है। इस कारण परीक्षार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए खूब मेहनत करनी चाहिए।

# आरटीसी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आरटीसी इंटर महाविद्यालय पीएचइडी, बुटी, रांची के झारखंड इंटरमिडिएट परीक्षा-2024 के विज्ञान संकाय में प्रथम श्रेणी से 276 एवं द्वितीय श्रेणी से 30, कला संकाय में प्रथम श्रेणी से 290 एवं द्वितीय श्रेणी से 29 एवं वाणिज्य संकाय में प्रथम श्रेणी से 69 एवं द्वितीय श्रेणी से 07 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में शफक खान 462 अंक लाकर प्रथम स्थान, पम्मी कुमारी 459 अंक लाकर एवं द्वितीय, अर्शलन आलम 453 अंक लाकर तृतीय, कला संकाय में लक्की कुमारी 403 अंक लाकर प्रथम स्थान, कोमल कुमारी 392 अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं उर्मिला कुमारी 384 अंक लाकर तृतीय स्थान एवं वाणिज्य संकाय में रोहित कुमार 445 अंक लाकर प्रथम स्थान, निखिल कुमार रजक 444 अंक लाकर द्वितीय एवं आयशा परवीण 436 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो एवं प्राचार्य विकास कुमार ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकाओं का मेहनत का परिणाम बताया।

# साइंस में कोडरमा, तो कॉमर्स और आट्र्स में लातेहार और सिमडेगा टॉप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंटरमीडिएट साइंस स्ट्रीम में कोडरमा जिला अव्वल रहा है। वहीं कॉमर्स में लातेहार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मैट्रिक के बाद इंटर कॉमर्स में भी पहले स्थान पर आकर यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा की चमक सुदूर जिला के गांवों में दिख सकती है। वहीं आट्र्स में सिमडेगा अव्वल रहा है। वहीं, अगर राजधानी रांची की बात की जाये, तो टॉपर के मामले में वह अव्वल जरूर है, लेकिन सभी स्ट्रीम में जिलावार आंकड़े में वह पिछड़ा नजर आ रहा है।

### कॉमर्स में कोडरमा के 97.95 प्रतिशत पास

जिलों की बात करें तो कोडरमा के 97.95 प्रतिशत बच्चों ने कॉमर्स में पास किया है। वहीं साइंस में 91.08 प्रतिशत बच्चों ने सफलता प्राप्त की है, जो कि पूरे राज्य में अव्वल है। आट्र्स में 97.48 फीसदी बच्चों ने परीक्षा पास की है। आट्र्स में कोडरमा पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर रहा।

### सिमडेगा आट्र्स के विषय में अव्वल

सिमडेगा ने आट्र्स के विषय में सभी जिलों में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। सिमडेगा के 98.30 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। कॉमर्स की बात करें तो 96.93 फीसदी बच्चों ने सफलता पायी है। वहीं साइंस में सिमडेगा का बेहद खराब प्रदर्शन रहा है। वहां 47.59 प्रतिशत बच्चों ने साइंस को पास कर पाये हैं।

### लातेहार के छात्रों ने कॉमर्स में गाड़ा झंडा

लातेहार के 98.38 प्रतिशत परिक्षार्थियों ने इंटर में कॉमर्स की परीक्षा पास की है। इनका रिजल्ट कॉमर्स में पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ रहा है। साइंस में भी 89.40 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा पास की। साइंस में कोडरमा के बाद लातेहार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लातेहार के 95.70 प्रतिशत छात्रों ने इंटर में आट्र्स की परीक्षा पास की।

### साइंस में 25 हजार से ज्यादा फेल

2024 के जारी हुए साइंस के रिजल्ट के मुताबिक कुल 25,563 परिक्षार्थी फेल हो गये हैं। इनमें छात्रों की संख्या 15,733 है, तो वहीं छात्राओं की संख्या 9,830 है। इस बार साइंस में 72.70 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। पिछली बार 81.77 प्रतिशत बच्चे पास हुए थे। पिछली बार के मुकाबले इस बार 10 प्रतिशत कम बच्चे पास हुए हैं।

### संथाल परगना में साइंस में जामताड़ा ने किया टॉप

संथाल परगना में जामताड़ा ने साइंस में सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल किया है। यहां 82.08 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा पास की है। कॉमर्स में 90 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा पास की है। आट्र्स में कुल 91: फीसदी बच्चों ने परीक्षा पास की है।

#### साइंस

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| कोडरमा | 91.08 |
| लातेहार | 84.40 |
| चतरा | 85. 39 |
| जामताड़ा | 82.08 |
| हजारीबाग | 81.94 |
| पलामू | 80.80 |
| गिरिडीह | 79.01 |
| रामगढ़ | 78.05 |
| लोहरदगा | 73.43 |
| धनबाद | 72.19 |
| पूर्वी सिंहभूम | 70.40 |
| बोकारो | 70.02 |
| रांची | 69.09 |
| गोड्डा | 68.54 |
| गढ़वा | 64.44 |
| दुमका | 62.76 |
| सरायकेला | 61.33 |
| प सिंहभूम | 59.14 |
| देवघर | 57.91 |
| साहिबगंज | 56.19 |
| गुमला | 50.20 |
| पाकुड़ | 49.86 |
| सिमडेगा | 47.59 |
| खूंटी | 47.49 |

#### आट्र्स

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| सिमडेगा | 98.83 |
| खूंटी | 97.80 |
| कोडरमा | 97.48 |
| गुमला | 96.92 |
| हजारीबाग | 96.77 |
| लातेहार | 95.70 |
| सरायकेला | 95.35 |
| पूर्वी सिंहभूम | 95.26 |
| रांची | 95.26 |
| लोहरदगा | 94.85 |
| प सिंहभूम | 94.73 |
| चतरा | 94.67 |
| गिरिडीह | 94.41 |
| धनबाद | 93.99 |
| रामगढ़ | 92.91 |
| बोकारो | 92.80 |
| गढ़वा | 92.62 |
| जामताड़ा | 91.58 |
| देवघर | 89.52 |
| दुमका | 89.22 |
| पाकुड़ | 87.60 |
| साहिबगंज | 85.74 |
| गोड्डा | 85.33 |
| पलामू | 81.94 |

#### कॉमर्स

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| लातेहार | 98.38 |
| कोडरमा | 97.95 |
| सिमडेगा | 96.93 |
| पाकुड़ | 96.62 |
| खूंटी | 96.54 |
| हजारीबाग | 96.05 |
| रामगढ़ | 95.95 |
| लोहरदगा | 95.61 |
| गिरिडीह | 93.69 |
| गढ़वा | 93.00 |
| दुमका | 92.50 |
| बोकारो | 91.65 |
| धनबाद | 91.00 |
| पलाम | 90.27 |
| जामताड़ा | 90.00 |
| रांची | 89.85 |
| पूर्वी सिंहभूम | 89.42 |
| सरायकेला | 87.71 |
| गोड्डा | 86.95 |
| प सिंहभूम | 86.09 |
| गुमला | 85.42 |
| चतरा | 85.15 |
| देवघर | 82.69 |
| साहिबगंज | 78.14 |

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.1 °c | 27.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.16 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.15 बजे | |



## महत्वपूर्ण खबरें

### प्रवासी राजस्थानियों ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट



रांची (आजाद सिपाही)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रांची प्रवास के दौरान मंगलवार को राजस्थान स्टेट के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के स्टेट प्रेसिडेंट राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानियों और विभिन्न ट्रेड एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार मुलाकात की और रांची आगमन पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। होटल रैडिशन ब्लू में हुई भेंट के दौरान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधि बिनोद अग्रवाल ने कहा कि झारखंड-बिहार समेत पूर्वी भारत में राजस्थान के लाखों प्रवासी राजस्थानी निवास करते हैं जिन्होंने अपने कौशल, बुद्धिमता और कठोर परिश्रम से राज्य व क्षेत्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों के द्वारा राज्य के विकास में किये जा रहे सकारात्मक योगदान की प्रशंसा की। मौके पर मधुसूदन अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, पलक टिया, सालासर वाले परमेश्वर शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### करियर के लिए डांस करेंगे: राम सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। इंटरनेशनल डांस डे का आगाज रातू रोड में स्थित डांस झारखंड में किया गया। जहां सैकड़ों बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। डांस झारखंड के कोरियोग्राफर राम सिंह ने बताया कि जूनियर विंग में बार्बी, होमिशा एवं शिवांश विजेता हुए वहीं सीनियर विंग के कैटेगरी में वैष्णवी, भव्या विजेता रहे। साथी-साथी जूनियर विंग में दूसरे स्थान पर वीर, आध्या और शमी श्रेय ने अपनी जगह बनायी। राम सिंह ने बताया कि कलाकारों को सम्मान पूर्वक उनका उनको अधिकार दिलाना हमारा काम है। हम मुंबई नहीं जायेंगे, रांची को ही मुंबई बनायेंगे। जितेंद्र सिंह ने बताया कि रांची में कलाकारों की कमी नहीं है और उनके अंदर कल की कमी नहीं है बस उनको सही मार्गदर्शन कला और सही जगह, सही लोग सही स्थान पर लाने की जरूरत है। आप सभी को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### श्रीसुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर के सुर ताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 99 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 99 वां कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। शिखा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । 4 मई शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 110 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है । उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### सीएमपीडीआइ में विदाई सह सम्मान समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के मुख्य प्रबंधक (सिस्टम) पीके बिशोई के सेवानिवृत्ति के अवसर पर मंगलवार को विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक ने सेवानिवृत्त हो रहे बिशोई को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया और उनके कार्यों एवं योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ने भी सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि प्रलय भट्टाचार्या, केबी शिरोमणि, राजन कुमार रजक एवं ओबीसी संघ के प्रतिनिधि राजेश साव ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत भाषण उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) सुमन रस्तोगी, मंच का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया।

### हाइकोर्ट ने खरकई डैम प्रोजेक्ट मामले में मुख्य सचिव से मांगा जवाब



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किये जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से पूछा है कि 6100 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट क्यों पूरा नहीं किया जा रहा है? कोर्ट ने कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद क्या काम बंद रहेगा? यदि वहां ग्रामीण आंदोलनरत हैं तो उसके लिए क्या कर रहे हैं? खरकई डैम प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम रूप से सरकार ने क्या निर्णय लिया है? कोर्ट ने इन बिंदुओं पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। इस मामले में जल संसाधन विभाग ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण खरकई डैम प्रोजेक्ट रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि 6100 करोड़ से अधिक रुपये इस प्रोजेक्ट पर खर्च हो चुके हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर करने से पहले राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट जरूर बनायी होगी। क्या प्रोजेक्ट रिपोर्ट में राज्य सरकार ने जमीन अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों के आंदोलन को लेकर किसी प्रकार का विचार नहीं किया गया था। नाराज कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि यही स्थिति है तो मामले में सीबीआइ को प्रतिवादी बना कर जांच करवा देते हैं। फिर सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था?

### फुरकान अंसारी को बनाया गया बिहार का ऑब्जर्वर

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सांसद और विधायक इरफान अंसारी के पिता फुरकान अंसारी को बिहार का ऑब्जर्वर बनाया गया है। इस संबंध में मंगलवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी की ओर से लेटर जारी कर दिया गया है। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस प्रेसिडेंट ने वर्तमान में जारी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फुरकान को पार्टी की ओर से बिहार का ऑब्जर्वर बनाने की स्वीकृत दी है।

## इंटरमीडिएट रिजल्ट : उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्राओं का जलवा

# बीबीए करना चाहती है कॉमर्स की टॉपर प्रतिभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रतिभा साहा, 474 अंक। उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा। कॉमर्स में राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता राज कुमार साहा की राशन दुकान है और मां शांति कुमारी साहा सिलाई का काम करती हैं। प्रतिभा ने बताया कि राज्य में पहले स्थान पर आऊंगी यह नहीं लगा था। 11वीं से ही तैयारी शुरू कर दी थी, नोट्स अपडेट रखती थी। क्लास के बाद रिवाइज करती थी। परीक्षा से पहले अपनी स्पीड को बढ़ायी। शिक्षकों ने पूरा सहयोग किया, इंटरनेट से भी सहयोग लिया। घरवालों ने पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी। कॉलेज की पढ़ाई पर फोकस किया, कोचिंग नहीं ली। रोजाना चार से पांच घंटे सेल्फ स्टडी करती थी। आगे बीबीए करना है।

### कॉमर्स की सेकेंड टॉपर रिया बोली : सभी विषयों पर ध्यान देने की जरूरत

**रांची।** उर्सुलाइन रांची की रिया कुमारी ने कॉमर्स में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता कृष्णा लायक पान दुकान चलाते हैं। मां सिमोती देवी गृहिणी हैं। रिया ने बताया कि कॉलेज के अलावा ट्यूशन ले कर पढ़ाई करती थी। प्रतिदिन दो से तीन घंटे सेल्फ स्टडी करती थी। सभी विषयों पर ध्यान दी। विशेष ध्यान अकाउंट्स व बीएसटी में दिया। पढ़ाई में शिक्षकों व घरवालों का पूरा सहयोग मिला। पढ़ाई में भाई ने भी सहयोग किया।

### कॉलेज की पढ़ाई पर फोकस कर बनी कॉमर्स की थर्ड टॉपर

**रांची।** उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की सृष्टि कुमारी ने कॉमर्स में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता उदय कुमार बर्मन बिजनेसमैन और मां अंजू देवी गृहिणी हैं। बोर्ड को लेकर प्रेसर तो होता ही है, लेकिन शिक्षकों व घरवालों की मदद से प्रेसर का पता नहीं चला। कोचिंग नहीं लिया। कॉलेज की पढ़ाई को फोकस किया। रोजाना की पढ़ाई पर जोर दी। अकाउंट्स व मैथ्स पर विशेष ध्यान दिया। कॉलेज के बाद रोजाना चार से पांच घंटे सेल्फ स्टडी करती थी।





### आर्ट्स की थर्ड टॉपर दीपाली ने कहा : डाउट को तुरंत आउट करने की कोशिश

**रांची।** उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा दिपाली कुमारी ने आर्ट्स में राज्यभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता विकास पांडेय का राशन दुकान है और मां प्रतिमा पांडेय गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि सभी विषयों पर बराबर ध्यान दी। कॉलेज की पढ़ाई के अलावा रोजाना तीन से चार घंटे सेल्फ स्टडी करती थी। निरंतर पढ़ाई करती थी, कोई डाउट होने पर उसे तुरंत दूर करने का प्रयास करती थी। मेरी सफलता में मेरे शिक्षकों व माता.पिता का पूरा योगदान रहा।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं का इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन





रांची (आजाद सिपाही) । सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स बरियातू की छात्राओं ने इंटरमीडिएट 2024 की परीक्षा में तीनों संकाय आर्ट्स, साइंस एवं कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन किया है। विज्ञान में स्वास्तिका कुमारी ने 87 प्रतिशत, कला में पार्वती कुमारी 86.4 प्रतिशत तथा वाणिज्य में शीतल उरांव 86 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त की है। वहीं, विज्ञान में स्नेहा तथा स्वेता 81.8 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा पायल कुमारी 70.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। कला में उजम्मा खानम 84.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा लक्ष्मी कुमारी 83.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य में रीता कुमारी 76 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा संगीता कुमारी 74 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। ज्ञात हो कि वाणिज्य में सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। विज्ञान में 80.6 प्रतिशत, जबकि कला में 93 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है।

### शिक्षा की गुणवत्ता पर होगा फोकस: शिक्षा सचिव

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिजल्ट जारी करते हुए शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि रिजल्ट में गिरावट है। इसके कई कारण हो सकते हैं। समग्र समीक्षा के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। अब विभाग का फोकस शिक्षा की गुणवत्ता पर होगा। पहले जैसे स्थिति अब स्कूलों की नहीं रही। स्कूल में शिक्षक हैं और शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया चल रही है। अनुशंसा आते ही उन्हें स्कूलों में पदस्थापित किया जायेगा। कहा कि नाबार्ड से 100 करोड़ की राशि मिली है। इस राशि से प्रमंडल स्तर पर लैब को दुरुस्त किया जायेगा। जरूरत पड़ी तो और राशि की मांग राज्य सरकार से भी की जायेगी।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** आपत्तिविपत्ति कम हो जायेगी, निर्णय क्षमता बढेगी, रोजी-रोजगार में कुछ उलझनों का सामना होगा।

**वृष** कर्मक्षेत्र में परिश्रम अधिक करना पड़ेगा,कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे।

**मिथुन** नवीन व्यापारिक योजना सफल,पद-मान-मयार्दा-यश की वृद्धि होगी।

**कर्क** उलझा हुआ कार्य सुलझेगा,परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**सिंह** सामाजिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधा मिलेगा।

**कन्या** आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है,चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति।

**तुला** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा ।

**वृश्चिक** परिश्रम का पूरा फल मिलेगा,मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे।

**धनु** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**मकर** नवीन योजनाएं कार्यान्वित होगी,कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता और चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभ** मानसिक चिंता बढ़ेगी। कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।

**मीन** बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।

# धर्मेंद्र तिवारी 4 मई को करेंगे नामांकन दाखिल

**नामांकन में मोर्चा के संरक्षक सरयू राय सहित भाजमो के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के मतदाताओं से अपने प्रति वोट करने की अपील की और जन समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान के चौथे दिन मंगलवार को श्री तिवारी ने न्यू अमरावती कॉलोनी में भ्रमण किया, उसके बाद उन्होंने अपर बाजार, कोकर क्षेत्र के स्थानीय लोगों, व्यापारियों तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मुलाकात की और उनसे अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। श्री तिवारी ने बताया कि 4 मई (शनिवार) को समर्थकों के साथ लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्य रूप से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय सहित भाजमो के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# संत जेवियर्स में युवाओं को किया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में मंगलवार को आयोजित वोट फॉर योर फ्यूचर विषय के तहत कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। रांची के नगर आयुक्त अमित कुमार मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने नये मतदाताओं व कॉलेज के विद्यार्थियों को बताया कि लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है। उन्होंने कहा कि सोच, पार्टी, सरकार सभी बदल सकते हैं। लेकिन आपका पहला वोट हमेशा एक यादगार पल के तौर रह जायेगा। इस मौके पर रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य योजना को कराने के लिए सरकार की जरुरत होती है। उसके लिये वोट कर ही लोकतांत्रिक सरकार चुन सकते हैं। प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा ने कहा कि युवाओं को अपने समाज की विषमताओं को दूर करने के लिए सरकार चुनकर ही कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कामयाबी एक सुबह जैसी होती है। मांगने पर नहीं जागने से ही मिलती है। इस दौरान कार्यक्रम में एल्विन रोजारियो बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गयी। इसे कॉलेज के छात्रों ने काफी सराहा व उस आनंद का लुफ्त उठाया। मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय मिंज एसजे, आइक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. मारकुस बारला, डॉ. संतोष कीड़ो, डॉ इवाना चक्रवर्ती व अन्य प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# एसबीयू और विजियू के बीच एमओयू

**शैक्षणिक आदान प्रदान और शोध परामर्श होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची और विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर के बीच जयपुर में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर एसबीयू के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक और विजियू के कुलसचिव डॉ प्रवीण चौधरी ने हस्ताक्षर किया। एमओयू में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान-प्रदान के बिंदु सम्मिलित हैं। इस अवसर पर विजियू, जयपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विजियू की ओर से संस्था के डीन और विभिन्न विभागाध्यक्ष शामिल हुए। एसबीयू की ओर से डीन डॉ नीलिमा पाठक इस अवसर पर सम्मिलित हुईं। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पायेंगी। विवि के प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और डॉ प्रदीप वर्मा ने दोनों विवि के बीच हुए इस एमओयू के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आइक्यूएसी सेल के द्वारा पलाश ऑडिटोरियम, वन भवन, डोरंडा में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय थाः विकसित भारत @2047ः भारत के जनजातियों की आवाज (विकसित भारत @ 2047ः वॉइस ऑफ ट्राइब्स ऑफ इंडिया)। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर अनिल दत्तात्रेय सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, नैक उपस्थित थे। सम्मानित अतिथि के रूप में प्रोफेसर क्षिती भूषण दास, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय और डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलपति, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय उपस्थित थे। प्रोफेसर सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि जनजातीय भाषा, संस्कृति एवं आदिम ज्ञान परंपरा को संरक्षित करके भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाया जा सकता है। इसके लिए नवाचार, उद्यमशीलता व अनुभव सृजन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मौके पर तीन तकनीकी सत्र संचालित किया गया। इसमें वक्ता के रूप में प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार यादव एवं प्रोफेसर सरोज यादव एनसीइआरटी, नयी दिल्ली एवं प्रोफेसर रविंद्र नाथ शर्मा, विभागाध्यक्ष, मानव शास्त्र विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड विभिन्न विश्वविद्यालय के शोधार्थियों एवं व्याख्याताओं के द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डीके सिंह, कुलपति, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी उपस्थित थे। उन्होंने आमंत्रित वक्ताओं एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ रश्मि, डॉ शुभ्रा ठाकुर, डॉ अनीता मिश्रा, डॉ शोभा, डॉ भावना झा, खुशबू कुमारी, हेमंत कुमार, ललित नारायण प्रसाद, आरडी शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# निलेंदु कुमार सिंह ने सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड के अध्यक्ष- सह प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीइएसबी) से चयनोपरांत कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेशों के आलोक में निलेंदु कुमार सिंह ने मंगलवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व, श्री सिंह इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) पद पर कार्यरत थे। श्री सिंह ने वर्ष 1989 में आइआइटी-आइएसएम, धनबाद से खनन इंजीनियरिंग (बीटेक) में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1994 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाणन प्राप्त किया।

अपने शिक्षण के उपरांत वर्ष 1989 में कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड से अपने करियर की शुरुआत की। श्री सिंह ने 2011 तक सीसीएल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान वे पिपरवार, अशोका, उरीमारी और कल्याणी इत्यादि परियोजनाओं में खान प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दी। इसके बाद, जनवरी, 2012 में उनकी पदस्थापना एसइसीएल में हुई। जहां उन्होंने



गेवरा में खान प्रबंधक; दीपका और छाल परियोजना में उप क्षेत्र प्रबंधक (एजेंट) और एसइसीएल के दीपका क्षेत्र, कोरबा क्षेत्र और रायगढ़ क्षेत्र में महाप्रबंधक के रूप में अपना योगदान दिया। श्री सिंह के पास मेगा ओपन कास्ट खदानों में काम करने, एफएमसी परियोजनाओं के संचालन, साइडिंग शुरू करने, नयी खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उच्चतम क्षमता वाले एचइएमएम के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है। निलेंदु कुमार सिंह ने खनन तकनीकों में अनुभव प्राप्त करने के लिए उन्होंने 1997 में ऑस्ट्रेलिया का भी दौरा किया है। उन्हें खेल और पेंटिंग में गहरी रुचि है। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तर पर वॉलीबॉल का प्रतिनिधित्व किया है।

कोयला उद्योग में तीन दशकों से अधिक के विशाल अनुभव के धनी, श्री सिंह विभिन्न नयी खनन पद्धतियों की शुरुआत करने में और कंपनी के कामकाज में सुधार लाने में अपना अहम योगदान दिया है। इसके साथ-साथ विभिन्न श्रमसंगठनों व कंपनी के हितधारकों को साथ लेकर कार्य करने का उन्हें कोयला उद्योग में विविध और दीर्घकालीन अनुभव प्राप्त है। कोयला उद्योग में श्री सिंह के तीन दशकों से अधिक के अनुभव से टीम सीसीएल को लाभ मिलेगा। इनके कुशल नेतृत्व में कंपनी निश्चित रूप से निर्धारित लक्ष्य को हासिल करेगी। उल्लेखनीय रूप से सीसीएल ने वित्त वर्ष 23-24 में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन और प्रेषण हासिल करके प्रदर्शन में नया रिकॉर्ड बनाया है।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 995 Dated 23.04.2024 I, TILA DEVI, W/o Late Bhagwat Choudhary, aged about 64 years, by faith- Hindu, R/o Qr. No.- 1076, Sector-4/E, P.O. & P.S.- Sector-4, B. S City, Dist. Bokaro, Jharkhand-827004, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:- 1. That, my actual and correct name is TILA DEVI as per my Aadhaar Card vide no. 7851 1937 6908, Separation Order in BSL, PPO Account and PAN Card vide No.- JNMPD3487G and other document. 2. That, in my deceased husband's pension Bank Account of Bank of India, St. Xavier School, Bokaro branch vide A/c No. 485912100001385 my name has been mentioned as NEELA DEVI as nominee. 3. That, TILA DEVI and NEELA DEVI both name are same and one identical lady i.e. myself. 4. That, I want to rectify my name as TILA DEVI in place of NEELA DEVI in my aforesaid bank account. 5. That, I am swearing this affidavit to submit it before the authority concern and for needful purpose.

# कारोबार की खातिर यात्रा

टेस्ला के सीइओ ईलॉन मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। इसकी एक वजह यह भी है कि भारत की घोषित यात्रा स्थगित करने के एक सप्ताह के अंदर चीन की यह अघोषित यात्रा हुई है। लेकिन, अगर मस्क की नजर से देखें तो यह एक कारोबारी की ऐसे मुल्क की यात्रा है, जहां उसे अपने डगमगाते व्यापार को संभालना है और जो उसकी कंपनी के लिए बड़ा बाजार रहा है। पेइचिंग में मस्क ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह चीन के साथ सहयोग को बढ़ाना चाहते हैं। बदले में कियांग ने भरोसा दिया कि उनका बाजार विदेशी कंपनियों के लिए हमेशा खुला रहेगा। मस्क के अपने बिजनेस के लिए यह टेक्नॉलजी और चीन का बाजार, दोनों बेहद महत्वपूर्ण हैं। चीन इस समय इलेक्ट्रिक वीइकल का सबसे बड़ा मार्केट है और टेस्ला को चीनी कंपनियां से भरपूर टक्कर मिल रही है। मुकाबले में बने रहने के लिए टेस्ला ने अपनी कीमतें भी घटाई हैं। लेकिन, चीनी कंपनियों को पीछे छोड़ने के लिए अब टेस्ला को सेल्फ ड्राइविंग की तरफ बढ़ना होगा। इसके लिए जरूरी है कि वह चीनी सरकार से अपने लिए समर्थन हासिल करे। कोई औपचारिक घोषणा तो नहीं हुई है लेकिन मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि दोनों पक्षों में इस पर कोई महत्वपूर्ण सहमति बनी है। मस्क की यह चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे। बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरंट कंपनी को जो अल्टिमेटम दिया है, उससे उस पर बैन का खतरा मंडराने लगा है। यूक्रेन-रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं। टेस्ला के लिए चीन के महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। संभवतः इसीलिए मस्क पर आरोप लगते रहे हैं कि पेइचिंग को लेकर उनका रवैया दोहरा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो पैमाना उन्होंने बाकी दुनिया के लिए बनाया है, उससे चीन को छूट दे दी है। हाल ही में एक्स पर फ्री स्पीच को लेकर वह ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट से टकरा गये, तब सवाल उठा कि मस्क को चीन नजर क्यों नहीं आता, जहां अभिव्यक्ति की आजादी जैसी कोई चीज नहीं। मस्क एक चतुर कारोबारी हैं। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां इवी के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाये, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय इवी बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीय बाजार की भविष्य की संभावनाओं की अनदेखी करना संभव नहीं होगा।

**मस्क एक चतुर कारोबारी हैं। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां इवी के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाये, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय इवी बाजार छोटा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**क्रांतिकारी विचारक मार्क्स ने यह मत स्पष्ट किया है कि किसी देश के उत्पादन की मात्रा श्रम का ही प्रतिफल होती है। श्रम ही उत्पादन के निष्क्रिय साधन को सक्रियता प्रदान करता है तथा उसकी आर्थिक उपयोगिता में वृद्धि लाता है। अतः उत्पादन की हर शाखा में चाहे वह कृषि का क्षेत्र हो या उद्योग का श्रम का महत्व केंद्रीय होता है। यह किसी देश में उपलब्ध उत्पादन की मावा की रीढ़ है। जिस देश में श्रम की मात्रा अधिक तथा कार्य-कुशल होती है, उस देश में उत्पादन की मात्रा भी अधिक होती है।**

# श्रमिक का कोई रिजर्व मूल्य नहीं होता



**प्रो तपन कुमार शांडिल्य**



**श्रम दिवस के अवसर पर विशेष आलेख**

प्रारंभ से ही उत्पादन-क्रिया में श्रम का स्थान महत्वपूर्ण रहा है। प्राचीन अर्थशास्त्रियों ने जहां भूमि को सभी उत्पादनों की माता कहा था वहीं श्रम को सभी उत्पादनों के पिता के रूप में स्वीकार किया था। कहने का अर्थ यह है कि उत्पादन के लिए भूमि तवा श्रम दोनों अनिवार्य है तथा दोनों एक-दूसरे पर निर्भर है। भूमि के बिना, श्रम का या श्रम के बिना भूमि का महत्त्व लगभग समाप्त हो जाता है। सभ्यता के प्रारंभ से- जब मनुष्य ने पेड़ से फल तोड़कर खाना सीखा या जानवरों का शिकार कर मांस खाना सीखा-श्रम का महत्व बना हुआ है, जबकि आज मनुष्य की आवश्यकताएं बढ़ गयी है तथा कारखाना-प्रणाली ने उत्पादन को जटिल बना दिया है। क्रांतिकारी विचारक मार्क्स ने यह मत स्पष्ट किया है कि किसी देश के उत्पादन की मात्रा श्रम का ही प्रतिफल होती है। श्रम ही उत्पादन के निष्क्रिय साधन को सक्रियता प्रदान करता है तथा उसकी आर्थिक उपयोगिता में वृद्धि लाता है।

अतः उत्पादन की हर शाखा में चाहे वह कृषि का क्षेत्र हो या उद्योग का श्रम का महत्व केंद्रीय होता है। यह किसी देश में उपलब्ध उत्पादन की मावा की रीढ़ है। जिस देश में श्रम की मात्रा अधिक तथा कार्य-कुशल होती है उस देश में उत्पादन की मात्रा भी अधिक होती है।

श्रम की मात्रा तथा किस्म दोनों ही उत्पादन की मात्रा के प्रधान निर्धारक तत्व है।

श्रम के महत्व का एक और कारण यह है कि श्रम आर्थिक क्रिया का साध्य होता है। श्रम ही उत्पादित धन का उपभोक्ता भी होता है। जिसे युगांतकारी अर्थशास्त्री मार्शल ने मानव-कल्याण में वृद्धि कहा है, वह वस्तुतः श्रम-कल्याण में वृद्धि ही है। है। यह पहलू किसी देश के निवासियों के रहन-सहन के स्तर या आर्थिक विकास के स्तर का सूचक होता है।

श्रम उत्पादन का दूसरा साधन है। उत्पादन के साधन के रूप में श्रम का एक विशिष्ट अर्थ अर्थशास्त्र में ग्रहण किया जाता है। इस विशिष्ट अर्थ में श्रम के लिए तीन आवश्यक तत्व हैं-

**1.** श्रम के अन्तर्गत केवल मनुष्य के प्रयासों या प्रयत्नों को ही शामिल किया जाता है। अन्य जीवधारियों- जैसे जानवर या पशुपक्षी के प्रयत्नों को श्रम में शामिल नहीं किया जाता। हलवाहे द्वारा हल जोतने की क्रिया श्रम के अंतर्गत आती है, लेकिन बैल द्वारा किया गया परिश्रम श्रम के विशिष्ट अर्थ के दायरे से बाहर होता है।

**2.** मनुष्य द्वारा दो प्रकार के प्रयास या प्रयत्न किये जाते हैं- शारीरिक तथा मानसिक। साधारण बोलचाल की भाषा में केवल शारीरिक प्रयत्नों को ही श्रम की श्रेणी में रखा जाता है। लेकिन अर्थशास्त्र में दोनों ही प्रकार के प्रयास श्रम में शामिल है। इस प्रकार शारीरिक श्रम करनेवाले व्यक्तियों जैसे- कुली, हलवाहा, लोहार, मजदूर इत्यादि की क्रियाओं तथा मानसिक श्रम करनेवाले व्यक्तियों जैसे- वकील, अध्यापक इत्यादि की क्रियाओं को श्रम के अंतर्गत शामिल किया जाता है।

**3.** लेकिन मनुष्य द्वारा किये गये सभी शारीरिक तथा मानसिक प्रयत्नों को श्रम में शामिल नहीं किया जाता। जब ये प्रयत्न एक निश्चित उद्देश्य से किये जाते हैं तो इन्हें श्रम कहा जाता है और यह निश्चित उद्देश्य है- धन का उत्पादन करना। उत्पादन के साधन के रूप में श्रम का उद्देश्य सम्पत्ति का उत्पादन करना है। अतः मनुष्य के वही प्रयत्न श्रम में शामिल होते है जिनका संबंध सम्पत्ति के उत्पादन से होता है। मनुष्य के बहुत सारे प्रयत्न दयावश, स्नेहवश या अन्य अनार्थिक उद्देश्यों से किये जाते हैं। ये प्रयत्न श्रम की श्रेणी में नहीं आते। उदाहरण के लिए, अस्पताल में नर्स द्वारा की गयी सेवा श्रम है, जबकि घर में अपने परिवार के सदस्यों के लिए की गयी नर्स की वही सेवा श्रम नहीं है। पहला कार्य आर्थिक उद्देश्य से किया गया है, जबकि दूसरा कार्य केबल पारिवारिक स्नेहवश। इसी प्रकार, मनोरंजन के उद्देश्य से फुटबॉल खेलना श्रम के अंतर्गत नहीं आता, लेकिन धनोपार्जन के उद्देश्य से फुटबॉल खेलना श्रम के अन्तर्गत आता है। उत्पादन के साधन के रूप में श्रम की निम्नांकित प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख किया जा सकता है। श्रम उत्पादन का सकिय एवं गतिशील साधन है भूमि और पूंजी उत्पादन के निष्क्रिय साधन है, जबकि श्रम सक्रिय साधन है। अपनी सक्रियता के कारण ही श्रमिक भूमि तथा पूंजी का प्रयोग कर उन्हें उत्पादन के योग्य बनाता है। साथ ही, श्रम में पर्याप्त गतिशीलता पायी जाती है। इसका प्रयोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर तथा एक प्रयोग से दूसरे प्रयोग के बीच आसानी से किया जा सकता है। सक्रियता तथा गतिशीलता के कारण श्रम में बुद्धि तर्क तथा निर्णय करने की शक्ति होती है। प्रो केयर्नकास ने इसे श्रम की सबसे प्रमुख विशेषता माना है। इनके अनुसार, बुद्धि, तर्क तथा निर्णय करने की शक्ति का प्रयोग श्रम की सर्वाधिक प्रमुख विशेषता है, जिसके आधार पर श्रम को उत्पादन के अन्य साधनों से पृथक किया जा सकता है। श्रम उत्पादन का अत्याज्य या अनिवार्य साधन है बिना श्रम के किसी वस्तु का उत्पादन संभव नहीं है। उत्पादन के लिए सभी साधन अनिवार्य है, किन्तु श्रम की विशेषता यह है कि यह सभी साधनों को उत्पादन के योग्य बनाता है। केवल भूमि तथा पूंजी उत्पादन-कार्य सम्पन्न नहीं कर सकती। जबतक भूमि तथा पूजी को श्रम का सहयोग प्राप्त नहीं होता तबतक उत्पादन संभव नहीं होता। यही कारण है कि हर देश में श्रम की मात्रा तथा उसके गुणों के विकास पर ध्यान दिया जाता है।

श्रम उत्पादन का नाशवान साधन है श्रम उत्पादन का पूर्णतः नाशवान साधन है। इसका संग्रह नहीं किया जा सकता। जिस दिन श्रमिक कार्य नहीं करता उस दिन का उसका श्रम नष्ट हो जाता है। यह विशेषता श्रम को भूमि तथा पूंजी से पृथक कर देती है। भूमि पूर्णतः स्थायी साधन है, जबकि पूंजी भी अपेक्षाकृत स्थायी साधन है। इसके विपरीत, श्रम समय बीतने के साथ-साथ नष्ट होता जाता है। श्रम उत्पादन का साधन तथा साध्य दोनों है उत्पादन श्रम के द्वारा और श्रम के लिए ही किया जाता है। श्रम उत्पादक भी है और उपभोक्ता भी। मनुष्य अपने श्रम के द्वारा धन का उत्पादन करता है और वही इस धन का उपभोग भी करता है। भूमि तथा पूंजी केवल उत्पादक हैं, उपभोक्ता नहीं, जबकि श्रम दोनों है। मार्शल ने कहा है कि मनुष्य उस धन के उत्पादन का प्रधान साधन है जिसका वह अंतिम उद्देश्य अर्थात उपभोक्ता भी है। सजीव साधन होने के कारण श्रम उत्पादन का साधन और साध्य दोनों होता है।

श्रम में मोल-भाव करने की शक्ति कम होती है श्रम के नाशवान होने के फलस्वरूप ही यह विशेषता स्पष्ट होती है। मोलभाव करने को श्रम की शक्ति कम होती है क्योंकि नाशवान स्वभाव के कारण वह प्रतीक्षा नहीं कर सकता। जैसा कि एरिक रॉल ने कहा है- श्रमिक का कोई रिजर्व मूल्य नहीं होता। इसी के कारण पूंजीपति श्रम का शोषण करने में समर्थ होते हैं। शोषण से मुक्ति पाने के लिए ही श्रमिकों ने मजदूर संघों का संगठन किया है। इन संघों ने श्रमिकों के मोलभाव करने की शक्ति बहुत हद तक बढ़ा दी है। श्रम तथा श्रमिक के बीच विभेद नहीं किया जा सकता श्रम तथा श्रमिक एक ही चीज हैं और दोनों के बीच विभाजन की रेखा नहीं खींची जा सकती। जहां के लिए श्रम बेचा गया है, वहां श्रमिकों की उपस्थिति अनिवार्य है। उनके बिना श्रम हो ही नहीं सकता। अतः श्रम और श्रमिक पर्यायवाची हैं।

श्रमिक अपना श्रम बेचता है, खुद को नहीं बेचता यद्यपि श्रम और श्रमिक एक ही चीज है तथापि श्रमिक केवल अपना श्रम बेचता है, अपने आपको नहीं बेचता। अपनी योग्यता तथा कुशलता का मालिक वह स्वयं बना रहता है। उस योग्यता के द्वारा संपन्न कार्य तथा उसमें लगे हुए श्रम को वह अवश्य बेचता है और पारिश्रमिक प्राप्त करता है। श्रम की पूर्ति में कमी-बेशी धीरे-धीरे होती है भूमि की पूर्ति निश्चित है और पूंजी की पूर्ति में तीव्रता से कमी-बेशी आ सकती है। श्रम की पूर्ति में कमी-बेशी इन दोनों के बीच में होती है। इसमें धीरे-धीरे परिवर्तन होता है। इसका कारण यह है कि श्रम की पुत्ति जनसंख्या तथा उसकी वृद्धि की दर पर निर्भर करती है और उसे अचानक घटाया या बढ़ाया नहीं जा सकता। श्रम की कार्यक्षमता में वृद्धि की जा सकती है शिक्षा तथा अभ्यास के द्वारा श्रम की कार्यक्षमता में वृद्धि की जा सकती है। डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर, वायुयान-चालक इत्यादि श्रम की बढ़ी हुई कार्यक्षमता के उदाहरण है। यह किसी देश के आर्थिक विकास का महत्त्वपूर्ण आधार होता है। जिस देश में श्रम की कार्यक्षमता अधिक होती है उस देश में उत्पादन की मात्रा तथा किस्म अच्छी होती है। लेकिन इन दिनों श्रम के महत्त्व में थोड़ी कमी आयी है। इसका कारण यह है कि आधुनिक उत्पादन-प्रणाली की जटिलता बढ़ती जा रही है। अब उत्पादन की क्रिया में श्रम बचानेवाले तरीकों का प्रयोग होने लगा है। श्रम का कार्य मशीनों की सहायता से लिया जाने लगा है और एक मशीन हजारों श्रमिकों के काम को शीघ्रता से समाप्त कर देती है। इसके फलस्वरूप श्रम के महत्त्व में थोड़ी-बहुत कमी आयी है। लेकिन यह कभी केवल श्रम की मात्रा के महत्त्व में आयी है। श्रम की किस्म का महत्त्व तो बना हुआ है। मशीन या पूंजी के महत्त्व में जिस अनुपात में वृद्धि हुई है, श्रम का महत्त्व भी लगभग उसी अनुपात में घट गया है। लेकिन यह असंभव है कि उत्पादन-क्रिया में श्रम के महत्त्व को पूर्णतः समाप्त कर दिया जाए। उत्पादन के अनिवार्य या अत्याज्य साधन के रूप में इसका महत्त्व कभी समाप्त होने को नहीं है। किसी कारखाने में मशीन के प्रयोग के फलस्वरूप मजदूरों की संख्या में कमी आ सकती है, लेकिन कुछ-न-कुछ श्रमिक तो रहेंगे ही। अतः श्रम की मात्रा का महत्त्व बोड़ा-बहुत भले ही घटता है, अनिवार्य साधन के रूप में इसका महत्त्व अब भी बना हुआ है।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड के कुलपति हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### नामांकन सभा में दिखी एनडीए की एकजुटता, पांच लाख से अधिक मतों से जीताने का लिया संकल्प

# अबकी बार 400 पार : गजेंद्र सिंह शेखावत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बिद्युत बरण महतो ने नामांकन दाखिल किया। इसके बाद साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में बिद्युत बरण महतो के नामांकन सभा में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत माता की जय, जय श्री राम के नारे एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ जमशेदपुर सहित झारखंड के सभी 14 सीटों पर भाजपा एवं एनडीए की जीत का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा यूपीए के कार्यालय में देश में दो ही तरह की खबरें सुर्खियों में रहती थी। एक तो घोटालों की खबर और दूसरा देश के विभिन्न क्षेत्रों में बम धमाकों की खबर। कांग्रेस के कार्यकाल में करीब 12 लाख करोड़ रुपये के घोटालों की खबर मिलती थी तो वहीं देश के खस्ताहाल आर्थिक स्तिथि के बीच देश के आर्थिक राजधानी में आतंकी हमले एवं बम धमाकों की खबरें सुर्खियों में रहती थी। परंतु आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की तरक्की और उन्नति की खबरें देखने को मिल रही है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने झारखंड की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार विकास विरोधी एवं भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। झामुमो-कांग्रेस और राजद की स्वार्थी गठबंधन सरकार जनता के मुद्दों और उनके हितों को भूलकर सिर्फ अपनी झोली भरने में व्यस्त है। झारखंड की गठबंधन सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार के नित नए कीर्तिमान ने झारखंड को पूरे देश में शर्मसार किया है। अबकी पार 400 पार के संकल्प के साथ 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को सिद्ध करने के लिए इस यज्ञ में अपनी वोटों की आहुति एवं अपना बहुमूल्य आशीर्वाद और समर्थन भाजपा के उम्मीदवार एवं जनप्रिय प्रतिनिधि बिद्युत बरण महतो को दीजिए।

**तीसरी बार सांसद बनायें : अर्जुन मुंडा**

वहीं, केंद्रीय जनजाति एवं कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा में विद्युत वरण महतो को वोट देकर तीसरी बार सांसद बनाने एवं नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में सिर्फ राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त नहीं हुआ बल्कि रामराज्य लाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। मोदी जी की सरकार लोगों के जीवन को खुशहाल एवं मजबूत बनाकर विकसित, समृद्ध और सशक्त भारत के साथ देश को विश्वगुरु बनायेगी।

**बिद्युत बरण महतो ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया**

जमशेदपुर के निवर्तमान सांसद बिद्युत बरण महतो ने नामांकन सभा के दौरान भीषण गर्मी और तपती धूप में अपना आशीर्वाद और समर्थन देने आये जमशेदपुर की जनता और भाजपा, आजसू, लोजपा एवं जेडीयू कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि जनसैलाब से इंडी गठबंधन के नेताओं की नींद आज से उड़ जायेगी। बिद्युत बरण महतो ने पिछले दस वर्षों में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में किये गए विकास कार्यों और उपलब्धि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचारों पर चलकर देश को आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। बिद्युत बरण महतो ने कहा कि जमशेदपुर लोकसभा में जो कार्य रह गए हैं, उनको पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सभा के दौरान मंच संचालन जमशेदपुर लोकसभा के सह संयोजक लक्ष्मण टुडू, स्वागत संबोधन भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव ने किया। नामांकन सभा में पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पद्मश्री जमुना टुडू, पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, कल्याणी शरण, पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र सिंह, मुचिराम बाउरी, लखन मार्डी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, दिनेश कुमार, दिनेश साव, नीरज सिंह, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, कुलवंत सिंह बंटी, रीता मिश्रा, राजन सिंह, रमेश हांसदा, अमित सिंह उर्फ बौबी सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, मनोज राम, महावीर सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## झारखंड क्षत्रिय संघ ने गजेंद्र सिंह शेखावत का एयरपोर्ट में किया अभिनंदन

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। झारखंड क्षत्रिय संघ ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर अभिनंदन और स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह और महिला अध्यक्ष डॉ कविता परमार ने सयुक्त रूप से अंगवस्त्र व फूलों के गुलदस्ता भेट कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बागबेड़ा जिला परिषद डॉक्टर कविता परमार ,घाटशिला के जिला परिषद करण सिंह ,क्षत्रिय संघ के संरक्षक नंदकुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजीव सिंह उपस्थित रहे। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा सनातन धर्म को बचाने व राष्ट्र के विकास के लिए देश के हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। उन्होंने जिप सदस्यों व भाजपा नेताओं से बातचीत कर प्रत्याशी की जीत के लिए रणनीति बनाते हुए अपनी सुझाव दी। बहुत कम समय में ही उन्होंने अपनी बातों को सरल और मजबूती से उपस्थित लोगों के बीच में रखा। उन्होंने कहा राष्ट्र के निर्माण में सनातन धर्म के लिए क्षत्रियों की अहम भूमिका रही है। इसका इतिहास गवाह है।**

# टाटा स्टील और टेक्समिन ने भारत के खनन क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए की ऐतिहासिक साझेदारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग डिविजन और आईआईटी धनबाद में खनन प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र टेक्समिन के माध्यम से एक ऐतिहासिक साझेदारी की। इसके माध्यम से भारत में नवाचार को बढ़ावा देना और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के परिदृश्य को नया आकार देने का प्रयास है। यह समझौता खनन उद्योग को माइनिंग 4.0 के युग में आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह एक टिकाऊ और कुशल भविष्य को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (रॉ मैटेरियल्स) डी.बी. सुंदर रामम ने कहा कि टेक्समिन के सहयोग से टाटा स्टील को खनन उद्योग में नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने का एक रोमांचक अवसर मिलेगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति, कौशल विकास और नवीन तकनीकों को प्राथमिकता देकर सहयोग संसाधन प्रबंधन प्रथाओं को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है। साथ मिलकर लक्ष्य दक्षता और स्थिरता के लिए नये मानक स्थापित की जायेगी, ताकि पूरे क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव आ सके। टेक्समिन के परियोजना निदेशक और आईआईटी के उप निदेशक प्रो. धीरज कुमार ने कहा कि टीएसआईसी के साथ यह साझेदारी खनन क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार व कौशल वृद्धि की दिशा में एक रोमांचक अभियान की शुरूआत है। टेक्समिन के सीईओ सूरज प्रकाश ने संगठन के दूरदर्शी दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा तकनीकी नवाचारों को बढ़ाने और खनन उद्यमों को डिजिटल परिवर्तन पर प्रोत्साहित के अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। यह सहयोगात्मक प्रयास खनन प्रथाओं को आगे बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने और इसमें शामिल सभी हितधारकों के लिए पारस्परिक समृद्धि के लिए अनुकूल परिदृश्य उत्पन्न करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ ने चुनाव के दौरान कमान काटने पर रोक लगाने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा के नेतृत में एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन सह जिलासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी पूर्वी सिंहभुम से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने डीसी पूर्वी सिंहभूम सह जिला दंडाधिकारी के नाम से संबोधित पत्र की छाया प्रति समर्पित कर चुनाव ड्यूटी पूरा होने तक कार्यालय में किसी तरह की कमान नही काटने के लिए अनुरोध किया। कमल शर्मा ने बताया लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव ड्यूटी के लिए गृहरक्षको को कॉल किया गया है। जानकारी के लिए विभिन्न संसाधनों के माध्यम से कार्यालय के द्वारा सूचना पट् व्हाट्सएप और समाचार पत्रों में विज्ञापन छपवाया गया था। विज्ञापन में 342 गृह रक्षकों का नाम की सूची निकाली गयी। इसमें केवल वर्तमान समय में लगभग डेढ़ सौ जवानों ने चुनाव ड्यूटी के लिए आगमन पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आगामी 6 मई 2024 से 4 जून तक लगभग एक माह के लिए ड्यूटी का आवंटन किया गया। इसके बावजूद गृहरक्षों के द्वारा होमगार्ड कार्यालय में कमान कटवाया जारहा है। श्री शर्मा ने बताया सोची समझी साजिश के तहत इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। जो सोचनीय विषय है। कॉलअप भुगतान के आधार पर प्रतिनियुक्ति सभी गृह रक्षकों को ड्यूटी से क्लोज करने के लिए आदेश जारी किया गया है। इस संबंध में उन प्रतिष्ठान एवं विभाग को पत्राचार कर जानकारी दी गई है। आखिर ड्यूटी करने से क्यों कतरा रहे हैं जवान। उन लोगों की मंशा स्पष्ट झलकती है। उन्होंने बताया जब चुनाव ड्यूटी का कोटा पूर्ण नही होरहा तो कमान कैसे काटा जारहा है। जवान चुनाव ड्यूटी जाने से कतरा रहे है। जिसके कारण चुनाव ड्यूटी के लिए रफ्तार धीमी पड़ गई है। कमल शर्मा ने गृहरक्षा वाहिनी के जिलासमादेष्टा से अभिलंब रोक लगाने की मांग की। उधर जानकारी मिलने पर डीएसपी ने तत्काल प्रभाव से होमगार्ड कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी से टेलीफोन के माध्यम से वार्ता कर स्पष्ट रूप से आदेश देते हुए कहा जब तक चुनाव ड्यूटी संपन्न नहीं होती किसी प्रकार की कोई आदेश पत्र कार्यालय से निर्गत नहीं किया जायेगा।

## सांसद प्रतिनिधि को मातृ शोक



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल उतरी के मंडल सांसद प्रतिनिधि रुपु महतो और ड्राइवर सूरज महतो की वयोवृद्ध मां का निधन मंगलवार की सुबह में हो गया है। उनके निधन की खबर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, मंडल अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, मनोज जायसवाल, चंद्रमणि पाठक, विजय प्रसाद, डॉ लालमोहन, रियासत अंसारी, विनोद प्रसाद कश्यप सहित कई लोग पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिये। उनका अंतिम संस्कार मेराल पूवार्रा टोला स्थित सरस्वती नदी श्मसान घाट पर किया गया।

# एसपी ने अति संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच किया। सबसे पहले उन्होंने सोनेहरा के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बूथ संख्या 91, 92, 93 और 94 पर मौजूदा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। विद्यालय प्रबंधन के लोगों से सुविधाओं के बारे में बातचीत की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने रारो मध्य विद्यालय सहित कई बूथों का निरीक्षण कर मौजूदा सुविधाओं की जांच की। जांच की गयी सभी



पोलिंग बूथों की मौजूदा सुविधाएं ठीक-ठाक पाया गया है। बूथों के निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने मतदान को लेकर मतदाताओं की राय भी जानी और लोगों से मतदान करने के लिए अनुरोध भी किया। साथ ही उन्होंने बाहर में रह रहे मतदाताओं को वोट देने के लिए बुलवाने का लोगों से आग्रह किया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि क्षेत्र में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव का मध्य नजर पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। संवेदनशील और अति संवेदनशील पोलिंग बूथ पर कड़ी सुरक्षा होगी और मतदाताओं को मतदान के लिए अधिकार से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। वोट डालने वाले व्यक्ति कड़ी सुरक्षा के बीच बिना डर भय के वोट डालेंगे। साथ ही उन्होंने प्रखंड के लोगों से अपील किया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करें। आपको बता दे कि प्रखंड भर में कुल 60 मतदान केंद्र हैं जो 36 भवनों में अवस्थित है और प्रखंड भर में 51403 मतदाता हैं। 13 मई को होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सभी स्तर के प्रशासन जुटे हुए हैं। वहीं लगातार मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# बीडीओ की मौत की जांच सीबीआइ से कराने की मांग

**आवेदन में जिप सदस्य ने कहा कि बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा का फांसी लगाकर आत्महत्या करना संदेहाष्पद प्रतीत हो रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** बिशुनपुरा प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा द्वारा सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की मामले को लेकर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी ने गढ़वा अपर



समाहर्ता को लिखित आवेदन देकर बीडीओ की मौत की सीबीआई से जांच कराने की मांग किया है। आवेदन में जिप सदस्य ने कहा कि बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा की प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या संदेहाष्पद प्रतीत हो रहा है, उनकी मौत को लेकर क्षेत्र के लोगों के बीच तरह तरह की चर्चा हो रही है। दिवंगत बीडीओ अनुसूचित जनजाति परिवार से आते थे। कहा कि प्रखंड के पदाधिकारी व अन्य कर्मी स्वतंत्रता पूर्वक निर्भीक होकर अपने कार्यो का निष्पादन कर सकें, इसलिए मृतक बीडीओ की मौत की सीबीआई से जांच कराकर उनके परिजनों को न्याय दिलाने हेतु अपर समाहर्ता से नियमाकुल कार्रवाई करने की मांग की है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपा नगर मंडल ने बनायी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में रुकमणी साहून धर्मशाला पुरानी बाजार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में पीएम मोदी के आगमन पर बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में शामिल होने की रणनीति बनायी गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य सूरज गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने कहा अबकी बार 400 के पार के नारा को बुलंद करते हुए। देश ही नहीं विश्व के लोकप्रिय नेता को एकबार फिर से राजगद्दी पर बैठने के लिए तन मन से जुट जाना है। अध्यक्ष उमेश कश्यप ने यह कहा कि 4 मई को पलामू लोकसभा के चुनाव प्रचार प्रसार के निमित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने जा रहा है। मेदनिनगर चियाकी हवाई अड्डा पर




नगर मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि इस कार्यक्रम में नगर मंडल के सभी 21 वार्ड 33 बूथ से लगभग 2000 कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम में भाग लेना है। वहां प्रधानमंत्री के बातों को सुन कर जन जन तक पहुंचाना है। अपने प्रत्याशी को अपार मत से विजयी बनाना है। जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने कहा कि हमने वह दिन देखा है जब भारत में भाजपा का एक और दो सीट आता था। आज हम सत्ता में हैं हम सबों के लिए बड़े गौरव का विषय है। मोदी जी ने राम राज्य ला दिया है। मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश कश्यप, वर्तमान सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल, गौरी शंकर बिंद, बंधु राम, शुभम गुप्ता, संजय केसरी, मनोज पाठक, मनोज कुशवाहा, लखन गुप्ता, संतोष कश्यप, टिंकू गुप्ता, मुन्ना कश्यप, सविता देवी, वार्ड पार्षद सुरेश अग्रवाल, अजय पासवान, विशाल, मुकेश, मोदनवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**सारे काम छोड़ दो, 13 मई को सबसे पहले वोट दो, के लगाएं नारे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** पलामू लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को होने वाला आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी के छात्रों द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली कॉलेज परिसर से होते हुए बंका मोड़, बस स्टैंड, लखेया मोड़ होते हुए कॉलेज में पहुंच कर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में सारे काम छोड़ दो 13 मई को सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को आम चुनाव में मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

रैली को सफल बनाने में कॉलेज के डायरेक्टर लव कुमार, विकास कुमार मिश्र, लेक्चरर मनीष कुमार तिवारी, किंजल राठौड़, अंजनी कुमारी, ममता कुमारी, ओम प्रकाश, लव कुमार और सभी छात्र छात्राओं का योगदान रहा।

## जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान जरूरी : डॉ अनिल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड नर्सिंग में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन कर 15 यूनिट रक्तदान किया गया। सदर अस्पताल गढ़वा के ब्लड बैंक सहायक प्रदीप कुमार के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक और सुप्रसिद्ध चिकित्सा डॉ अनिल साव ने कहा किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड नर्सिंग में वर्ष में दो बार शिविर लगाकर रक्तदान किया जाता है। उन्होंने युवाओं तथा समाजसेवियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। ब्लड बैंक में रक्त संग्रह किए जाने से आपात स्थिति में किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से लोग कई प्रकार की बीमारियों के खतरे से मुक्त रहते हैं। रक्तदान करने वालों में डॉ अनिल कुमार साव, डायरेक्टर लव कुमार सिंह, ओम विश्वकर्मा, दिलीप शर्मा, श्रीकांत चौधरी, विकास कुमार मिश्रा, पंकज कुमार, मनीष तिवारी, किंजल राठौड़, अंजली कुमारी, लव कुमार, रामाकांत प्रसाद, इंद्रजीत कुमार, सुविता देवी, अभिनव कुमार ने एक-एक यूनिट रक्तदान किया। मौके पर श्रीकांत चौधरी, इंद्रजीत कुमार सहित कई लोग थे।

## साला ने बहनोई को पीटकर घायल किया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जिरहूला गांव में बीती रात्रि आपसी विवाद में हुए मारपीट में साला ने अपने बहनोई को मारपीट कर घायल कर दिया। उसे घायल अवस्था में स्थानीय सीचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। रात्रि में पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी साला रविशंकर मेहता पिता कामेश्वर मेहता मेराल के बंका निवासी को प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना के संबंध में घायल जीतन मेहता ने बताया की रात्रि में वह अपने घर में खाना खा रहा था, इसी बीच मेरा साला रवि शंकर मेहता और मेरे छोटे भाई के पत्नी सुगवंति देवी ने लाठी और टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया। उसने बताया की मेरा साला पत्नी के डिलेवरी में मुझे दस हजार रुपये कर्ज दिया था, जिसे वह मांग रहा था, जब मैं बोला की पैसा अभी नही है, बाद में दे देंगे। इसी बात को लेकर मारपीट हो गयी। कहा कि उसके छोटे भाई प्रदीप मेहता की पत्नी मेरी अपनी साली है। इस मारपीट की घटना में सुगवंती देवी का भी माथा फट गया है।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा चांद क्रिकेट क्लब के तत्वधान में दर स्कूल पास सीजन 2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल खेलने मानसिक और शारीरिक विकास होती है, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिये। उद्घाटन मैच विशुनपुरा गांधी क्रिकेट क्लब और खरौंधी चंदनी



क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। विशुनपुरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित दस ओवर में सात विकेट खोकर 64 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी खरौंधी टीम ने दस ओवर में 9 विकेट खोकर 63 रन ही बना पायी। विशुनपुरा टीम ने दो रन से मैच को जीता लिया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, कमिटी के अध्यक्ष गुलाम राजा, सचिव डॉ समसे आलम, कोषाध्यक्ष मोबारक अंसारी, डाइरेक्टर मुना अंसारी, सदारत मतवर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में गढ़वा शहर के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। और डॉ कमलेश ने कहा पहले करें मतदान फिर करें जल पान। क्योंकि मजबूत भारत निर्माण के लिए एक एक वोट किमती है इसलिए लोकतंत्र के महा पर्व में 13 मई को पलामू लोकसभा चुनाव में आप सभी लोग अपने अपने घरों से निकलाये और अपना मतदान किजिए और अपने घर परिवार गांव मुहल्ले के लोगों को भी जागरूक किजिए ताकि हमारे गढ़वा जिले में हो शत प्रतिशत मतदान तभी तो हम गर्व से कहेंगे मेरा भारत महान तो आइये हम सभी मिलकर लायंस विशाल के मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़कर जन जन तक पहुंचाये जागरुकता अभियान, इस जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से शामिल थे डॉ अरसद अंसारी डॉ एस के विश्वकर्मा, नन्दलाल प्रसाद, देवानंद शर्मा, गिरिश कमलापुरी और गढ़वा के आम नागरिक गण उपस्थित थे।

# विशुनपुरा में गांव वालों की मदद से असहाय लड़की की करायी गयी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** असहाय लड़की की शादी गांव वालों की मदद से करायी गयी। विशुनपुरा निवासी स्व दामोदर कुम्हार के छोटी पुत्री सोभा कुमारी की शादी पोखरा चौक स्थित विष्णु मंदिर में धूमधाम से करायी गयी।

सोभा कुमारी की शादी गांव के ही नवल किशोर गुप्ता के अगुआई में रारो गांव के भोला प्रजापत्ति के पुत्र मनोज प्रजापति के साथ तय किया गया था। जिसके बाद घर के माली हालत खराब रहने के कारण प्रबुद्ध लोगों के द्वारा आपस मे चंदा कर विवाह के सभी सामग्री का व्यवस्था करायी गयी। उसके बाद मंगलवार को हिन्दू रीती रिवाज से विष्णु मंदिर में धूमधाम से शादी करायी गयी। शादी में भोजन की समुचित व्यवस्था गौरीशंकर गुप्ता के द्वारा करायी गयी थी।

स्व दामोदर प्रजापति के तीन



लड़की है, सोभा के दो बड़ी बहन लालती देवी और बसंती देवी की शादी गांव वालों के ही मदद से विष्णु मंदिर में ही करायी गयी थी। शादी समारोह में गांव के आस पास के सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। महिलाओं नें बेटी की तरह सभी रस्मों को पूरा किया। लड़की की मां स्व उर्मिला देवी की मौत 12 वर्ष पूर्व और पिता स्व दामोदर प्रजापति की मौत 5 वर्ष पूर्व हो गया था, जिसके बाद गांव वालों के सहयोग से ही भरण पोषण किया जा रहा रहा था। स्व दामोदर प्रजापत्ति मिट्टी के सामग्री बना कर जीवकोपार्जन करते थे। इस मौके पर विष्णु मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, अनिल कुमार, संजय चंद्रवंशी, जितेंद्र गुप्ता, असगंध सोनी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## उप श्रमायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(संयुक्त श्रम भवन, आई०टी०आई० परिसर, सिन्दुर, हजारीबाग
Email id- boc.hazaribagh@gmail.com)

**आम-सूचना**

हजारीबाग जिला के सभी प्रतिष्ठान/खनन क्षेत्र/उद्योग/पुल निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्ठा/क्रसर एवं मनरेगा से संबंधित नियोजक/संवेदक अपने यहाँ नियोजित कामगारों को Heat Wave से बचाव हेतु कार्य स्थल पर निम्न सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

1. कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/ नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peack Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत करना।
6. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
   उद्योग/वाणिज्यिक
7. संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
8. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंपल गवाना।

"आपका वोट, आपका भविष्य"

श्रम अधीक्षक, हजारीबाग।

PR.NO.324252 Labour Employment and Traning(24-25):D

## सहियाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के चंदवा टोला पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति बलिगढ के तत्वाधान में स्वास्थ्य सहिया और ग्राम स्वास्थ्य समिति के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली बलिगढ़ ग्राम के चंदवा टोला पर से निकाला गया। जिसमें 'सच्चे मतदाता की एक ही पहचान, नगद शराब या मुफ्त उपहार बिना करें मतदान' आदि स्लोगन बोलते हुए लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य सहिया ममता देवी, संगीता देवी, उषा देवी, संगीता देवी, अमृता देवी, सिमा देवी, ललिता देवी, देवंती देवी, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने सादर थाना अंतर्गत नावाडीह गांव के उपाध्याय सिंह नामक व्यक्ति के घर से छापामारी कर एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इसकी जानकारी एस डी पी ओ पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने गढ़वा थाने में प्रेस वार्ता कर दी।

उन्होंने बताया कि अगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के द्वारा लगातार असाजिक तत्वों के विरूद्ध छापामारी करने का निर्देश दिया गया था। साथ ही कुछ ऐसे असुरक्षित मतदान केंद्र को चिन्हित किया गया है, जहां विगत लोकसभा चुनाव में भी



हिंसा हुई थी। उन मतदान केंद्रों को चिन्हीत कर वहां के आसपास के असामाजिक तत्वों के विरूद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार की रात्रि गुप्त सूचना मिली कि गढ़वा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी उपाध्याय सिंह अपने साथ अवैध अग्येनाशस्त्र रखे हुए हैं। जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक को दिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उपाध्याय सिंह के घर में छापामारी किया गया। इस दौरान उसके पास से लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ। जिसका नाल खोलकर देखने पर एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उपाध्याय सिंह ने बताया कि बरामद हथियार दरमी गांव निवासी क्यूम खान से खरीदा है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि पूर्व में दरमी नवाडीह स्थित बूथ 160,161, 162 बूथों को गंभीर श्रेणी में रखा गया है। उक्त बूथों के आसपास के असमाजिक तत्त्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

छापामारी दल में उनके अलावे गढ़वा थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहु, पुलिस अवर निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, गौतम कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, आरक्षी विक्रम कुमार देवकुमार उरांव और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## श्रम अधीक्षक का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, सिमडेगा

rsby.simdega@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

Heat wave से बचाव के लिए औधोगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईट भट्ठा/क्रशर एवं मनरेगा अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों को में कार्यरत श्रमिकों को कार्य स्थलों पर निम्न सुविधाए उपलब्ध कराये जाने हेतु निदेश प्राप्त है:–

1. कार्य स्थलो पर शीतल पेयजल के लिए व्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औधोगिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्व पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृति में अभिवृद्वि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्कें कार्यो को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Contition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उधोग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से सम्बन्धित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

श्रम अधीक्षक
सिमडेगा

PR 324257 Labour Employment and Traning (24-25)_D

# यात्रियों से भरी सवारी गाड़ी घाटी में पलटी, दो की मौत, 15 घायल




आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** अड़की से खरसावां भाया कुचाई रोड पर मंगलवार को अड़की थाना क्षेत्र के बड़ानी के तीखे मोड पर यात्रियो से भरी सवारी गाड़ी के पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 लोग घायल हो गये। मृतकों में हेठ कांची बुंडू निवासी रोहित मुंडा (21 वर्ष) और बुंडू बारूहातू बाडेडा निवासी प्रकाश मुंडा(18 वर्ष) शामिल हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुंडू थाना के हेठ कांची निवासी देवानंद मुंडा उर्फ देवान मुंडा की बेटी की शादी कुचाई प्रखंड के बारूहातू में हुई थी। लड़की पक्ष के लोग बहू भात में शामिल होकर वहां से लौट रहे थे। बडानी घाटी के तीखे मोड़ पर चालक के संतुलन खो देने से सवारी गाड़ी पलट कर गहरी खाई में जा गिरी। इसमें 15 से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों में महिलाओं की संख्या अधिक है।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर अड़की थाना प्रभारी मुकेश यादव घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को कल्याण अस्पताल अड़की लाया गया। घायलों में रमनी देवी, सावित्री देवी, भाजपति देवी, अंतरा कुमारी, अमित मुंडा, सुंदरमनी देवी, मंजू देवी, संजोती कुमारी, अशोमती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी रायधोनी देवी, गुरुचरण मुंडा, संजय मुंडा, सोमबारी देवी का इलाज चल रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल हेठ कांची निवासी अजय मुंडा को बेहतर इलाज के लिए खूंटी सदर खूंटी से रिम्स रेफर कर दिया गया।

## पंखे से लटक कर पहले पत्नी की मौत, 24 घंटे के अंदर पति ने दी जान



**मुरी (आजाद सिपाही)।** आज सुबह सुबह छोटा मुरी बुद्धा स्कूल के समीप मुकुल शर्मा ने पंखे से लटक कर जान दे दी और उसकी पत्नी सन्ध्या ने गत दिन लगभग 11 00 बजे पंखे से लटक कर अपनी जीवन को मौत के हवाले कर दिया था। इसे लेकर मुरी में सनसनी फैल गयी। पहले पहले पत्नी ने गत दिन लगभग 11:00 बजे दिन पंखे से लटक कर जान दे दी। 24 धंटे बीता नहीं बीता कि आज सुबह-सुबह पति मुकुल शर्मा ने भी पंखे से लटक कर जान दे दी। पुलिस शव को कस्टडी में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक युवती रामपुर सिल्ली में प्राइवेट स्कूल नेचर हॉट पब्लिक स्कूल में शिक्षिका थी। पति भी प्राइवेट में धंधा कर गुजारा कर रहा था। एक छ साल का लड़का आर्यन अकेला पड़ गया। धटना के कारण में परिवार के बड़े भाई मोहन शर्मा ने सिर्फ इतना बताया कि सबकुछ ठीक था। दोनों अच्छे से रह रहे थे, क्या हुआ अचानक से मैं समझ नहीं पा रहा हूं। पर समाज में मौत के कारणों पर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पति मुकुल शर्मा की मौत के पीछे डिप्रेशन बताया जा रहा है, परिस्थिति मुकुल के खिलाफ था। लड़की के परिवार अपनी बेटी के मौत जिम्मेदार मुकूल शर्मा को ही ठहरा रहे थे।दोहरी मौत से मुरी में लोग आश्चर्यचकित और सदमे में हैं। शर्मा जी का परिवार समाज में अच्छे परिवार के रूप में जाना जाता था। सभी भाई मेंहनत से जीविका चला रहे थे।

## सभी प्रत्याशी जल्द अपने इलेक्शन एजेंट की प्रतिनियुक्ति करें : जिला निर्वाची पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** निवार्ची पदाधिकारी, 11 - खूंटी (अज जा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा, सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी, (भाप्रसे), पुलिस प्रेक्षक, डॉ मनोज कुमार, (भापुसे) और व्यय प्रेक्षक एसआर नेदुमारन, (भारासे) की अध्यक्षता में लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 को लेकर मंगलवार कों समाहरणालय सभागार में प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में बताया गया कि सभी प्रत्याशियों को मतदान केंद्रों की सूची उपलब्ध कराई जा चुकी है। सभी प्रत्याशी अपने इलेक्शन एजेंट प्रतिनियुक्त करें, जिनके द्वारा जारी दिशा निदेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है। बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही वैसे संबंधित रेट चार्ट उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके आधार पर प्रत्याशियों के व्यय की गणना होगी। इसके अतिरिक्त व्यय से संबंधित दो मई, छह मई और दस मई को रजिस्टर का मिलान डीआरडीए सभागार में पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशियों को आवश्यक प्रपत्रों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एक मई को द्वितीय रेंडमाइजेशन किया जायेगा। लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बिंदुओं पर जानकारी दी। जिले में दो मई से 10 मई तक इससे संबंधित प्रशिक्षण और सुविधा केंद्र के लिए बिरसा कॉलेज और लोयला इंटर कॉलेज के स्थलों को चयनित किया गया है। इसमें इलेक्शन एजेंट उपस्थित रहें। साथ ही सर्विस वोटर और होम वोटिंग को लेकर जानकारी दी गयी। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है है, इसमें सभी बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रह सकते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त 58 तमाड़ (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केन्द्रों के रिलाकेशन के संबंध में जानकारी दी गयी। सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर सभी प्रयास किए गए हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने को लेकर की गयी तैयारी की जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक द्वारा व्यय संबंधित विषयों पर विभिन्न रेजिस्टरों की जानकारी दी गयी।

### इंटर परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## 351 अंक प्राप्त कर अजय गंझू बने स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड इंटर मिडिएट परीक्षा 2024 मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्ट संकाय मे स्कूल से कुल 50 छात्र-छात्राएं इंटर परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी,32 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के बच्चों का परिणाम इस वर्ष शत प्रतिशत रहा। स्कूल द्वारा जारी सूचना के अनुसार अजय गंझु 351 अंक प्राप्त कर स्कूल का टॉपर बना है। वही 342 अंकों के साथ सुमन कुमारी दूसरे और 336 अंकों के साथ स्वीटी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह जुही कुमारी 331 अंक, पुनीता कुमारी 325 अंक, पवन कुमार 324 अंक, निशा कुमारी व वनिता कुमारी 320 अंक, संतोषी कुमारी 319 अंक और हेमन्ती कुमारी 313 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने परीक्षा में सफल सभी बच्चों को बधाई दी है और आगे उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की है। इसके साथ ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी स्कूल के सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। मैट्रिक परीक्षा में भी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है आरसेटी : सुशील कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक नाबार्ड के सहयोग से लघु उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गैर सरकारी संस्था अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर रांची और प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत गैर सरकारी संस्था लीड्स द्वारा आयोजित धूप बत्ती निर्माण के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी सेंटर खूंटी के सुशील कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में आरसेटी और बैंको की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आरसेटी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों खासकर महिलाओं को विभिन्न तरह का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मिनर्भर बनाने के प्रयास में जुटा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बेहतरी के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम मुरहू प्रखंड की कोड़ाकेल पंचायत कें तुंबाकेल गांव में चल रहा है। इसमें स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाएं शामिल हैं। 18 मई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर संस्था के प्रशिक्षक राजकुमार ने महिलाओं को धूपबत्ती निर्माण की जानकरी दी ज रही है। महिलाओं को धूप बत्ती के बेहतर रख रखाव के साथ-साथ बाजार मूल्य की भी जानकारी दी गयी। मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचायत के मुखिया सहित जेएसएलपीएस की बीपीएम सुषमा कुमारी, लीड्स संस्था के बिनोद कुमार सिंह, विनोद राम, रांची टीम से जिला विकास प्रबंधक रवि शंकर, अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर के निदेशक आशुतोष कुमार, प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर सुप्रिया वर्मा आदि मौजूद थे।

## अली इंटर कॉलेज का रिजल्ट बेहतर रहा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविध परिषद ने 2024 का 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है इसी कड़ी में बुंडू के अमानत अली इंटर कॉलेज का तीनों संकायों में रिजल्ट बेहतर रहा इंटर कला संकाय में 96 प्रतिशत वाणिज्य संकाय में 90प्रतिशत विज्ञान संकाय में 84प्रतिशत रिजल्ट रहा अमानत अली इंटर कॉलेज में विज्ञान में मानसिंह महतो 462 अंक लाकर प्रथम तथा आयुष कुमार मांझी 456 अंक लाकर द्वितीय एवं अनीश कुमार मांझी 455 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कला में निभा कुमारी 411 अंक लाकर प्रथम चमेली कुमारी 409 अंक लाकर द्वितीय तथा रमा कुमारी 407 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया इनकी सफलता को लेकर अमानत अली इंटर कॉलेज के निर्देशक अल अली अराफात ने इनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल विद्यार्थी सम्मानित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय मे मंगलवार को वंदना सभा के दौरान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे उत्तीर्ण हुए छात्र/छात्राओ को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रचार्या गणेश कुमार महतो और संचालन शिक्षक ओंकार तिवारी ने किया। कार्यक्रम मे गायत्री परिवार से मिथिलेश कुमार, राजू कुमार और मुकेश कुमार मुख्य रूप से मौजुद थे। स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्कूल से कक्षा पांच से पवन कुमार और बंटी कुमार प्रथम, कक्षा छः से रोशनी कुमारी प्रथम, कक्षा सात से अंतरा कुमारी प्रथम,कक्षा आठ से सुहानी कुमारी प्रथम, कक्षा नवम से सूरज कुमार व नीतू कुमारी प्रथम, कक्षा दस से दिव्या कुमारी प्रथम,कक्षा ग्यारहवीं से रोशनी कुमारी प्रथम और कक्षा बारहवीं से सुमन कुमारी प्रथम स्थान पर रही।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शिक्षक-अभिभावक की हुई बैठक

## बच्चों के पठन-पाठन और अनुशासन पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को शिक्षक और अभिभावक की एक आवश्यक बैठक प्राचार्य आरबी प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक मे बच्चो के पठन-पाठन सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक तीन चरणो मे हुई। पहले चरण मे कक्षा तीन से पांच तक के बच्चे और अभिभावक बैठक मे शामिल हुए। वही दुसरे चरण मे कक्षा छः से आठ और तीसरे चरण मे कक्षा नवम से बारहवी तक के बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन और अकादमिक पढ़ाई लिखाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जायेगा। इस दौरान बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने बारी-बारी से अपनी समस्या को रखा, जिस पर प्राचार्य ने जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। साथ ही सभी अभिभावक से स्कूल के बेहतर संचालन में सहयोग करने की अपील की। बैठक में बढ़ती गर्मी को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा कक्षा केजी से लेकर आठवी तक के कक्षा को बन्द करने के आदेश की जानकारी दी गयी। साथ ही से कक्षा एलकेजी से आठवीं तक ऑनलाइन पढ़ाई चालू करने का निर्णय दिया गया। बैठक मे प्राचार्य आरबी प्रसाद, शिक्षक एके लाल, जीएसपी शर्मा,एसके पाण्डेय,एपी द्विवेदी, सीएस सिंह,मोहम्मद शाहीद, प्रेमसागर, सुमित कुमार के अलावा अभिभावको मे शिशिर गर्ग, डॉ सारिका सिंह, निशांत कुमार, कौशल्या देवी, पिंकी सोनी, मन्टु यादव, दिलिप महतो, राहुल पांडेय, बिजय कुमार,चंडी शाखा सहित काफी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा थाना के गौरबेड़ा गांव में मंगलवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों में गौरबेड़ा गांव के दशरथ महतो की बेटी खुशबू कुमारी (सात वर्ष) तथा राजकुमार महतो(नौ वर्ष) शामिल है।. राजकुमार गुमला जिले के नारेकेला गांव के हरिश महतो का पुत्र था। वह गौरबेड़ा गांव में अपने नाना के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। दोनो बच्चे गौरबेड़ा स्कूल में पढ़ते थ। जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे दोनों स्कूल के पीछे मैदान में खेल रहे थे। इसी बीच खेलते-खेलते तालाब की ओर चले गये। वहां एक बच्चा नहाने के लिए तालाब में गया। नहाने के क्रम में वह डूबने लगा। इसे देख इसी बीच दूसरी बच्ची उसे बचाने गय्री. इसी क्रम में दोनों ही तालाब में डूब गये। ग्रामीणों को जानकारों मिलने पर तालाब के पास जमा ग्रामीणों ने मिलकर दोनों बच्चों के शव को बाहर निकाला। बच्चों की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर झामुमो नेता सुदीप गुड़िया रात मे गौरबेड़ा गांव पहुंचे और दोनों शोक संतप्त परिवार वालों से मलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया।

### अपहृत नाबालिग लड़की बरामद, आरोपित दो सगे भाई गिरफ्तार

खूंटी। शादी की नीयत से तोरपा थाना क्षेत्र से अपहृत एक नाबालिग लड़की कों पुलिस ने नामकुम थाना के तैमारा हुआंगहातू से बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहरण के आरोपित सिंहराय नाग उर्फ सिगरेन लोहरा और उसके भाई मांझी नाग उर्फ माझी लोहरा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग के अपहरण को लेकर 19 अप्रैल को नाबालिग के स्वजनों द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जानकारी के अनुसार एसपी अमन कुमर को लड़की के तैमारा क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। उन्होंने तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तोरपा थाना पुलिस ने हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अपहत लड़की को बरामद कर लिया।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सलगाड़ीह तमाड़ का कला का रिजल्ट 100प्रतिशत रहा। मालूम हो कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ से 61 छात्राओं ने इंटर कला का परीक्षा लिखी थी जिसमें 56 छात्राएं फर्स्ट डिवीजन और पांच छात्रा सेकंड डिवीजन में उत्तीर्ण हुई है। ज्योति कुमारी 409 अंक 81.8प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त की है। वहीं सुषमा कुमारी 397 अंक 79 .4प्रतिशत लाकर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त की है। तथा आरती कुमारी और किरण कुमारी 396 अंक 79 .2प्रतिशत लाकर विद्यालय में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त की है। **विद्यालय की वार्डन रीता** : बड़ाइक सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और शिक्षककर्मचारियों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

## झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का जैक 12वीं बोर्ड कला संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

### नेहा कुमारी 387 अंक प्राप्त कर 77.4 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 का परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। जिसमें झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी में कला संकाय का परीक्षा परिणाम षत प्रतिषत रहा। विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी 387 अंक प्राप्त कर 77.4 प्रतिषत के साथ विद्यालय की टॉपर रही। वहीं द्वितीय स्थान पर रही सरिता कुमारी को 74.8 प्रतिषत अंक तथा तृतीय स्थान पर रही अंजली कुमारी को 74 प्रतिषत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय की कुल 28 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। जिसमें सभी उर्तीण हुए। विद्यालय के बेहतर रिजल्ट पर विद्यालय की प्राचार्या लालमुनी मुंडा ने विद्यालय के षत प्रतिषत परीक्षा परिणाम पर उर्तीण हुई सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविश्य की कामना की और शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

## तीन मई तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण पूरा करें : के रवि

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को खूंटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केंद्रों और घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक संपन्न और किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और कार्य में तेजी प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है, लेकिन खराब प्रदर्शन अथवा कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जायेगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और ससमय निर्वाचन कार्य पूर्ण करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा भरे गये प्रपत्रों की जांच की। उन्होंने खूंटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा रोड स्थित मतदान केंद्र पर बीएलओ से मुलाकात की और लोकसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (गर्ल्स), खूंटी एवं सामुदायिक भवन नामकोम स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप, मतदान केंद्र जागरूकता समूह की अद्यतन जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने तीन मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। चेकपोस्ट पर तैनात जवानों और दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नजर रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया।

## बच्चों के कौशल विकास के लिए खूंटी में आठ दिवसीय समर कैंप 17 मई से

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी और खूंटी राइफल शूटिंग क्लब के तत्वावधान में आगामी 17 से 24 मई तक खूंटी में समर कैंप सह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के कौशल विकास के लिए आयोजित द्वितीय समर कैंप सह प्रतियोगिता के माध्यम से तीरंदाजी अकादमी में पांच साल के ऊपर और राइफल एवं पिस्टल शूटिंग में नौ साल से ऊपर के बालक-बालिकाओं का चयन किया जायेगा। समर कैंप में तीरंदाजी और राइफल शूटिंग के अलावा शारीरिक प्रशिक्षण, मनोरंजक गतिविधियां, योग आदि की कक्षाएं शामिल होंगी। इसके लिए प्रतिदिन सुबह छह से आठ बजे और शाम चार से छह बजे तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। समर कैंप का हिस्सा बनने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 15 मई है। इसके लिए खूंटी जिले के बच्चों का शुल्क 1000 रुपये और खूंटी जिले के बाहर के बच्चों के लिए 1500 रुपये निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षक बसंत कुमार (एनआइसी कोच) के मोबाइल नंबर 7004941546 और राइफल क्लब प्रशिक्षक अनुज कुमार (एनआईसी कोच) के मोबाइल नंबर 8340757924 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में छात्र और छात्राओं ने लहराया परचम

## बेड़ो और टेरो प्लस टू विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा जारी किये गये 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो और टेरो के छात्र व छात्राओं ने परचम लहराया है। विद्यालय के अच्छे प्रदर्शन से छात्रों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है। जहां प्लस टू बेड़ो से विज्ञान संकाय में आदित्य राज 87% अमीषा कुमारी 86% और सोमनाथ उरांव 83% वाणिज्य संकाय में मंजू कुमारी 79%, प्रिया सिंह 76% और दीपाली केरकेट्टा 74% कला संकाय से संदेश कुमार 86% अल्बिस कुजूर 81% और उन्नती कुमारी 80% वही प्लस टू टेरो से कला संकाय में उमेश महतो 78% विष्णु कुमार साहू 73% व प्रकाश उरांव 69% वाणिज्य में निखिल गोप 71% और गौरव पाठक 69% लाकर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेनरीता मिंज व कलावती कुमारी शिक्षक अक्षय दुबे और शिक्षक और शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हम आशा करते हैं कि ये बच्चे भविष्य में अपने समाज तथा देश के लिए अच्छा करेंगे। हम इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

## इंटर साइंस में एसएस उवि चिलदाग के दो विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



दीपक कुमार महतो



अंबिका कुमारी

**अनगड़ा।** एसएस प्लस टू उवि चिलदाग के विद्यार्थियों ने इंटर साईंस की परीक्षा में अपना परचम लहराते हुए राज्य स्तर पर टॉप टेन में अपनी जगह बनायी। इस विद्यालय के छात्र दीपक कुमार महतो और छात्रा अंबिका कुमारी नें इंटर साईंस की परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे अनगड़ा क्षेत्र के लोगों को गौरवान्वित किया है। दीपक कुमार महतो को 469 अंक तथा अंबिका कुमारी को भी 469 अंक प्राप्त हुए। दीपक कुमार महतो गेतलसूद सकरजारा का रहने वाला है। इसके पिता कैलाश महतो साधारण किसान हैं। दीपक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद से मैट्रिक की परीक्षा पास किया था। इधर आशीष कुमार महतो 458 अंक के साथ विद्यालय का दुसरा टॉपर और किरण कुमारी 450 अंक के साथ तीसरी टॉपर बनी। इंटर कला में आरती कुमारी प्रथम, अंजली कुमारी द्वितीय और ममता कुमारी तृतीय विद्यालय टॉपर बनी। वाणिज्य संकाय में प्रथम अंकित चैधरी द्वितीय नीशु कुमारी और तृतीय टॉपर पींकी कुमारी बने। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती संगीता रवि नें रिजल्ट को शानदार बताते हुए इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटीसिलवे के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटीसिलवे के कला एवं वाणिज्य संकाय का रिजल्ट बेहतर रहा। कला संकाय में 304 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें 171 प्रथम श्रेणी से तथा 127 छात्र द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। छात्र अविनाश कुमार महतो नें 409 अंक लाकर कॉलेज का प्रथम टॉपर, सूरज कुमार 391 अंक के साथ द्वितीय टॉपर और जॉनसन कच्छप 387 अंक लाकर तृतीय टॉपर बना। वहीं वाणिज्य संकाय में 37 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें 22 प्रथम श्रेणी से तथा 13 द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। डॉली करमाली 403 अंक लाकर कॉलेज की प्रथम टॉपर, शबनम कुमारी 384 अंक के साथ द्वितीय एवं विशाल भगत 373 अंक के साथ तृतीय टॉपर बने। कॉलेज के अध्यक्ष डॉ लालमणी प्रसाद, सचिव नवनीत सिंह एवं प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा नें सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय इंटर का रिजल्ट रहा 95.62%

आजाद सिपाही संवाददाता





**लापुंग।** लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग का कला सकाय का रिजल्ट 95.62 प्रतिशत परीक्षार्थी इंटर परीक्षा उत्तीर्ण हुए। सुधा कुमारी विद्यालय टॉपर 85. 59 प्रतिशत लाकर विद्यालय का प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान निर्मला कुमारी 80.60%, तृतीय स्थान सतीश सोनी 80%, चतुर्थ स्थान पुजा कुमारी 78.60%, पांचवा स्थान विकलांग मांगरा उरांव 77.80% लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल परीक्षार्थी 183 में 175 उत्तीर्ण, प्रथम श्रेणी 129, द्वितीय 45, अनुतीर्ण 8 हुए। आंख से विकलांग मंगरा उरांव गांव बिरामकेल का कम दिखने के बावजूद विद्यालय में पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह जानकारी विद्यालय प्राचार्या अमरेंद्र कुमार राय ने दिया।

## संतअन्ना इंटर कॉलेज मांडर का रिजल्ट रहा शानदार

आजाद सिपाही संवाददाता



नमन आर्या

उषा खलखो

पायल कुमारी गुप्ता

**मांडर ।** संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर में आट्र्स का रिजल्ट शानदार रहा। उषा खलखो 434 (86.8%) अंक के साथ कॉलेज टॉपर रही, साथ ही अंकित उरांव 430(86%) द्वितीय स्थान और खुशबु परवीन 423 (84.8%) तृतीय स्थान पर रही। आट्र्स में कुल 123 छात्रों ने परीक्षा दिए थे, जिसमें से 97 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 23 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से पास हुए और दो छात्र अनुपस्थित और एक छात्र फेल रहा। जबकि साइंस में नमन आर्या 409 (81.8%) कॉलेज टॉपर पलक कुमारी गुप्ता 397 (79.4%) द्वितीय स्थान और नेहा परवीन 387 (77.4%) लेकर तीसरे स्थान पर रही। कॉमर्स का भी रिजल्ट शानदार रहा, पायल कुमारी गुप्ता 447 (89.4%) प्रथम स्थान, रानी कुमारी गुप्ता 426 (85.2%) द्वितीय स्थान और अनीश कुमार 393(78.8%) तृतीय स्थान पर रहा। कॉमर्स में 95.65% रिजल्ट रहा, कुल 69 छात्रों ने परीक्षा दिया, जिसमें 48 छात्र प्रथम श्रेणी, 18 द्वितीय श्रेणी और 03 छात्र असफल रहें। संत अन्ना इंटर कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने छात्र- छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले शैक्षणिक सत्र में और बेहतर रिजल्ट के लिए प्रयासरत है।

## जनता प्लस-टू उच्च विद्यालय खलारी के अंकुश चौहान बने वाणिज्य संकाय टॉपर

विद्यालय में कला का 90.63 प्रतिशत, वाणिज्य का 95.24 प्रतिशत और विज्ञान का 36.84 प्रतिशत रिजल्ट रहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झारखंड अधिविद्य परिषद के 12वीं वाणिज्य संकाय में जनता प्लस-टु उच्च विद्यालय खलारी के अंकुश चौहान 431 अंक (86.2 प्रतिशत) अंक लाकर अपने विद्यालय के टॉपर रहे। अंकुश को अंग्रजी में 86, एसीटी में 95, बीएसटी 82, ईटीपी 88, इकोनामिक्स में 80 अंक मिले हैं। दूसरे स्थान पर रहे कैफी नाज को 413 तथा तीसरे स्थान पर रहे नावेद खान को 376 अंक प्राप्त हुए हैं। वाणिज्य में कुल 21 परीक्षार्थियों में 13 प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। वाणिज्य संकाय का रिजल्ट 95.24 प्रतिशत रहा। वहीं दीपक कुमार साह विज्ञान संकाय में स्कूल टापर रहे। दीपक को कुल 356 (71.2 प्रतिशत) अंक प्राप्त हुए हैं। उसे अंग्रेजी में 73, फिजिक्स में 75, केमिस्ट्री में 69, गणित में 83 तथा बायोलाजी में 56 अंक प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा द्वितीय टॉपर मुस्कान कुमारी को 314 तथा तीसरे स्थान पर रहे शुभम वर्मा को कुल 301 अंक प्राप्त हुए हैं। विद्यालय में विज्ञान में कुल 19 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें मात्र 7 बच्चे उतीर्ण हो सके हैं। कला संकाय में 399 (79.8 प्रतिशत) अंक लाकर अक्षय कुमार विद्यालय टॉपर बने हैं। अक्षय को अंग्रेजी में 78, हिंदी 76, इतिहास 79, पालिटिकल साइंस 81, भूगोल 85 व आईटीएस में 91 अंक मिल हैं। दूसरे स्थान पर रही तब्बू परवीन को 368 तथा तीसरे स्थान पर रही भूमिका कुमारी को कुल 362 अंक प्राप्त हुए हैं। कला संकाय में कुल 256 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें 35 बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। कला संकाय का रिजल्ट 90.63 प्रतिशत रहा। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य पुष्पा प्रसाद ने बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दिया है।

### ज्ञान भारती करकट्टा विद्यालय की रूपांजली की रहीं टॉपर

**खलारी।** जैक 12वीं परीक्षा परिणाम 2024 में ज्ञान भारती उच्च विद्यालय करकट्टा का परिणाम उत्कृश्ट रहा। विद्यालय के कुल 11 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें वाण्जिय संकाय में 1 और कला संकाय में 10 परीक्षार्थी थे। परीक्षा परिणामों में 3 छात्र प्रथम श्रेणी में तथा 7 छात्र द्वितीय श्रेणी में उर्तीण हुए। विद्यालय की छात्रा रूपांजली कुमारी ने 343 अंक (68.6 प्रतिशत) अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही। रूपांजली को अग्रेजी में 55, हिन्दी में 73, वाणिज्य में 70, इतिहास में 67, भुगोल में 78 और पीएसवाई में 70 अंक प्राप्त हुए।

## रातू लॉरेंस इंटर कॉलेज की छात्रा दिव्या कुमारी 431 अंक लेकर बनी स्कूल टॉपर



Divya Kumari
86.20%

**रातू (आजाद सिपाही)।** जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 12 वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी किया गया। जिसमें लॉरेन्स इंटर कॉलेज हुरहुरी के छात्र- छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। कॉलेज के 407 छात्र- छात्राओं में 360 ने फस्ट व 108 ने सेकेंड डिवीजन से उतीर्ण हुयी। साइंस की छात्रा दिव्या कुमारी 431 अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वही आट्र्स की छात्रा उम्मे सुमिया 409 व कॉमर्स के छात्र अरुण राज तिग्गा 402 अंक लाकर फस्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुई। विद्यालय का परिणाम 85 प्रतिशत रहा। साइंस में 85 छात्र-छात्राये फस्ट, 10 सेकेंड व आट्र्स में 165 फस्ट,98 सेकेंड व 2 छात्र थर्ड डिवीजन से पास हुई। कॉलेज के प्रिंसिपल सोनू खान व शिक्षक - शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गृह मंत्री का फेक वीडियो के मामले में भाजपा ने अरगोड़ा थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल अरगोड़ा थाना पहुंच कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का फेक वीडियो वायरल करने के आरोपी शैलेंद्र हाजरा और रूपेश रजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। भाजपा जनता युवा मोर्चा के कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो ने यह प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस मौके पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि देश के गृह मंत्री का जिस तरह फेक वीडियो वायरल हो रहा है, उस वीडियो की पेन ड्राइव को भी थाना मे दिया गया है। यह वीडियो न सिर्फ आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि यह वीडियो देश में अशांति फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। आरक्षण जैसे मुद्दे पर अमित शाह जी ने कभी नहीं कहा कि इसको खतम कर देंगे, यह वीडियो न सिर्फ अमित शाह की व्यक्तिगत मानहानि है, बल्कि यह देश के सामने गलत तथ्य रखने का प्रयास भी है। पीड़ित संजय महतो ने बताया कि इस कांड से न सिर्फ अमित शाह की छवि धूमिल हुई है, बल्कि पार्टी की भी छवि पर धक्का लगा है। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, संजय महतो, रोमित नारायण सिंह, पवन पासवान।

## बांध टोली रोड में महिला से चालीस हजार रुपये छीनकर आरोपी फरार



पीड़िता गीता देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के बांध टोली रोड में पल्सर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने एक महिला से चालीस हजार रुपये छीन कर फरार हो गये। इस संबंध में नगड़ी बांध टोली निवासी महिला गीता देवी, पति-आनंद लोहरा ने नगड़ी थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार गीता देवी ने बताया कि मंगलवार को 11 बजे वह और मेरी बहू फुलमनी देवी नगड़ी के एसबीआई शाखा से 40,000 हजार रुपए निकाल कर एक झोला में रख कर पैदल ही अपने घर बांध टोली जा रही थी। तभी शांति नगर में संतोष किराना दुकान के पास दो अज्ञात युवक ब्लू रंग की प्लसर 220 बाईक में सवार होकर मेरे बगल से आगे निकल गये और कुछ दूर बाद वापस मुड़ कर मेरे सामने आये और मेरे बांये हाथ में कपड़े के थैला (झोला) में रखे 41,000/- (एकतालीस हजार) रूपया को थैला समेत झपट कर छिन लिए और तेजी से नगड़ी चेक पोस्ट की ओर भाग निकले। हमें लगा कि दोनों युवक बैंक से ही उनकी रेकी कर रहे थे। महिला ने बताया कि उस थैले मे 40,000 हजार रुपया के साथ उनका पर्स रखें एक हजार रुपया, एसबीआई का पासबुक, पैन कार्ड,आधार कार्ड, पहचान पत्र और पति का भी आधार कार्ड और पहचान पत्र भी था। लूट की घटना बगल के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है। नगरी पुलिस ने बताया कि घटना के जांच शुरू कर दी है।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर केस 94/24 का पटाक्षेप किया। इस संबंध में नगड़ी थाना में कार्यरत एस आई दयानंद यादव ने बताया कि रविवार को नगड़ी निवासी रघुनंदन महतो का मोटरसाइकिल लक्ष्मण लाइन होटल के बाहर खड़ा था जो चोरी हो गया था। इस संबंध में इन्होंने रविवार को ही नगड़ी थाना में अज्ञात मोटरसाइकिल चोर के विरोध में प्राथमिक दर्ज करायी थी पुलिस ने केस को गंभीरता पूर्वक जांच शुरू की तो, पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल नरकोपी थाना क्षेत्र के टंगरा टोली निवासी इस्माइल अंसारी के पुत्र तमजीद अंसारी के पास है, तब नगड़ी पुलिस और नरकोपी पुलिस के छापामारी कर मोटरसाइकिल तमजीद अंसारी के पास मिला। नगड़ी पुलिस आरोपी तमजीद अंसारी को गिरफ्तार कर नगड़ी थाना लाया। नगरी पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद मंगलवार को आरोपी तमजीद अंसारी को जेल भेज दिया।

## नागमणि कुशवाहा चतरा लोकसभा के होंगे उम्मीदवार




**रांची (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को शोषित इंकलाब पार्टी का विलय बसपा में हो गया। केंद्रीय प्रभारी गया चरण दिनकर, प्रभारी रामबाबू चिरगइया और प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता की उपस्थिति में नागमणि कुशवाहा अध्यक्ष शोषित इंकलाब पार्टी ने हजारों कार्यकर्ताओं सहित पार्टी का विलय बहुजन समाज पार्टी में किया। नागमणि ने कहा कि आज पूरे भारत देश में बहन कुमारी मायावती जैसा राजनीतिक शख्सियत कोई दूसरा नहीं है। बहुजन समाज का नेतृत्व सिर्फ बसपा ही कर सकती है। पार्टी ने मुझे चतरा लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। भाजपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों ने कोइरी समाज का

## इटकी में अनियमित बिजली आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी पावर हाऊस से जुड़े आसपास के इलाकों में बिजली के अनियमित आपूर्ति से लोग परेशान है। खाश कर किसानों को बिजली की आंख मिचौली से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेती-बाड़ी के लायक मौसम के कारण किसान बड़ी तदाद में फसल लगा रखे है। किंतु बार-बार बिजली कट होने से फसलों की पटवन किसान समय से नहीं कर पा रहे है। जिससे तपती धुप में फसल मुरझाने लगते है। इसके लिए किसानों को रात्रि में 9:00 बजे के बाद जग कर अपने खेतों का पटवन करना पड़ता है, किसान बताते हैं कि ऐसे रात्रि में खेत में पटवन अच्छा तो रहता है, परंतु अपनी जान का डर बना रहता है। रात्रि में अक्सर जहरीले सांपो से हम लोगों का वास्ता पड़ जाता है और यह घटना आम हो गयी है। वहीं क्षेत्र के छोटे-बड़े उद्योग-धंधे में प्रतिकुल असर पड़ने लगा है। बिजली की आवाजाही से आम जन भी परेशान है। वहीं निर्धारित समय में जलापूर्ति भी बाधित हो रही है, जिसके कारण लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर पावर कट होते रहने से किसानों को अपने खेतों में स्टेबलाइज़र के साथ में बिजली से पानी मोटर चलाने की आवश्यकता पड़ जाती है। अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार हटिया ग्रिड में पावर की कमी और इटकी बेड़ो फीडर में पावर ओवर लोड के कारण बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है।

## महेशपुर स्कूल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से राजकीय मवि महेशपुर में सोमवार को नरेन आई केयर कार्यक्रम के तहत निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 78 बच्चों के आंखों की जांच की गयी तथा उनके बीच दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर आंखो की देखभाल और इंफेक्शन से बचाव के बारे में बच्चों को जागरुक भी किया गया। मौके पर नेत्र चिकित्सक, स्वामिगण, शिक्षक मदन स्वांसी, प्रयाग महतो, शिक्षिका अनामीका, सुनीता, संगीता, निशी पुष्पा, हेरेंज, अनीशा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नरकोपी में युवती ने की आत्महत्या

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरंडा पिपरटोली गांव में करीब 18 वषीर्या युवती सकुन्ती कुमारी ने अपने घर पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना सोमवार की शाम करीब साढ़े चार बजे की है। वहीं इस संदर्भ में मृतका के भाई जगदेव उरांव ने नरकोपी थाना में एक आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि उसकी बहन मृतका सकुंती कुमारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह अपनी नाना-नानी के घर पर रहती थी। वह मूल रूप से बरवाडीह, सांसग, थाना चंदवा जिला लातेहार की निवासी थी।इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी थाना के एएसआई चंदन कुमार घटनास्थल पर सदल बल पहुंचे। इसके बाद नरकोपी पुलिस ने घटनास्थल से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने चलाया जागरूकता अभियान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर देशभर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बेड़ो के भसनंदा, हरहंजी व टिकरा टोली और भरनो प्रखंड के खरका गांव में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनाने के लिए पत्रक बांटकर वोट का महत्व बताया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों में भी जागरूकता आये और वे सभी मतदान करें, जिससे शत-प्रतिशत मतदान हो पायें। मौके पर अमन कुमार, विक्रम कुमार, दिवाकर कुमार, दीपशिखा कुमारी, राम बालक सिंह, प्रियंका लकड़ा, दुर्गा महतो, ऋषभ कुमार व निकिता कुमारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रशासन ने पैदल मार्च निकाल कर शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को किया जागरूक



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी प्रखंड इ में मंगलवार को स्थानीय प्रशासन ने पैदल मार्च निकाल कर चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूक्ता अभियान चलाया। प्रखंड के बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व मे पैदल मार्च प्रखण्ड परिसर से शुरू होकर थाना चौंक होते कुंदी गांव पहुंचा पुनः वापस प्रखंड परिसर लौटा। इस दौरान मार्च में शामिल प्रखंड कुर्मी हाथों में तख्ती बैनर लेकर नारा लगाते आगे बढ़ रहे थे और मतदाताओं को अपना मताधिकार का प्रयोग करने का अपील कर रहे थे। पैदल मार्च में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, बीएसओ हेमन्त एकका, वीपीआरओ रईस मलिक, पिय रंजन धर्मदास सहित सभी बीएलओ, प्रवेक्षक और बुथ अवेयरनेश ग्रुप के सदस्य सहित कर्मचारी व अधिकारी शामिल थे। फोटो---- इटकी में पैदल मार्च निकालते बीडीओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी

## उत्साह विहीन मतदाताओं को कई हथकंडा अपना कर रिझाने में जुटे हैं नेता-कार्यकर्ता

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी क्षेत्र में जैसे जैसे चुनाव की तिथि निकट आती जा रही है लोहरदगा संसदीय (सु) सीट के इटकी प्रखंड में उत्साहविहीन मतदाताओं को विभिन्न दलों के प्रत्याशी और कार्यकर्ता कई हथकंडा अपना कर रिझाने का प्रयास तेज कर रखा है। जिन नेताओं और कार्यकताओं के चेहरे शायद ही कभी नजर आते थे, अचानक उनकी क्षेत्र में सक्रीयता बढ़ गयी है। अपने दल के प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित करने के लिए नेताओं का चुनावी दौरा धीरे-धीरे जोर पकड़ता जा रहा है। मतदाताओं को रिझाने के लिए उनके द्वारा कई तरह के सब्जबाग दिखायें जा रहे है। किंतु मतदाताओं में चुनाव को लेकर अब तक उत्साह नही दिख रही है। मतदाताओं की चुप्पी और प्रचण्ड गर्मी कार्यकर्त्ताओं के हौसले को पस्त कर दे रही है। नेताओं के चुनावी सभा हो या बैठक में बहुत कम लोगों द्वारा उनकी बात सुनने पहुंच रहे है। मतदाताओं के इस रवैये से प्रत्याशी और नेता परेशान है। फिर भी कार्यकर्ता और नेता हार नहीं मान रहे और अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए मतदाताओं के समक्ष कई हथकंडे अपना कर खुश करने में जुट गये है। आगामी 13 मई को लोहरदगा लोक सभा का चुनाव होनी है। इस बार प्रखंड के 49 बुथों पर कुल 40,251 हजार मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 20,026 जबकि 20,224 महिला मतदाता अपना वोट डालेंगे।

## बसपा पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा पहुंचे छतरपुर



आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/ पलामू।** छतरपुर में बीती रात गोली चालन के बाद गंभीर रूप से घायल संतोष साहू के परिजनों से पलामू के पूर्व सांसद सह पलामू लोकसभा के बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने मुलाकात की। पूर्व सांसद ने संतोष के परिजनों को ढांढस बंधाया और तत्काल दूरभाष के द्वारा पलामू एसपी और छतरपुर के थाना प्रभारी से बात कर अपराधियों को शीघ्र अरेस्ट करने का निर्देश दिया और कहा कि अगर इसी तरह अपराधियों का मनोबल पलामू में बढ़ता रहा तो उनकी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वे पलामू में अमन चैन कायम देखना चाहते हैं और पूर्व में भी जब वे सांसद थे तो उनकी यही कोशिश रहती थी। उन्होंने कहा कि पलामू की शांति भंग करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान के ऊपर खतरा उत्पन्न किया जा रहा है, देश की कुछ पार्टियां नहीं चाहती कि देश संविधान के हिसाब से चले और आरक्षण की व्यवस्था लागू रहे, ऐसे में लोगों को अपने विवेक का इस्तेमाल कर इस बार लोकसभा चुनाव में सही प्रत्याशी को चुनना होगा। घायल संतोष के परिजनों से मिलने वालों में पलामू के पूर्व सांसद रामेश्वर बैठा, बसपा नेता सोहेल हक, मुखीया संघ के प्रखंड सचिव चेराई पंचायत के मुखिया रवींद्र राम, सन्नी कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## शादी में नाच प्रोग्राम को लेकर मारपीट, लौटी बारात



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मोहम्मद गंज थाना अंतर्गत बरडंडा पंचायत के नवकाटोला गांव के हंसराज रजवार के बेटी की सोमवार को शादी होनी थी। बारात के पहुंचन पर लड़की पक्ष के परिजन बरातियों के स्वागत में लगे थे। इसी बीच शादी समारोह में चल रहे नाच प्रोग्राम में बारातियों के साथ बगल गांव पांती के कुछ असमाजिक तत्व के लोगों का विवाद हो गया और बाराती के साथ मारपीट करने लगे। जहां उपस्थित सभी बाराती रात में ही अपना जान बचाकर भाग गए। असमाजिक तत्वों ने लड़की को शादी में देने के लिए लाए बक्शा सहित सभी समान को बर्बाद कर दिया। बरात हैदरनगर थाना क्षेत्र के निमियां गांव से गयी थी। बाराती पक्ष के बटेश्वर रजवार व लड़का के बहनोई विकास रजवार को जम कर लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इस संबंध में लड़की के पिता हंसराज रजवार द्वारा मोहम्मद गंज थाना को सुचना दी गयी। हंसराज रजवार ने बताया कि बरात आने की खुशी में पुरे रजवार परिवार के लोग लगे हुए थे। इसी बिच पांती गांव के कुछ युवक शराब के नशे आकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के भय के कारण सभी बाराती भाग गये। उन्होंने कहा कि कोई भी बराती ना नाश्ता किया ना ही खाना खाया। हंसराज रजवार ने कहा कि अब मेरी बेटी की शादी कैसे होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी लड़की के शादी को सफल बनाने में गांव सहित आसपास के लोग खड़े होकर शादी को संपन्न कराते हैं। किंतु हमारे यहां लोग ऐसे घिनौने हरकत कर क्षेत्र व पंचायत को बदनाम कर दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से हल्दी लगी अपनी बेटी की शादी कराने व जिन लोगों द्वारा इस तरह के घिनौने हरकत करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकारी लिया है।

## पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नावाबजार मंडल के भाजपा कार्यकताओं की एक गोष्ठी इटाको बिश्रामपुर मोड़ पर संपन्न हुई। जिसमें काफी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया और भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को अपार मतों से विजय बनाने एवं आगामी 4 मई 2024को मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा पर देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र भाई मोदी जी की होने वाली जनसभा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया गया।

बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने कहा कि भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ विकसित राष्ट्र के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाना देश हित में बहुत ही जरूरी है। इस लिए पलामू लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विष्णुदयाल राम जी को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रेखा चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान,निर्मल यादव, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, सुदामा प्रसाद, जगदीश सिंह, पूर्व मुखिया गिरिवर सिंह, संजय यादव, प्रभु सिंह, सुरेश चौधरी, दशरथ यादव, अजय यादव, बिहारी सिंह, अरुण गुप्ता, भानु सिंह, राजेंद्र सिंह, सुखलाल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रचंड बहुमत के साथ देश में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : अजय दुबे

**भाजपा नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चलाया जनसंपर्क**



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** जैसे जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ रहा है। सभी पार्टी प्रत्यासी और उनके समर्थक ग्रामीण क्षेत्रों में अपने जनसंपर्क अभियान को तेज करते जा रहे हैं। मंगलवार को भाजपा नेताओं ने विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी,केतात,भंडार सहित कई ग्राम पंचायतों में पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के कार्यकाल को ऐतिहासिक करार देते हुए लोगों से समर्थन मांगा। युवा भाजपा नेता अजय दुबे ने दावा किया कि वीडी राम लगातार तीसरी बार जनता के समर्थन से सांसद बनेंगे वहीं मोदी सरकार भी प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार वापसी करेगी। भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य शम्भू शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही देश विश्वगुरु बनेगा। मौके पर विनय चौबे,पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, बैजनाथ सिंह,शशि कुमार सिंह, केयास चौधरी, धनंजय मेहता, कृष्णा विश्वकर्मा, कन्हाई चौधरी, रिंकू चौधरी, प्रेम चौधरी, अजीत चंद्रवंशी, पिंटू चौधरी, रवि विश्वकर्मा, देवलाल चौधरी, हरि उरांव, प्रयाग उरांव, राजेश भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।

## राजकीय मध्य विद्यालय में वर्ग 8 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में वर्ग-8 के विद्यार्थियों को सम्मानित कर विदायी दी गयी। यह आयोजन वर्ग सात के विद्यार्थियों द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किया गया।वर्ग सात के बच्चों ने वर्ग आठ के बच्चों को विद्यालय उपवन के फूलों का बुके देकर सम्मानित किया।सम्बोधित करते हुए वर्ग आठ के विद्यार्थियों ने कहा की। हमसब काफी सीखें हैं। शिक्षक आदर्श हैं। आजीवन प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। प्रार्थना सत्र और इसमें बताया जानेवाला जीके काफी रोचक रहा है। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने सतत आगे बढ़ने के लिये टिप्स दिया। कहा कि जो भी चीजें खासकर व्याकरण व विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को बताया गया है। सदैव रिविजन करते रहना है। ताकि विषय वस्तु पर पकड़ मजबूती के साथ बनी रहे। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने कहा कि पढ़ाई वह मूलमंत्र है जो कर्तव्य पथ पर आरुढ़ होकर उच्च कोटि का नागरिक बनने में सहायक होता है। शिक्षकों द्वारा बतायी बातों को आत्मसात करना है ताकि जीवन का उदेश्य सफल हो सके। मौके पर प्रबंधन कमिटी के अध्यक्ष राम वृक्ष राम, जुबैर अंसारी, राजेश सिंहा, सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश, कंप्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता और विद्यार्थी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को पलामू डीसी शशि रंजन व एसपी रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है,सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी।इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास,वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया।सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया। इसी तरह उन्होंने फूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट पर रहने को लेकर निर्देशित किया गया।मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## इंटर साइंस में एसबीएस कॉलेज और बालिका उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा इंटरमीडिएट की विज्ञान वार्षिक परीक्षा-2024 में हुसैनाबाद क्षेत्र का बेहतर परिणाम रहा।क्षेत्र के कई विद्यार्थियों ने पलामू टॉप -10 में स्थान लाकर नाम रौशन किया है। जिसमे महेंद्र प्रसाद महत के पुत्र मनीष कुमार ने -467 व रामप्रवेश शर्मा के पुत्र आशुतोष शर्मा ने 462 अंक लाकर पलामू टॉप -10 में क्रमशः दूसरा व चौथा स्थान प्राप्त किया है। दोनों शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय के छात्र हैं।

वही प्लस -2 बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद की चार छात्राओं ने पलामू टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। जिसमे अनिल यादव की पुत्री नेहा कुमारी- 460, निर्मल कुमारी की पुत्री निशा रानी- 457, ललन मेहता की पुत्री खुशबू कुमारी - 456,अनूप कुमार सिंह की पुत्री खुशी कुमारी-454 अंक का नाम शामिल है।

निशा रानी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार की पुत्री है।उसके पिता व माता संगीता देवी ने बताया कि वह शुरू से ही अपने कार्यो के प्रति सजग रही है।दशवी बोर्ड में भी उसने 96 प्रतिशत अंक अर्जित किया था।अपने सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को देते हुए निशा ने बताया कि डॉक्टर बनकर गरीब गुरबों की सेवा करना मेरा लक्ष्य है।उसने कहा कि परिश्रम कभी बेकार नही जाती। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एसबीएस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 संजय कुमार सिंह, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सिंह, प्रो0 मुन्ना सिंह, जुबैर अंसारी, राजेश गुप्ता, सुनील कुमार, कन्हैया प्रसाद, अंगद प्रसाद समेत कई प्रबुद्ध लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डिजिटल वार्षिक परीक्षा परिणाम पत्र का किया गया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/ पलामू।** मंगलवार को सतबरवा प्रखंड के धावाडीह संकुल अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौरंगा एवं प्राथमिक विद्यालय खपरिया टोला करमा में शिक्षक - अभिभावक गोष्टी का आयोजन किया गया, साथ ही राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया डिजिटल वार्षिक परीक्षा परिणाम पत्र वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव, प्रखंड साधन सेवी शमशाद अहमद, सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा उपस्थित थे। इस दौरान मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि हमारे पंचायत के बच्चे डिजीटल वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाकर अपने विधालय औरप पंचायत का नाम रौशन कर रहे हैं यह हमारे लिए गर्व कि बात है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जुम्मन मियां, शिक्षक सलीमुद्दीन अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, कुतबुद्दीन अंसारी मालती देवी और अभिभावक उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



**झारखंड दल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए आठवीं लेजर रन फेडरेशन प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण 5 रजत 4 कांस्य जीते**

## झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन, 9 स्वर्ण, 7 रजत, 8 कांस्य पदक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मॉडर्न पेंटाथलॉन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित आठवीं लेजर रन प्रतियोगिता 2024 का आयोजन अमरावती स्टेडियम में 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक गयी थी। इस प्रतियोगिता में झारखंड दल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए आठवीं लेजर रन फेडरेशन प्रतियोगिता 2024 में 5 स्वर्ण 5 रजत 4 कांस्य जीते वहीं ग्लोबल रन प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण 2 रजत 4 कांस्य जीते और इसके साथ कुल पदक 9 स्वर्ण 7 रजत 8 कांस्य पदक लेकर झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन।

इस ऑफर पर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक शिवा कुमार महतो, तकनीकी अधिकारी अभिषेक कुमार, मैनेजर जयराम भगत और टीम के सभी सदस्यों को मॉडर्न पेंटाथलों एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव शैलेंद्र पाठक एवं झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर मधुकांत पाठक कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुब पाकुड़ जिला संघ के रणवीर सिंह धनबाद जिला संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

उक्त जानकारी महासचिव शैलेन्द्र पाठक मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने दी।

## जोस बटलर करेंगे कप्तानी, जोफ्रा आर्चर की वापसी




**एजेंसी।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम का ऐलान हो गया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (एउइ) ने मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम घोषणा की है। जोस बटलर कप्तान होंगे। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की टीम में वापसी हुई है। आर्चर चोट की वजह से लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे थे।

## रोड नहीं, तो वोट नहीं का लगाया पोस्टर

## बीडीओ ने वोट करने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड/ पलामू।** रोड की जर्जर हालात को देखते हुए उंटारी रोड प्रखंड के अंतर्गत करकटा गाँव के ग्रामीणों ने रोड़ नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लगा कर वोट बहिष्कार की चेतावनी दी है। इसकी जानकारी जैसे ही प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू को मिली उन्होंने सोमवार शाम को करकटा पहुंच कर ग्रामीणों से मिली और ग्रामीणों को समझा बुझा कर पोस्टर हटवाया। पोस्टर हटाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन में हमारी मांगों को नहीं माना गया तो पुनः हमलोग पूर्ण रूप से वोट का बहिष्कार करेंगें। इस सम्बंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार करने की जानकारी मिलने के बाद मैं यहाँ आयी। और मैं रोड़ की स्थिति को तो वह दयनीय है इस लिए ग्रामीणों का गुस्सा जायज है। परंतु जो भी प्रॉब्लम है प्रतिनिधियों से है प्रशासन से किसी भी प्रकार का कोइ इसू नहीं है और वोट बहिष्कार कर इसका निवारण नहीं हो सकता। इनकी मागों को सुना जाएगा और ग्रामीणों की हर संभव मदद की जाएगी। वहीं फि लहाल ग्रामीणों को समझा कर वोटिंग के लिए राजी किया गया है। ग्रामीण वोट का बहिष्कार नहीं करेंगे। मौके पर उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह,एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस बल और ग्रामीण मौजूद थे।

# नरेंद्र मोदी की सरकार में योजनाओं में कट मनी नहीं लगती, पूरा पैसा खाते में आता है : भजन लाल शर्मा

## धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील

- विपक्ष भगवान राम को काल्पनिक बताता है
- कश्मीर में धारा 370 हटाने पर एक कंकड़ भी नहीं चला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 30 अप्रैल को धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने धनबाद में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद इस देश के भीतर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2014 से पहले देश की स्थिति सभी ने देखी होगी। भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार होते थे। भ्रष्टाचार भी ऐसे होते थे कि उसे गिना नहीं जा सकता था। 2014 से पहले देश के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे। सरहद से सैनिकों का सिर काट कर ले जाते थे। वर्ष 2014 के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गयी है। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों का कोई बैंक खाता नहीं होता था। गरीब बैंक की चौखट पर भी पैर नहीं रख सकता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका खाता बैंक में खुलवा कर कट मनी पर अंकुश लगाया। झारखंड में कट मनी ज्यादा चलती थी। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि हम एक रुपया भेजते हैं, गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता था। आज प्रधानमंत्री 100 डालते हैं, तो खाते में पूरे के पूरे पैसे आते हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि मिलती है। कहीं कोई कट मनी नहीं लगती है। यह 2014 के बाद का परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि पहले माता-बहनें परेशान रहती थीं। शौच के लिए रात होने का इंतजार करती थी। भोर होने से पहले जाती थीं। माता बहनों को शौचालय देकर सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। मां बहनें खाना बनाने में परेशान रहती थी। बारिश में यह बढ़ जाती थी। आंख और फेफड़ों में धुआं जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला का कनेक्शन देकर मां-बहनों को सम्मान देने का काम किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद विकास की रफ्तार में तेजी आयी। 6 लेन की सड़कें बन रही है। रेलवे में भी ऐतिहासिक विकास हुआ है। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अस्पतालों की संख्या बढ़ कर पांच गुनी हो गयी है। दुनिया के भीतर भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले पिछड़ा, दिनहीन भारत का चेहरा विश्व में दिखता था। आज सारी दुनिया भारत की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखती है। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच में फंसे भारत के नौजवानों को सुरक्षित निकालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान में 25 में से 25 सीटें लोकसभा में आ रही है। इस बार झारखंड में भी 14 में से 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की होने वाली है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर चलती है। शर्मा ने कहा कि विपक्ष कहता था कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 नहीं हटेगी। खून की नदियां बह जायेगी। जो लोग ऐसा कहते थे, उनको जवाब मिल गया। धारा 370 हटाने के बाद वहां एक कंकड़ भी नहीं फेंका गया। जब हम कहते थे कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। विपक्ष वाले कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। अब भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। विपक्ष ने भगवान राम को काल्पनिक बताने का काम किया। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी स्वीकार नहीं किया। जो भगवान राम के नहीं है, तो राम उनके कहां से रहेंगे। झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा की सरकार बनेगी।



### राज्य में भाजपा सरकार बनने पर धनबाद से गुंडागर्दी खत्म होगी : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक वोट से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। इस गर्मी और विपक्ष की चुनौती को भी स्वीकार करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहने पर सरहद की सुरक्षा मजबूत हुई। आम लोग भय मुक्त होकर जीवन बसर कर रहे हैं। धनबाद शहर में आज लोग भयभीत हैं। यहां से आये दिन हत्या की खबर आती है। रंगदारी मांगने की खबर आती है। जनता को इतना विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में छह महीने बाद भाजपा की सरकार बनने पर धनबाद में चल रही गुंडागर्दी को रातों-रात खत्म कर दिया जायेगा। आम जनता के सहयोग से ही यह संभव हो सकेगा। इसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव से करनी है। भाजपा की सरकार बनने पर राज्य का विकास होता है। जनता का विकास होता है। इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर लोग अपना विकास करते हैं। परिवार का विकास करते हैं। देश के लिए, गरीबों के लिए, राज्य के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। देश में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट दें।

### प्रधानमंत्री ने सिंदरी खाद कारखाना को पुनर्जीवित करने का ऐतिहासिक काम किया : सुदेश महतो

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि विपक्ष की कोई चुनौती यहां नहीं दिख रही है। यह चुनाव पूरे भारत के नेता का चुनाव है। एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए धनबाद से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। विपक्ष के पास नेता का कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। जिस गठबंधन का कोई चेहरा नहीं, तो उसे वोट नहीं। यही मानकर जनता को वोट करना है। देश प्रधानमंत्री चुनने निकला है और प्रधानमंत्री ऐसा चाहिए जो 10 साल से परखा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंदरी कारखाना को पुनर्जीवित कर ऐतिहासिक काम किया है। आईएसएम को आईआईटी का दर्जा देने का काम किया है।

### नरेंद्र मोदी को देश तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनाना है : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधान सेवक चुनने के लिए मतदान करना है। हर परेशानी को दरकिनार कर शत प्रतिशत मतदान का प्रयोग कर धनबाद से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। विरोधियों के दांत पहले ही खट्टे थे। जनता ने उनके दांतों को और खट्टा करने का काम किया है। उसके हौसले को पस्त करने का काम किया है।

### ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा : ढुल्लू

प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि एक मजदूर के बेटा को भारतीय जनता पार्टी ने धनबाद से उम्मीदवार बनाया है। जीतने के बाद मैं ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक काम को धरती पर उतरने का काम करूंगा। आम जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर धनबाद सांसद पीएन सिंह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक बिरंची नारायण, राज सिन्हा, अपर्णा सेनगुप्ता, लंबोदर महतो, गणेश मिश्रा, सरोज सिंह, सुरेश साव, सत्येंद्र कुमार, रोहित लाल सिंह, श्रवण राय, संजीव अग्रवाल, राजकुमार राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## गांडेय विधानसभा में कल्पना सोरेन ने किया जनसंपर्क





धनबाद (आजाद सिपाही)। गांडेय विधानसभा के गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों और गांव-टोलों में मंगलवार को गांडेय से जेएमएम प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन ने जनसंपर्क किया। इस मौके उन्होंने लोगों से कहा कि गांडेय विधानसभा की प्रगति का एक निशान 'तीर-कमान'। गांडेय विधानसभा को प्रगति और विकास के मार्ग पर हमें मिल कर आगे ले जाना है।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्याल, रॉंची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–मारकुस कच्छप, उम्र–72 वर्ष, रंग–सॉवला ऊँचाई–5 फीट
पहनावा–हरा रंग का शर्ट एवं हरा रंग का पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति मारकुस कच्छप, पे0–प्रभु सहाय कच्छप, सा0–मलती, थाना–माण्डर, जिला–रॉची जो दिनांक–22.03.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या 18/2024 दिनांक–23.03.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी, रॉंची 9431742777
थाना प्रभारी माण्डर, रॉंची। 9431706154

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 324255 Police (24-25)_D


## सुनैना के नामांकन मे भाग लेगी यूपी किन्नर कल्याण बोर्ड की कौशल्यानंद गिरी



धनबाद। पूरे झारखंड राज्य में 1 मात्र ऐसी प्रत्याशी है जो किन्नर समुदाय से आती है और धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी ले लिया है और 3 मई को वह नामांकन करेगी। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि कई प्रत्याशियों के आला कमान के द्वारा उनके नामांकन के दौरान बड़े नेता नेताओं को बुलाया जाता है मगर धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर जिसके नामांकन के दिन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य व किन्नर अखाड़ा सनातन महामंडलेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर कौशल्या नंद गिरी किन्नर भाग लेगी उसकी तैयारी किन्नर समाज जोरों से कर रही है। यह धनबाद के लिए एक बहुत बड़ी बात है की झारखंड में पहली बार और धनबाद लोकसभा से कोई किन्नर समाज चुनाव लड़ रही है और उनके नामांकन के दौरान बंगाल और उत्तर प्रदेश बिहार समेत कई राज्यों से किन्नर समाज के लोगों के अलावे कई सामाजिक संस्था के लोग शामिल होंगे।

## छात्र-छात्राओं के इंटरमीडिएट कला संकाय की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



पूर्वी टुंडी। पूर्वी टुंडी प्रखंड स्थित बिनोद बिहारी महतो स्मारक इंटर कॉलेज बड़वाद में छात्र-छात्राओं के इंटरमीडिएट कला संकाय की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन में प्रथम में स्नेहा मरांडी, द्वितीय में बिक्रम दत्ता, तृतीय में करण कुमार ने स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्नेहा मरांडी के घर बड़बाद मे जाकर कॉलेज के प्राचार्य कार्तिक महतो ने छात्रा को सफलता पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। मौके पर कॉलेज की शिक्षक एवं छात्रा की परिवार उपस्थित थे।बड़वाद कॉलेज में कला विषय में कुल 144 छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिनमे प्रथम श्रेणी में 54 छात्र उत्तीर्ण हुए। द्वितीय श्रेणी में 83 छात्र उत्तीर्ण हुए। तृतीय श्रेणी में 1 छात्र उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय विषय पर एक ही छात्र शामिल हुए थे जो द्वितीय स्थान प्राप्त कर सफल हुए।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह ने नामांकन किया



बोकारो। गिरिडीह संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डॉ उषा सिंह ने नामांकन किया। गिरीडीह से पहला नामांकन है। मालूम हो उषा सिंह भाजपा में थी लेकिन जब यह सीट आजसू पार्टी के खाते में चला गया तो उन्होंने अपना रास्ता अलग करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल कर दिया। उषा सिंह झारखंड सरकार मे चिकित्सक के पद पर तैनात थी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जल पथ प्रमंडल सं०–2 हजारीबाग

Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/2024–2025

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सलैया के प्राथमिक विधालय में सेप्टिक टैंक, सॉकपीट एवं नलकुप सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 12,75,961.00 | 25,600.00 | 5000.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 06.05.2024 को पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 06.05.2024 अपराहन 02:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय :– दिनांक 06.05.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0 :–कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2,हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

**नोट** :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।

PR.NO.324212 Water Resource(24-25):D


## चुनाव से 24 घंटे पहले अंतर राज्य सीमा सील कर दी जायेगी: एसडीपीओ



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने मैथन स्थित अपने कार्यालय में निरसा चिरकुंडा अंचल के सभी इंस्पेक्टर और थानेदारों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समन्वय बैठक किया। जिसमें तय किया गया कि लोकसभा चुनाव से 24 घंटे पहले ही अंतर राज्य सीमा को सील कर दिया जायेगा। बाखला ने कहा कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है ।

## ढुल्लू महतो के नामांकन में रैली निकाली गयी



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनसार धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन को लेकर मंगलवार को धनबाद लोक सभा क्षेत्र के 6 विधानसभा क्षेत्रों से ऐतिहासिक जन सैलाब उमड़ पड़ा। झरिया कोयलांचल के आसपास क्षेत्रों से भव्य जुलूस की शक्ल में रैली निकली। पुराना बाजार से अखिल भारतीय खटीक समाज व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अंतर-केंद्र क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ई एस एल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी के निमित ई एस एल स्टील लिमिटेड और अन्य सभी वेदांता कंपनियां उन समुदायों की भलाई के लिए प्रयासरत है। आज बच्चों को उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में मदद करने और प्रतियोगियों के बीच उपलब्धि और गर्व की भावना पैदा करने के अलावा उनके ज्ञान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, विशेष रूप से विभिन्न ई एस एल स्टील लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्रेरणा केंद्रों (ट्यूटोरियल और ड्राइंग) एवं एक्सेल 30 क्लासेज जैसे शैक्षिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में नामांकित लोगों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन इ एस एल स्टील लिमिटेड द्वारा अपने कार्यान्वयन भागीदार सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ किया गया। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के पीछे का विचार छात्रों को अपने पाठ्य ज्ञान से परे देखने और उन्होंने जो सीखा है उसके सिद्धांत और अनुप्रयोग के बीच संबंध स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इ एस एल स्टील लिमिटेड विज्ञान प्रदर्शनी, कला शो, क्विज आदि सहित कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। ये इंटरैक्टिव मंच हैं जहां छात्र न केवल पुरस्कार लेने या प्रसिद्ध होने के लिए भाग लेते हैं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने, शिक्षाविदों से परे उत्कृष्टता हासिल करने और सुरक्षित होने के अवसर तलाशते हैं। उनका भविष्य साथ ही इनमें से अधिकांश गतिविधियां उन्हें अपने टीम वर्क कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करती हैं। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 100 लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गयी, जो प्रतियोगियों को प्रेरित करने के लिए आए थे। मोइन अंसारी, प्रिंसिपल, एमजेएम स्कूल, बिजुलिया सहित गणमान्य व्यक्ति, मनोज तिवारी, पूर्व मुखिया, चंदाहा पंचायत और संटू रॉय, उपाध्याय, किसान युवा मोर्चा ने इस तथ्य की बहुत सराहना की कि इ एस एल स्टील लिमिटेड ने अपनी सहयोगी कार्यान्वयन एजेंसी के साथ मिलकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और वे इस बात से काफी प्रभावित हुए। इस अवसर पर इ एस एल स्टील लिमिटेड के सी एस आर, इ आर और पी आर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा इ एस एल स्टील लिमिटेड हमेशा हमारे संयंत्र के आसपास के समुदायों के समग्र विकास और खुशी पर ध्यान केंद्रित करता है। हम अपने छात्रों के बीच रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की पहल प्रतिभा को आगे बढ़ाती है, टीम निर्माण प्रयासों को प्रोत्साहित करती है और एक जीवंत सीखने के माहौल को बढ़ावा देती है जो शिक्षा से परे है। हमारे पूरे इतिहास में, वर्तमान में, और भविष्य की ओर देखते हुए, इ एस एल स्टील लिमिटेड चल रहे सी एस आर पहलों के माध्यम से समुदाय की भलाई का समर्थन करने के लिए समर्पित है, जो एक खुशहाल और संपन्न समुदाय को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।




पूरी प्रतियोगिता इ एस एल स्टील लिमिटेड में सी एस आर के उप प्रमुख राकेश मिश्रा के देख रेख में की गयी। मिश्रा ने कहा कि जो कठिन प्रश्नों या चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों से प्रतियोगियों का आत्मविश्वास कम नहीं हुआ। जो अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने आए थे, उन्होंने देखा कि उनके बच्चों को किसी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं है और वे बेहद सफल आयोजन का आनंद भी ले रहे हैं। कहा कि ऐसे और भी आयोजन करते रहेंगे, जिससे बच्चों के विकास में मदद मिलेगी।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना।

उपरोक्त चान्हो थाना कांड स0–27/2020 दिनांक–13.02.2020, धारा–302/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी, पे0–स्व0 रामजी यादव, सा0–करमटेली बलसोकरा, थाना–चान्हो, जिला–रॉंची के विरूद्ध द0प्र0स0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय रॉंची के द्वारा इस्तेहार निर्गत किया गया है।

Court of Srii Ashok kumar iv JM xvii Ranchi Proclamation Requiring The Appearance of A PERSON ACCUSED
[Form no 4 Schedulll Act 2 1974] (Section 82 of the code of criminal Procedure)

एक मतहम शखत को हाजिर करने का इश्हिार
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)
चूकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

(1) नामव शिल पता–अप्राथमिकी अभियुक्त कृश्णा यादव उर्फ सुल्तान जी, पे0–स्व0 रामजी यादव, सा0–करमटेली बलसोकरा, थाना–चान्हो, जिला–रॉंची।
(2) किया है या करने का उस पर शुवहा है। जोव–मुजिब दफा मजमूअए ताबीरात हिन्द के सजा के लायक है
(3) नाम औरव–तामील वारंट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कै फियतदी गई है कि (3)
(4)फरार हुआ है या रूमेश है
ताके वारंट मजकुर उसपर पाये नही जाते है और चूंकि ब तशफ्फी हमारे साबित किया जारी न हो सके गया है कि(3) जब
(5) मोकाम
धारा–302/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट मजकुर इसलिए इश्तेहार दिया जाता है
मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
(6) इस अदालत व रूबरू मेरे 12/01/2024 अ हजुर(6) ब तारिख माह नालिस मजकुर को जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख माह सन 12.01.2024

Court of Srii Ashok kumar iv JM xvii Ranchi

अतः सभी से अनुरोध है कि यदि अप्राथमिकी अभियुक्त कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी कही मिलते/दिखते है तो इस के संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्ननांकित फोन न0 पर इसकी सूचना दे।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी रॉंची – 9431742777
थाना प्रभारी चान्हो रॉंची – 9431706189

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची।

PR.NO.324248 Police(24-25):D

# सम शीतलापल्ली परिसर में निःशुल्क शिविर लगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल के शीतलापल्ली परिसर में मधुमेह रोगियों के लिए एक पूरी तरह से मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल शिविर का आयोजन किया गया है। ब्रह्मपुर एवं आसपास के निवासियों के लिए आयोजित इस शिविर में 150 से अधिक महिला-पुरुषों ने भाग लिया। इसमें डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मरीजों का इलाज किया और उन्हें आहार, व्यायाम और स्वस्थ जीवन शैली की सलाह दी। शिविर में आये प्रत्येक व्यक्ति का रक्त नमूना परीक्षण, नेत्र जांच, रक्तचाप परीक्षण और मधुमेह के पैर की देखभाल के साथ का उपचार किया गया।

अस्पताल के निदेशक देव प्रसाद दास ने बताया कि अस्पताल अगले तीन माह तक प्रत्येक माह के चौथे रविवार को निःशुल्क मधुमेह उपचार शिविर का आयोजन करेगा। शिविर सुबह 9 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा। रविवार को शिविर में मरीजों के बीच मधुमेह के बारे में जागरूकता पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। 30 जून तक सीबीसी, एचबीएसी, एफबीएस, पीपीबीएस, किडनी फंक्शन टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल (कोलेस्ट्रॉल परीक्षण) और मूत्र आर/एम जैसे स्वास्थ्य परीक्षणों के पैकेज पर छूट दी जायेगी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ आनंद शंकर शास्त्री ने कहा कि सम हॉस्पिटल ब्रह्मपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहा है, ताकि उन्हें अब बाहर न जाना पड़े। वहीं, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अमर कुमार दास ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य मधुमेह के कारणों को जानना और रोगियों की पहचान कर इसकी जटिलताओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

इस शिविर में एंडोक्राइनोलॉजी विशेषज्ञ डॉ जीवन प्रधान और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ स्निग्धा ने मरीजों की जांच की। अस्पताल के सभी डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों ने शिविर का अच्छी तरह से शिविर का प्रबंधन किया।

# मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हिंजिली सीट से नामांकन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हिंजिली सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया है। नवीन ने बीजद उम्मीदवार विक्रम आरुख, बीजद नेता वीके पांडियन, ब्रह्मपुर सांसद उम्मीदवार भृगु बक्सीपात्र, आस्का सांसद उम्मीदवार रंजीता साहू और गंजाम जिले के अन्य बीजद उम्मीदवारों की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र जमा किया। नवीन ने छत्रपुर उपजिला कार्यालय पहुंच कर अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया। नामांकन पत्र जमा करने से पहले नवीन पटनायक ने मां तारातारिणी के दर्शन किये और उनका आशीर्वाद लिया। बीजद सुप्रीम ने तारातारिणी पीठ में कुछ देर रुक कर पूजा-अर्चना की। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार कार्यक्रम शामिल हुए। 20 मई को नवीन छठी बार चुनाव लड़ रहे हैं जबकि हिंजिली सीट पर दूसरे चरण में मतदान होना है। नवीन को इस बार 2 सीटों से उम्मीदवार बनाया गया है। बीजद सुप्रीमो हिंजिली के साथ-साथ कंटाबांजी सीट से भी चुनाव मैदान में हैं।

# बीजद के सांसद उम्मीदवार अच्युत सामंत का प्रचार अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** फूलबानी शहर में बीजू जनता दल का चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। कंधमाल लोकसभा क्षेत्र से बीजद सांसद उम्मीदवार डॉ अच्युत सामंत और फुलबानी विधानसभा क्षेत्र से विधायक उम्मीदवार जयश्री कहंर एक बाइक रैली में मादिकुंदा चॉक से निकले और बीजू पटनायक चॉक, कोर्ट चॉक और जगन्नाथ मंदिर चॉक के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डों में घूमे और बीजू जनता दल को एक बार फिर जितने के लिए लोगों का आशीर्वाद लिया। अच्युत सामंत और जयश्री कहंर ने सबसे पहले बीजू पटनायक चौक स्थित बीजूबाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहां आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए श्री सामंत ने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओड़िशा में विकास हो रहा है। सभी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से छठी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए ओड़िशा को भारत के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक बनाने के लिए अपना आशीर्वाद देने की अपील की। अच्युत सामंत ने कहा कि हम फुलबानी को एक बेहतर शहर बनाने और कंधमाल जिले को एक बेहतर जिला बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सांसद प्रत्याशी और फुलवाणी विधायिका प्रत्याशी दोनों को सहयोग और समर्थन करने के लिए दोनों को भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। इस बाइक रैली में राज्य बीज निगम के अध्यक्ष और कंधमाल जिला बीजू जनता दल के पर्यवेक्षक विजय नायक, बीजू जनता दल के राज्य महासचिव सरोज कर्ण, महिला बीजू जनता दल राज्य महासचिव पुनम कहंर, बीजू जनता दल के नेता कमलाकांत पांडे सहित सभी पार्षद उपस्थित थे। रैली में फुलबानी के 13 वार्डों से 1000 से अधिक मोटरसाइकिलें शामिल थीं।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बैठक कर चुनावी रणनीति बनायी



- अनुज कुमार चौधरी की अगुवाई में दर्जनों युवक भाजपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार विधानसभा संयोजक सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपा कार्यालय बरजो में धनवार प्रखंड के चारों मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक हुई। प्रत्येक मंडल के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रभारियों के बीच कोडरमा लोस की चुनावी रणनीति पर चर्चा की गयी। मुख्य रूप से कोडरमा सांसद सह सांसद प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के दो मई को नामांकन पर गिरिडीह जाने की तैयारी पर बातचीत की गयी। इस दौरान धनवार मायाराम टोला से अनुज कुमार चौधरी की अगुवाई में दर्जनों युवकों को भारतीय जनता पार्टी का पट्टा देकर पार्टी में शामिल करवाया गया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पवन साव, अजय रंजन, संजय साव, राजेंद्र यादव, प्रद्युम्न वर्मा, उत्तम कुमार, अशोक राय, मदन राय, पवन सिंह, प्रकाश कुमार, अरविंद कुमार, सिंटू कुमार और राम बाबू आदि मौजूद थे।

## भुवनेश्वर एयरपोर्ट से 75 लाख रुपये जब्त



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर एयरपोर्ट से 75 लाख रुपये जब्त किये गये। बताया गया है कि यह रकम दो लोगों के पास से जब्त की गयी है। सामान की स्कैनिंग के दौरान पता चला कि उसमें पैसे हैं। एक व्यक्ति दिल्ली से था और दूसरा व्यक्ति चेन्नई से था। इतने सारे पैसे कहां आ रहा था, अब तक पता नहीं है। पैसे जब्त कर आयकर विभाग जांच कर रहा है।

## दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नंदनकानन थाना पुलिस ने नंदनकानन चिड़ियाघर के उप निदेशक के कार्यालय में हुई आतंकी घटना में दो दुर्बुत को गिरफ्तार किया है। दारुठेंग गांव से दो आरोपियों को जंगल से पकड़ा। आतंक मचाने के बाद दोनों जंगल में छिप हुए थे। दोनों दुर्बुत खोबा पाहाड़ सिंह और गोबिंद साहू हैं। खोबा के नाम पर पहले से ही राजधानी के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपी सोमवार को हाथ में हथियार लेकर कार्यालय में घुसे और अधिकारी को मारने की कोशिश की और कंप्यूटर, लैपटॉप, टीवी और फर्नीचर तोड़ फोड़ दिया। दोनों आरोपी नंदनकानन अस्पताल पहुंचे और वहां भी तोड़फोड़ की।

# वेदांता एल्युमीनियम ने 'प्रोजेक्ट पंछी' पहल का किया विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा के बेलपहाड़ के लखनपुर ब्लॉक में अपने अभूतपूर्व प्रोजेक्ट पंछी पहल के नवीनतम चरण की शुरुआत की है। वेदांत समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में संकल्पित, प्रोजेक्ट पंछी एक अभिनव कॉर्पोरेट भर्ती अभियान है, जिसका लक्ष्य पूरे भारत से आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों की 1,000 लड़कियों को अपने विविध व्यवसायों में रोजगार देना है।

परियोजना के नवीनतम चरण में बेलपहाड़ जिले के लखनपुर ब्लॉक से 14 लड़कियों का चयन किया गया है। उन्हें चिंतामन प्रधान, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी, ब्रजराजनगर द्वारा उनके प्रस्ताव पत्र सौंपे गये और वी श्रीकांत, सीइओ (खान) वेदांत एल्युमीनियम द्वारा सम्मानित किया गया।

वेदांता एल्युमीनियम की खदान टीम ने पहले ही ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले से प्रोजेक्ट पंछी के उम्मीदवारों के अपने पहले बैच को उनके पहले वर्ष की शुरुआत के लिए छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ में भेज दिया है।

परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए वी श्रीकांत, सीइओ (खदान) - वेदांता एल्युमीनियम, प्रोजेक्ट पंछी महिलाओं के सशक्तिकरण को सक्षम करने और यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है कि हर लड़की, उसकी पृष्ठभूमि की परवाह किये बिना, एक पूर्ण करियर और सामान अवसर प्राप्त करें। चिंतामणि प्रधान, उपविभागीय पुलिस अधिकारी, ब्रजराजनगर ने कहा कि मैं इस परियोजना को शुरू करने के लिए वेदांत एल्युमीनियम की सराहना करता हूं और उनसे इसे और अधिक गांवों तक विस्तारित करने का आग्रह करता हूं। चयनित छात्रों में से एक के पिता प्रफुल्ल हातिपता ने कहा कि मैं इस अद्भुत पहल के लिए वेदांता एल्युमीनियम की सराहना करता हूं, जो हमारी युवा लड़कियों को उनके सपनों को साकार करने में मदद कर रही है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

राष्ट्र निर्माण में कार्यरत सभी कर्मठ श्रमिकों को
राष्ट्रीय श्रमिक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार सोनी
केन्द्रीय अध्यक्ष - मोटीया मजदूर संघ
प्रदेश महामंत्री- जदयू, झारखण्ड

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

## ट्विन सिटी में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मौसम विभाग ने भीषण गर्मी के कारण ट्विन सिटी के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। कटक और भुवनेश्वर में भीषण गर्मी की स्थिति होने की संभावना है। इसे देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस साल पहली बार राज्य में तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच गया है। मंगलवार दिन के 2:30 बजे तक वालेश्वर में तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया। इसके अलावा राजधानी भुवनेश्वर का तापमान 45 डिग्री को पार कर 45.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इसी तरह झारसुगुड़ा में 44.2 डिग्री, चंदाबाली में 43.6 डिग्री, राउरकेला और संबलपुर में 43.2 डिग्री, क्योंझर में 43 डिग्री, पूरी में 35.1 डिग्री और गोपालपुर और परादीप में 33.6 डिग्री दर्ज किया गया है। राज्य में भीषण गर्मी का दौर जारी है। बताया गया है कि अगले 3 दिनों तक प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा।

राष्ट्रीय श्रमिक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आरती यादव
रांची जिला महिला अध्यक्ष
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद साहू
राष्ट्रीय अध्यक्ष
धनंजय वर्मा
जिला अध्यक्ष मजदूर संघ
मो. एजाज आलम
प्रदेश मीडिया प्रभारी
सदान विकास पार्टी - राँची, झारखंड

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City

FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

## बालू लदा ट्रक पुल से नीचे गिरा, एक की मौत



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ढेंकनाल बालू से भरा ट्रक पुल से नीचे गिर गया, जिससे एक की मौत हो गयी। यह घटना ढेंकनाल जिले के गंदिया थाने के संथपुर गांव के पास घटी। मृतक का नाम शुभकांत बेहेरा है। वह 8वीं कक्षा का छात्र है। शुभकांत नहाने के लिए नहर पर आया था, तभी ट्रक ने उसे कुचल कर ब्रिज के नीचे पलट गया। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल
सह
डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट

Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
TOYS
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**